संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 26 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 175 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की।

आदर्श विचार

"धरती पर जिस तरह मौसम में बदलाव आता हैं, उसी तरह जीवन में भी सुख-दु:ख आता जाता रहता हैं। - भगवत गीता"

मन की बात

"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।

-स्वामी विवेकानंद"

जेल में ही रहेंगे केजरीवाल: हाईकोर्ट

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: केजरीवाल को अभी जेल में ही रहना होगा। दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत पर रोक लगा दी है। जस्टिस सुधीर कुमार जैन की वेकेशन बेंच ने कहा कि ट्रायल कोर्ट का आदेश सही नहीं है। उसे सभी दस्तावेज पर गौर करना चाहिए था। हाई कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने मनी लांड्रिंग एक्ट की धारा 45 की दो शर्तों का पालन नहीं किया है। ट्रायल कोर्ट को ईडी को दलीलें रखने का पर्याप्त मौका देना चाहिए। ट्रायल कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पहले के आदेशों को सही ढंग से नहीं लिया। हाई कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट की ओर से अंतरिम जमानत चुनाव प्रचार के लिए दी गई थी। ऐसे में उस आदेश का हवाला व्यक्तिगत स्वतंत्रता के लिए नहीं दिया जा सकता है। हाई कोर्ट ने 21 जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि ट्रायल कोर्ट का पूरा आदेश ही गलत है। ईडी के मुताबिक ट्रायल कोर्ट ने ईडी की दलीलों और साक्ष्यों पर बिल्कुल गौर नहीं किया और न ही कानून के मुताबिक फैसला दिया।

लोकसभा स्पीकर पर सहमति नहीं, आज चुनाव होगा

● बिरला के खिलाफ कांग्रेस ने के. सुरेश को उतारा; टीएमसी ने कहा- कांग्रेस का फैसला एकतरफा, स्पीकर पद के लिए आखिरी समय में बिगड़ गई बात

आज वोटिंग

विपक्षी गठबंधन ने भी स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार उतार दिया है, नहीं बनी आम सहमति

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: 18वीं लोकसभा के लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर एनडीए और इंडिया गठबंधन में रार मच गई है। आजादी के बाद पहली बार लोकसभा स्पीकर का चुनाव होने जा रहा है। विपक्षी गठबंधन ने भी स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार उतार दिया है। केरल से कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने इंडिया गठबंधन उम्मीदवार बनाए गए हैं। के. सुरेश का मुकाबला एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार ओम बिरला से होगा। बिरला 17वीं लोकसभा में भी अध्यक्ष रह चुके हैं। संसद में लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव बुधवार को होगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए आम सहमति बनाने को लेकर विपक्षी नेताओं की केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संसद में मुलाकात हुई। लेकिन इस बैठक में भी आम सहमति नहीं बन सकी। विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने राजनाथ सिंह से कहा कि हम एनडीए उम्मीदवार के समर्थन के लिए तैयार हैं, लेकिन उपसभापति के पद का क्या होगा? विपक्षी गठबंधन की मांग पर राजनाथ सिंह ने कोई जवाब नहीं दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष के नाम पर आम सहमति बनाने के लिए सभी विपक्षी दलों के नेताओं से संपर्क किया था। इसी दौरान उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी बात की थी। खरगे ने रक्षा मंत्री से कहा था कि हम एनडीए उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। लेकिन ये समर्थन हम तभी देंगे, जब विपक्ष को उपसभापति का पद मिले। इस पर राजनाथ सिंह ने उन्हें फिर से कॉल करने की बात कही थी। सूत्रों के मुताबिक राजनाथ सिंह ने विपक्ष को उपसभापति पद की मांग पर कोई आश्वासन नहीं दिया। मंगलवार सुबह लोकसभा अध्यक्ष के लिए आम सहमति बनाने को लेकर एक बार फिर विपक्षी नेताओं की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुलाकात हुई। लेकिन इस बैठक में भी आम सहमति नहीं बन सकी। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बैठक में राजनाथ सिंह ने इंडिया गठबंधन के नेताओं को बताया कि स्पीकर के लिए हम ओम बिरला के नाम पर आप सभी का समर्थन चाहते हैं। इस पर विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने कहा कि हम समर्थन के लिए तैयार हैं, लेकिन उपसभापति के पद का क्या होगा? वह पद विपक्षी गठबंधन को मिलना चाहिए। लेकिन विपक्षी गठबंधन की मांग पर राजनाथ सिंह ने कोई जवाब नहीं दिया। राजनाथ की तरफ से जवाब नहीं मिलने पर कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने उनसे कहा कि आपने कहा था कि हम डिप्टी स्पीकर को लेकर आपको मंगलवार सुबह बताएंगे। लेकिन अभी तक आपने बताया नहीं है। राजनाथ की तरफ कोई ठोस जवाब नहीं मिलने के बाद केसी वेणुगोपाल और डीएमके नेता टीआर बालू राजनाथ सिंह के कार्यालय से बाहर आ गए। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव लड़ेगा, उन्होंने सरकार पर डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को देने में आनाकानी करने का आरोप लगाया है।

ओम बिड़ला के खिलाफ प्रत्याशी उतारने पर बीजेपी खफा

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: लोकसभा स्पीकर को लेकर विपक्ष की तरफ से प्रत्याशी की घोषणा के बाद भाजपा ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को कांग्रेस को आपातकाल पर घेरते हुए उस पर जबरदस्त हमले बोले। नड्डा ने लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव में एनडीए के खिलाफ उम्मीदवार उतारने के लिए विपक्ष की निंदा की। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस ने एनडीए के ओम बिड़ला के खिलाफ अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता के. सुरेश को उम्मीदवार बनाया है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा 1975 में लगाए गए आपातकाल की 49वीं बरसी के मौके पर भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान नड्डा ने लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के मुद्दे पर कांग्रेस पर पाखंड और दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि मुख्य विपक्षी दल की मानसिकता में लोकतंत्र के लिए कोई जगह नहीं है।

नड्डा ने गिनाए किन राज्यों में विपक्ष के ही स्पीकर और डिप्टी स्पीकर: नड्डा ने सवाल किया, आज तक कभी भी लोकसभा के स्पीकर का चुनाव सशर्त हुआ है? विपक्ष कह रहा है कि डिप्टी स्पीकर तय करो तब हम स्पीकर को समर्थन देंगे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यह बात वह लोग कह रहे हैं जिन्होंने अपने शासन वाले राज्यों में खुद इसका पालन नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में तेलंगाना में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर दोनों अपने बनाए हैं। उन्होंने कहा, ह्यहकनार्टक में इनका ही स्पीकर और इनका ही डिप्टी स्पीकर है। ममता बनर्जी लोकतंत्र की बात करती हैं लेकिन पश्चिम बंगाल में भी टीएमसी का ही स्पीकर और डिप्टी स्पीकर है। तमिलनाडु में इनका

राजनाथ सिंह ने नहीं किया कॉल बैक: राहुल

मंगलवार सुबह कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार कहा था कि विपक्ष को सरकार के साथ रचनात्मक सहयोग करना चाहिए। सोमवार शाम को राजनाथ सिंह ने मल्लिकार्जुन खरगे को फोन किया और उनसे लोकसभा अध्यक्ष पद पर समर्थन देने को कहा। पूरे विपक्ष ने कहा कि हम लोकसभा अध्यक्ष का समर्थन करेंगे, लेकिन परंपरा यह है कि उपसभापति का पद विपक्ष को दिया जाना चाहिए।

कौन है इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के. सुरेश?

कोडिकुन्निल सुरेश यानी के. सुरेश केरल की मावेलिकारा लोकसभा सीट से सांसद हैं। साल 1989 से उनका इस सीट पर कब्जा है। उन्हें लोकसभा में सबसे ज्यादा अनुभव हैं। वे अब तक 7 बार सांसद बन चुके हैं। साथ ही के सुरेश कांग्रेस की सरकार में 2012 से 2014 तक राज्य मंत्री थे। साल 2018 में उन्हें केरल कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाया गया था। जाने माने दलित नेता के. सुरेश एआईसीसी के सचिव भी रह चुके हैं। जानकारी के अनुसार, के. सुरेश के नामांकन पत्र में इंडिया ब्लॉक के सहयोगी डीएमके, शिवसेना (उद्धव), शरद पवार (एनसीपी) और अन्य प्रमुख दलों ने हस्ताक्षर किए हैं। टीएमसी ने अभी तक हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

स्पीकर पद की गरिमा का ध्यान रखे कांग्रेस: रिजिजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, "पिछले 2 दिनों से हमने विपक्ष की प्रमुख पार्टियों से संपर्क किया और स्पीकर के पद को लेकर हमारी बात हुई। जब से देश आजाद हुआ है तब से लेकर आज तक कभी स्पीकर का चुनाव नहीं हुआ है और हम चाहते हैं कि स्पीकर को निर्विरोध सर्वसम्मति से चुना जाए इसलिए हमने उनसे संपर्क और अपील की। समर्थन देने की अपील की लेकिन उन्होंने कहा कि वे समर्थन देंगे पर उपसभापति का पद उन्हें चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू से की मुलाकात।



यूपी में पेपर लीक किया तो उम्रकैद तक होगी

एक करोड़ का जुर्माना भी लगेगा; योगी कैबिनेट ने अध्यादेश को दी मंजूरी; 43 प्रस्ताव पास किए

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ: उत्तर प्रदेश में परीक्षाओं को पारदर्शी और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए योगी सरकार ने एक और अहम कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक की रोकथाम के लिए अध्यादेश को मंजूरी प्रदान की गई है। इस अध्यादेश के तहत उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सजा के कड़े प्राविधान सम्मिलित किए गए हैं, जिनमें 2 साल से लेकर आजीवन कारावास तक का दंड और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने को शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार पहले भी पेपर लीक जैसे मामलों पर कड़े कदम उठा चुकी है और अब इस अध्यादेश को इसी क्रम में एक और बड़ा कदम माना जा रहा है।

भारतीय मंदिर संग्रहालय बनाएगा टाटा संस

प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में टाटा संस अपने सीएसआर फंड से भारतीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण कराएगा। इस प्रस्ताव को भी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से टाटा संस कुल 750 करोड़ रुपए खर्च करेगा। यह संग्रहाल विश्वस्तरीय होगा।

इमरजेंसी लगाने वाले संविधान पर प्यार न जताएं: मोदी

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आपातकाल के 49 वर्ष होने पर लोकतंत्र के इस काले दिन को याद किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल का काला दिवस हमें याद दिलाता है कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के उस संविधान को रौंदा, जिसका हर भारतीय बेहद सम्मान करता है।

देश को जेलखाना बना दिया था: पीएम मोदी ने कहा कि सत्ता पर काबिज रहने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और देश को जेलखाना बना दिया था। कांग्रेस से असहमत होने वाले हर व्यक्ति को प्रताड़ित किया गया। सबसे कमजोर वर्गों को निशाना बनाया गया और सामाजिक रूप से प्रतिगामी नीतियां लागू की गईं।

संविधान के प्रति प्रेम दिखाने का अधिकार नहीं: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपातकाल लगाने वालों को हमारे संविधान के प्रति अपने प्रेम को दर्शाने का कोई अधिकार नहीं है। ये वही लोग हैं, जिन्होंने अनगिनत मौकों पर अनुच्छेद 356 थोपा, प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म करने वाला विधेयक पारित किया, संघवाद को नष्ट किया और संविधान के हर पहलू का उल्लंघन किया।

कांग्रेस में आज भी वही मानसिकता: उन्होंने कहा कि जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया था।

कसा तंज

इस बार दूसरी इमरजेंसी से बचने के लिए जनता ने वोट किया: चिदंबरम

ओवैसी ने शपथ लेने के बाद लगाया जय फलस्तीन का नारा

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: लोकसभा में सांसदों का शपथग्रहण जारी है। इस बीच तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से एक बार फिर चुनकर सांसद बने असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में अपने शपथग्रहण से नए विवाद को जन्म दे दिया।

दरअसल, ओवैसी ने शपथ लेने के आखिर में जय फलस्तीन का नारा लगाया। इसे लेकर सोशल मीडिया यूजर्स ने उन पर निशाना साधा। ओवैसी ने अपनी शपथ के अंत में कहा, "जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फलस्तीन, तकबीर अल्लाह-हू-अकबर।"

पूर्व डीएमके नेता सादिक की बढ़ेंगी मुश्किलें

दिल्ली की एक अदालत ने ईडी को तिहाड़ जेल में पूछताछ करने की दी अनुमति

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अदालत ने ईडी को तिहाड़ जेल में बंद पूर्व डीएमके नेता जाफर सादिक से पूछताछ करने की अनुमति दे दी। पटियाला हाउस कोर्ट के विशेष एनडीपीएस न्यायाधीश सुधीर कुमार सिरोही ने ईडी को 25 और 26 जून को जेल में जाफर सादिक से पूछताछ करने और पीएमएलए की धारा 50 के तहत उनका बयान दर्ज करने की अनुमति दी।

ईडी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में करना चाहती है पूछताछ: अदालत ने ईडी अधिकारियों को आरोपित के बयान दर्ज करने के लिए अपने लैपटॉप, प्रिंटर और अन्य आवश्यक सामान ले जाने की स्वतंत्रता भी दी। अदालत ने जेल अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। एजेंसी ड्रग से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनसे पूछताछ करना

चाहती है।

ईडी ने कोर्ट से जेल में लैपटॉप ले जाने की मांगी परमिशन: ईडी की ओर से पेश विशेष लोक अभियोजक एनके मट्टा ने अदालत में आरोपित से पूछताछ करने की अनुमति को लेकर आवेदन दायर किया। ईडी ने अदालत से जेल में लैपटॉप और प्रिंटर अपने साथ ले जाने की अनुमति देने का अनुरोध किया। ईडी ने कहा कि आरोपित द्वारा दर्ज किए गए बयानों पर

परमिशन

ईडी को 25 और 26 जून को जेल में सादिक से पूछताछ करने और पीएमएलए की धारा 50 के तहत उनका बयान दर्ज करने की अनुमति दी

हस्ताक्षर कराने और आरोपित को डाटा दिखाने के लिए लैपटॉप और प्रिंटर ले जाने की आवश्यकता है। ईडी ने अदालत में यह भी प्रस्तुत किया कि आरोपित से आठ से दस मई को पूछताछ की गई थी, लेकिन जांच पूरी नहीं हो सकी। इससे पहले एक मई को अदालत ने ईडी को तिहाड़ जेल में जाफर सादिक और चार अन्य के बयान दर्ज करने की अनुमति भी दी थी। ईडी ने आवेदन दायर कर आरोपित जाफर सादिक, मुकेश पीयू, मुजीपुर रहमान आर, अशोक कुमार और एसजी सदानंदन के बयानों की जांच करने और उन्हें पीएमएल अधिनियम, 2002 की धारा 50 के तहत दर्ज करने की अनुमति मांगी थी।

मनी लॉन्ड्रिंग केस के तहत तमिलनाडु में कई जगहों पर की छापेमारी: ईडी ने पूर्व डीएमके सदस्य जाफर सादिक और अन्य से जुड़े ड्रग से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत तमिलनाडु में कई जगहों पर छापेमारी की थी। यह कदम ईडी द्वारा सादिक के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज करने के एक माह बाद उठाया गया है, जिसे पहले नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी मामले में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया था। ईडी ने एनसीबी द्वारा सादिक को गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज किया।

'लू' नहीं, दिल्लीवासी उमस भरी गर्मी झेलने को विवश

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दो दिन तक 40 डिग्री से नीचे रहने के बाद एक बार फिर दिल्ली का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया।

किन्तु 40 डिग्री तापमान में हीट इंडेक्स 53 तक होने के कारण अब दिल्ली वासियों को लू ना सही, उमस भरी गर्मी झेलने को विवश होना पड़ रहा है।

हाल- फिलहाल उमस से छुटकारा मिलने की कोई संभावना भी नहीं लग रही। सोमवार को सुबह से बादलों की आवाजाही लगी हुई थी।

अपने पूर्वजों के कर्मों की माफी मांगे कांग्रेस: शर्मा

टीम एक्शन इंडिया

नोएडा। आपातकाल के विरोध में भाजपा ने सेक्टर-116 स्थित कार्यालय पर काला दिवस मनाया। राज्यसभा सांसद और पूर्व उप-मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा भी पहुंचे। वहीं, सांसद डॉ. महेश शर्मा और अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। आपातकाल पर विरोध जताते हुए दिनेश शर्मा ने कहा, कांग्रेस को अपने पूर्वजों के कर्मों की माफी मांगनी चाहिए। साथ ही उन सभी के सामने नतमस्तक होना चाहिए जो उस दौरान प्रताड़ित किए गए थे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जहां आज लोकसभा में राहुल गांधी संविधान को हाथ में लेकर शपथ लेते दिखाई दिए। वहीं, वह यह भूल गए कि उनकी दादी ने उसी संविधान को तहस-नहस कर दिया था। भाजपा हर वर्ष इस दिन को

घेरा

ऐसे लोगों को आजीवन कारावास और 10 लाख रुपये का जुर्माना देना पड़ेगा। कांग्रेस जिस प्रकार से मुखौटा पहनकर घूम रही है वह जल्द ही उतरेगा

काला दिवस के रूप में ही मनाएगी। क्योंकि इस दिन को भूल पाना सभी के लिए आसान नहीं है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में कम सीटें आने पर भी उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में हमने अच्छा प्रदर्शन किया है जहां पहले नहीं किया था। उन्होंने यह स्वीकार किया कि उत्तर प्रदेश में पहले के मुकाबले तस्वीरें उलटी थीं लेकिन चुनाव परिणामों पर पार्टी की तरफ से मंथन किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी निश्चित तौर पर 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी जीत दर्ज करेगी। वहीं नीट परीक्षा को लेकर चल रहे विवाद पर भी उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के शासन काल के दौरान ही ऐसे लोगों पर शिकंजा कसने को लेकर कई कड़े नियम बनाए गए हैं जो पेपर लीक व चीटिंग जैसी गतिविधियां करते हैं।

उत्तर प्रदेश में ही ऐसे लोगों को आजीवन कारावास और 10 लाख रुपये का जुमार्ना देना पड़ेगा। उन्होंने अंत में कहा कि कांग्रेस जिस प्रकार से मुखौटा पहनकर घूम रही है वह जल्द ही उतरेगा।

दहेज में कार और पांच लाख रुपये नहीं देने पर तोड़ी सगाई

टीम एक्शन इंडिया

खोड़ा: थाना क्षेत्र की कॉलोनी में लड़के पक्ष ने सगाई के बाद दहेज में कार और पांच लाख रुपये नहीं देने पर रिश्ता तोड़ दिया। आरोप है कि आरोपी पक्ष ने सगाई का सामान वापस करके गाली-गलौज के दौरान मारने की धमकी दी। खोड़ा थाने में नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला ने शिकायत दी कि उन्होंने 24 वर्षीय बेटी की शादी के लिए सिकंदराबाद के युवक से

मुकदमा

इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

रिश्ता तय किया था। एक मई 2024 को लड़के पक्ष के घर सगाई का कार्यक्रम हुआ था जिसमें साढ़े तीन लाख रुपये खर्च हुए। इसके अलावा बेटी की मदद के लिए दहेज में जरूरत का सारा सामान भी दिया लेकिन शादी से पहले लड़के पक्ष ने दहेज में कार और पांच लाख रुपये की शर्त रख दी। दोनों पक्षों में बातचीत के लिए पंचायत बुलाई गई। वहां आरोपियों ने उन्हें गाली-गलौज करके मारने की धमकी दी। इसके बाद सगाई का सामान लौटा दिया। इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

यीडा की बोर्ड बैठक आज

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण की बुधवार को प्रस्तावित बोर्ड बैठक में 37 प्रस्तावों पर मुहर लगने की उम्मीद है। इसमें सबसे अहम जेपी इंफ्राटेक के 20 हजार फ्लैटों के निर्माण में तेजी के लिए प्राधिकरण सितंबर तक किसानों को मुआवजे के रूप में 854 करोड़ रुपये वितरित करने का प्रस्ताव रखेगा। खास बात यह होगी कि प्राधिकरण अपने स्तर से दिए जाने वाले 355 करोड़ रुपये का भुगतान एक ही बार में करेगा, जो कुल 1689 करोड़ रुपये का 21 प्रतिशत है। वहीं, सुरक्षा 490 करोड़ रुपये देगा। राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने बीते माह ही जेपी इंफ्राटेक मामले में सुरक्षा समूह के पक्ष में फैसला सुनाया था।

उत्तर मध्य रेलवे

नीलामी सूचना

वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन झाँसी पर पूर्व एवं पश्चिम कालोनी झाँसी में परित्यक्त रेलवे क्वार्टर एवं आउट हाउस की नीलामी दिनांक 09.07.2024 को होनी है नीलामी का विवरण निम्न है :-

रेलवे आवास एवं आउटहाउस का विवरण एवं संख्या

RB-I	252	D	15	F	1
RB-II	2	K	34	G	10
M	8	TYJ	2	C	9
MA	13	H	12	Outhouse	332

स्टॉक होल्डर : एसएसई/कार्य/पूर्व एवं पश्चिम झाँसी। **नीलामी की तिथि एवं समय** : दिनांक 09.07.2024 10:00 पूर्वाहन। **पेशगी राशि रु में** : नीलामी की जाने वाली राशि का 10 प्रतिशत- ₹ 1,69,222.00, **सामग्री हटाने की अवधि** : 60 दिन। **नीलामी का स्थान** : सहायक मंडल अभियन्ता (मुख्या-2) झाँसी के कार्यालय में।

नीलामी में आने वाले व्यक्ति किसी भी कार्यदिवस में आकर एसएसई/कार्य/पश्चिम/झाँसी मो0- 9794825724 एवं एसएसई/कार्य/पूर्व/झाँसी मो0- 9497838239 से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर परित्यकत किये जाने वाले रेलवे आवास एवं आउटहाउस का निरीक्षण कर सकते हैं।

टिप्पणी:- (1) नीलामी की सूचना उत्तर मध्य रेल वेवसाइट **http://www.ncr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है और इसे वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। (2) नीलामी के दिन सांविधिक कर/सभी प्रस्तावों के कार्यों करों के अनुसार मूल्यांकित होंगे। (3) बोली लगाने वाले स्वयं नीलामी के समय उपस्थित होंगे।

नीलामी से संबधित शर्तें :- (1) नीलामी डेन/मुख्यालय/जेएचएस द्वारा नामित समिति द्वारा की जाएगी और उसे किसी भी समय नीलामी रद्द करने का अधिकार होगा। (2) आम तौर पर बिक्री उच्च बोली लगाने वाले के पक्ष में की जाएगी लेकिन DEN/HQ/JHS को किसी भी समय और बिना किसी कारण के रद्द करने का अधिकार होगा। (3) नीलाम की जाने वाली सामग्री का आरक्षित मूल्य ₹ 16, 92,220.00 रूपये बोली इसी न्यूनतम मूल्य से प्रारंभ होगी। (4) नीलाम की गई सामग्री को हटाने का कार्य केवल दिन के समय किया जाएगा। रात में काम करने की अनुमति नहीं है। (5) सभी इच्छुक बोलीदाताओं को जमा रसीद भुगतान आदेश, डिमांड ड्राफ्ट के डिविजनल कैशियर और पे मास्टर (यानी DCPM/JHS) से धन रसीद के रूप में Sr.DFM/JHS/NCR के पक्ष में गिरवी रखी गई ₹ 1,69,222.00 की सुरक्षा जमा करनी होगी। टीडीआर। सिक्योरिटी मनी के ये रूप या तो एसबीआई या किसी अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक के हो सकते हैं। सुरक्षा जमा नीलामी शुरू होने से कम से कम आधे घंटे पहले यानी दिनांक- 09.07.2024 को 09:30 बजे तक ADEN/HQ-II/JHS को जमा करनी होगी। केवल वे बोली लगाने वाले, जिन्होंने नामांकित समय और तारीख तक निर्दिष्ट प्रपत्र में सुरक्षा जमा की अपेक्षित राशि जमा कर दी है, उन्हें दिनांक- 09.07.2024 को 10:00 बजे नामांकित स्थल पर नीलामी की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। निर्धारित प्रारूप में अपेक्षित सुरक्षा जमा राशि के बिना किसी भी बोली लगाने वाले को नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। (6) सफल बोलीदाताओं को स्वीकृति पत्र जारी करने के बाद असफल बोलीदाताओं को सुरक्षा जमा राशि वापस कर दी जाएगी। सफल उच्चतम बोली लगाने वाले की सुरक्षा जमा राशि बरकरार रखी जाएगी और कार्य के संतोषजनक समापन के बाद जारी की जाएगी। (7) सफल बोलीदाताओं को सामग्री का पूरा स्वीकृत नीलामी मूल्य पुरस्कार के तीन दिन के भीतर और काम शुरू होने से पहले जमा करना होगा। (8) नीलामी सामग्री को स्वीकृत बोलीदाता द्वारा अपने स्वयं के श्रम परिवहन के साथ संरचना को तोड़ने और लोडिंग और अनलोडिंग, लेवलिंग के लिए अपनी लागत पर नीलामी की तारीख से 60 दिनों के भीतर साइट से हटा दिया जाना है। राज्य/केंद्र सरकार द्वारा लगाया गया कोई भी कर। स्वीकृत बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाएगा। रेलवे इस मद में कोई भुगतान नहीं करेगा। (9) नीलाम की गई सामग्री का निपटान रेलवे भूमि के बाहर किया जाना है और वर्तमान स्थल को रेलवे प्रतिनिधि की संतुष्टि के अनुसार साफ और समतल किया जाना है। (10) यदि ठेकेदार पुरस्कार की तारीख से 60 दिनों के भीतर साइट को साफ करने में विफल रहता है, तो ₹ 1000/- रुपये प्रति दिन की दर से जुर्माना लगाया जाएगा, ठेकेदार के असफल होने पर नीलामी की तारीख से 60 दिनों से अधिक की देरी के लिए जुर्माना लगाया जाएगा। साइट से सामग्री (ईंटें/पत्थर) की अनुमति नहीं दी जाएगी, अवार्ड की तारीख से निर्दिष्ट दिन तक जब तक ठेकेदार द्वारा जुर्माने की अनुमानित राशि पूरी तरह से जमा नहीं कर दी जाती। (11) निराकरण के दौरान पाए जाने वाले सभी दरवाजे, खिड़कियां, स्टील या अन्य अनदेखी सामग्री रेलवे की संपत्ति होगी और ठेकेदार इसे एसएसई/वर्क्स/ईस्ट/जेएचएस और एसएसई/वर्क्स/वेस्ट/जेएचएस स्टोर में अपनी लागत से जमा करेगा। (12) किसी भी विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय DEN/HQ/JHS का होगा और इसे किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। **1096/24 (A)**

f North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

SEARCH FOR KIDNAPPED

MUNNI

General public is here by informed that one girl **Namely:** Munni, **D/o** Bootu Khan, **R/o** Gali No. 22, Nehru Nagar, Anand Parbat, Delhi, **Sex:** Girl, **Age:** 13 Years, **Height:** 4'5", **Complexion:** Wheatish, **Face:** Long, **Built:** Normal, **Wearing:** Pink Colour Top and Salwar has been kidnapped from F-215, A/17, Gali No. 3, Gulshan Chowk, Anand Parbat, Delhi since 11.06.2024. In this regard a **FIR No. 275/2024, U/s 363 IPC, Dated 21.06.2024** has been registered at P.S. Anand Parbat, Delhi.

Sincere efforts have been made by local police to trace out information about this kidnapped girl but no clue has come to light so far. Any person having any information or clue about this kidnapped girl kindly inform to the following. **SHO**

E-mail : cic@cbi.gov.in
Website : http://cbi.nic.in
Fax : 011-24368639
Ph : 011-24368638, 24368641

P.S.: Anand Parbat, Delhi
Ph. 011-28762468, 8750870435 & 9313619088
DP/8056/CD/2024

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फिरोज** पुत्र **आलम** निवासी **खानाबदोश झुग्गी पत्थरवाला बाग, जेजे कॉलोनी, वजीरपुर, दिल्ली** ने **case FIR No. 265/2023 U/s 380/411 IPC, थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उन्होनें किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **फिरोज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **फिरोज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **case FIR No. 265/2023 U/s 380/411 IPC, थाना केशव पुरम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **फिरोज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 14.08.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या अरोड़ा
एलडी महानगर दंडाधिकारी
कमरा नं. 112, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7593/NW/2024(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **भूषण कुमार यादव पुत्र सोने लाल यादव** S-18, E स्कूल ब्लॉक लक्ष्मी नगर, शकरपुर, दिल्ली ने **FIR. No. 571/22 U/S 279/338 IPC and 146/196/3/181 M.V Act.** के अंतर्गत **थाना** ::**मधु विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **भूषण कुमार यादव** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **भूषण कुमार यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 571/22 U/S 279/338 IPC and 146/196/3/181 M.V Act. थाना: मधु विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **भूषण कुमार यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.10.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री उद्भव कुमार जैन,MM-04
कमरा नंबर 13, शाहदरा
कड़कड़डूमा कोर्ट्स दिल्ली

DP/7565/ED/2024-Court matter

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी सूचना

सं. :7PUB/NR-DLI0COMM(PUB)/26/2023 दिनांक: 21.06.2024

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पीएस, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों/स्थानों पर विज्ञापन/गैर-किराया राजस्व के अनुबंधों के आवंटन के लिए आईआरईपीएस (**https://ireps.gov.in**) के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित करता है।

ई-कैटलॉग नं.	विज्ञापन का प्रकार	रेलवे स्टेशन/स्थान	ई-नीलामी के लिए दिनांक और समय
DLIADVT JUL24-02	आउट ऑफ होम साइट्स- आरओबी/आरयूबी/एलसी गेट्स	दिल्ली क्षेत्र से बाहर = 32 लॉट	प्रारंभ होने का समय 03.07.24 को 10:00 बजे
	पीबीसीएम	दिल्ली मंडल के एनएसजी-2, एनएसजी-3 स्टेशन =1 लॉट	
DLIADVT JUL24-01	आउट ऑफ होम साइट्स- आरओबी/आरयूबी/एलसी गेट्स	दिल्ली क्षेत्र से बाहर = 30 लॉट	प्रारंभ होने का समय 04.07.24 को 10:00 बजे
	आरडीएन-एलईडी टीवी 51इंच	गाजियाबाद सेक्शन, पानीपत सेक्शन और दिल्ली सराय रोहिल्ला सेक्शन = 3 लॉट	
DLIADVT-JUL24-03	प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके)	दिल्ली जंक्शन = 1 लॉट	प्रारंभ होने का समय 08.07.24 को 10:00 बजे

वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://ireps.gov.in/ (E-Auction Leasing)

आईआरईपीएस के ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए:

– ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण – ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एसबीआई बैंक खाते का एकीकरण; फंड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑनलाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

–ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई-नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।

किसी भी प्रश्न के मामले में संपर्क करने के लिए रेलवे प्राधिकारण | वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का कार्यलय, वाणिज्यिक शाखा, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055; ईमेल :publicitycelldli@gmail.com फोन: 011-23743084

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पीएस, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली

1891/24 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक्शन इंडिया

(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

एक्शन इंडिया मीडिया हाउस
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

क्लासीफाइड

टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाइजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708

वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

change of name

I Munni Devi W/o Ram Kumar R/o G-101, 2nd Floor, Gali No-5, Near Ekta Group, Ashok Vihar, Phase-3, Gurgaon, Haryana-122001, have changed my name to Meena Devi.

बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

change of name

I Rohan S/o Pradeep Kumar Malik R/o 1415, Sector-7, Karnal, Haryana-132001, have changed my name to Rohan Malik.

बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

बेदखली सूचना

मैंजो कि महाबीर अमरलाल निवासी फतेहपुरी कॉलोनी, खोखरा कोर्ट, रोहतक तहसील व जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा सगा पुत्र राहुल मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता हैं। मैं राहुल को अपनी चल व अचल संपति से बेदखल व संबंध विच्छेद करता हूं। आज के बाद अगर कोई भी राहुल लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी वह मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

खोया-पाया

मैं जो की मौसम पत्नी राजेश कुमार गांव खेड़ी तगा तहसील गन्नौर जिला सोनीपत बयां करती हूं कि मेरा दस्तावेज नंबर 95 दिनांक 06.04.2012 गन्नौर में कहीं पर गुम हो गए हैं। अगर किसी को मिले तो वह इस पते पर मुझे सूचित करें

'ट्रायल कोर्ट ने अपना दिमाग नहीं लगाया...'

केजरीवाल की जमानत पर हाईकोर्ट की टिप्पणी, हाईकोर्ट ने केजरीवाल की जमानत पर रोक लगाने की ईडी की याचिका पर फैसला सुनाया

टिप्पणी

▶▶ अवकाश न्यायाधीश ने रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री और ईडी के कथनों की उचित सराहना नहीं की

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दिल्ली हाईकोर्ट ने उत्पाद शुल्क नीति मामले में आम आदमी पार्टी के संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दी गई निचली अदालत की दी जमानत पर रोक लगा दी है। इस दौरान कोर्ट ने केजरीवाल की जमानत पर रोक लगाते हुए और क्या -क्या महत्वपूर्ण टिप्पणी की। उसके बारे में जानिए।

ईडी के कथनों की उचित सराहना नहीं की-हाईकोर्ट

सुनवाई में हाईकोर्ट की टिप्पणी: इस अदालत ने फैसला किया है कि अवकाश न्यायाधीश ने रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री और ईडी के कथनों की उचित सराहना नहीं की। तदनुसार, आवेदन स्वीकार किया जाता है और विवादित आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी जाती है।

चुनाव के लिए मिली अंतरिम जमानत-जज की टिप्पणी

कोर्ट ने आगे कहा: चुनाव के लिए अंतरिम जमानत दी गई। एक बार जब समन्वय पीठ द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड को वैध घोषित कर दिया गया, तो यह नहीं कहा जा सकता कि आवेदक की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को कानून का उल्लंघन करके कम कर दिया गया था।

ईडी को आवेदन पर बहस करने का उचित अवसर नहीं मिला: हाईकोर्ट: कोर्ट ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि वेकेशन जज ने सुप्रीम कोर्ट के सतेंदर कुमार अंतिल फैसले की सही परिप्रेक्ष्य में सराहना नहीं की है। श्री राजू द्वारा उठाया गया एक और महत्वपूर्ण तर्क यह था कि अवकाश न्यायाधीश ने ईडी को आवेदन पर बहस करने का उचित अवसर नहीं दिया। मुख्य याचिका में दिए गए कथनों और आरोपों पर न्यायालय द्वारा उचित विचार किए जाने की आवश्यकता है। कोर्ट का कहना है कि ट्रायल कोर्ट के आदेश में पीएमएलए के तहत अनिवार्य शर्तों की ठीक से चर्चा नहीं की गई है।

20 तारीख को मिली थी जमानत: गुरुवार को ट्रायल कोर्ट में वैकेशन जज न्याय बिंदु ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद सीएम केजरीवाल को नियमित जमानत दे दी थी। जमानत देते हुए कोर्ट ने कहा था कि वह एक लाख के मुचलके पर जमानत पर रिहा हो सकते हैं। वहीं ईडी ने कोर्ट के इस फैसले का लगातार विरोध किया।

ईडी ने निचली अदालत के फैसले पर उठाए थे सवाल: ईडी ने अपने तर्क देते हुए कहा था कि कि राउज एवेन्यू की अवकाशकालीन न्यायाधीश न्याय बिंदु ने जांच एजेंसी द्वारा अपराध के संबंध में पेश की गई सामग्री पर विचार नहीं किया।

ईडी ने 1 घंटे 15 मिनट तक पेश की थी जिरह

नोट में कहा कि 19 जून को केजरीवाल की तरफ से एक घंटे और ईडी की तरफ से दो घंटे जिरह की गई। इसके बाद 20 जून को हुई सुनवाई के दौरान ईडी ने एक घंटे 15 मिनट तक अपनी जिरह पेश की। पूरे मामले में पांच घंटे 30 मिनट तक जिरह हुई और जांच एजेंसी ने अपना लिखित जवाब भी अदालत के समक्ष दाखिल किया। इसके बाद सभी सबूतों पर गौर करने के बाद अदालत ने नियमित जमानत देने का निर्णय सुनाया। इसमें कहा गया कि केजरीवाल का विजय नायर व विनोद चौहान से कोई सीधा संपर्क नहीं था। इतना ही नहीं गोवा चुनाव में रुपये खर्च करने का ईडी के पास कोई सुबूत नहीं है।

एजेंसी ने तर्क दिया कि इसके अलावा अदालत ने ईडी को मामले पर उचित जिरह करने का अवसर नहीं दिया था।

सफदरजंग अस्पताल की पुरानी इमरजेंसी में लगी आग

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: राजधानी दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल की पुरानी इमरजेंसी में मंगलवार को भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना पर दमकल की सात गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, जो आग पर काबू पाने के लिए जुट गई हैं। आग बिल्डिंग के स्टोर वाले हिस्से में लगी थी। इसकी पुष्टि फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने की है। आग किन कारणों से लगी है, इसकी जांच की जा रही है। गनीमत है कि अभी तक आग लगने से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली फायर ऑफिसर मनोज शर्मा ने बताया कि सफदरजंग अस्पताल में आज सुबह 10:40 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। इस पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां भेजी गईं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। सफदरजंग अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में आग लगने की जानकारी मिली थी। तुरंत मौके पर दमकल विभाग की 11 गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया है। जैसे ही हम पहुंचे तो पता चला कि वार्ड केंद्र से धुआं निकल रहा है। फिर दमकल के कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया।

स्वाति मालीवाल ने आतिशी के अनशन पर कसा तंज

तंज कसा

▶▶ "मैंने दो बार अनशन किया। एक बार 10 दिन और एक बार 13 दिन: स्वाति मालीवाल

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दिल्ली में जल संकट को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठीं जल मंत्री आतिशी की तबीयत तड़के बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें एलएनजेपी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। आतिशी अस्पताल में हैं और उनकी स्वास्थ्य को लेकर तमाम लोग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। इसी कड़ी में दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान में राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने आतिशी के अनशन और सत्याग्रह को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए तंज कसा है। मालीवाल ने आतिशी को अपने अनशन की याद दिलाई। मालीवाल जो इस समय आम आदमी पार्टी के नेताओं से दूरी बनाए हुए हैं, मंगलवार को एक्स पर लिखा कि आतिशी जी, गांधी जी ने अनशन की पवित्र विधि को सत्याग्रह का नाम दिया था। सत्याग्रह जो हमेशा सच्चे और पवित्र मन से किया जाता है। "मैंने दो बार अनशन किया। एक बार 10 दिन और एक बार 13 दिन। मेरे अनशन के बाद देश में बच्चों के बलात्कारियों को फांसी की सजा हो, ऐसा कानून भी बना।" "संघर्ष की राह बहुत मुश्किल होती है।

सत्याग्रह करना आप नेताओं के वश की बात नहीं: सचदेवा

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: पानी के लिए पिछले पांच दिनों से अनशन कर रहीं दिल्ली की जल मंत्री आतिशी के अस्पताल में भर्ती होने पर भाजपा ने उनके स्वस्थ होने की कामना की है।

हम चाहते हैं मंत्री आतिशी स्वस्थ व प्रसन्न खुश रहें: दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, हम चाहते हैं मंत्री आतिशी स्वस्थ व प्रसन्न खुश रहें, लेकिन उन्हें जनता को गुमराह करना छोड़ देना चाहिए।

सत्याग्रह करना आप नेताओं के वश की बात नहीं: उन्होंने कहा, भाजपा नेता शुरू से कह रहे हैं कि सत्याग्रह करना आम आदमी पार्टी के नेताओं के वश की बात नहीं है, सत्य से उनका कोई संबंध नहीं है। सत्याग्रह की मूल भावना होती है सत्य के लिए लड़ना।

नाकामियों को छिपाने के लिए अनशन कर रहीं मंत्री: महात्मा गांधी एवं लाला लाजपत राय से लेकर विनोबा भावे व अन्ना हजारे तक सत्याग्रही सत्य को उजागर करने के लिए

अनशन करते थे। आम आदमी पार्टी सरकार की मंत्री अपनी प्रशासनिक नाकामियों को छिपाने के लिए अनशन कर रही हैं।

दिल्ली में पानी की चोरी व बर्बादी के कारण जल संकट है।

'पानी सत्याग्रह' पर बैठीं जलमंत्री आतिशी की तबीयत बिगड़ी

एलएनजेपी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है और अनशन पर विराम लगा

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दिल्लीवालों को उनके हक का पानी दिलाने के लिए बीते पांच दिनों से अनिश्चितकालीन पानी सत्याग्रह पर बैठी जल मंत्री आतिशी की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें एलएनजेपी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है और अनशन पर विराम लग गया। आम आमदी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि उनका ब्लड शुगर लेवल गिरकर 36 पर आ गया है। डॉक्टरों द्वारा उनकी जान को खतरा बताने पर हम उन्हें रात को ही एलएनजेपी अस्पताल लेकर आए। वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने बताया कि आतिशी को आईसीयू में रखा गया है। हम सभी उनके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 3 सप्ताह से हरियाणा की भाजपा सरकार दिल्ली के हक का 100 एमजीडी नहीं दे रही है, जिससे 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। आतिशी ने दिल्लीवालों को उनके हक का पानी दिलाने के लिए तमाम प्रयास किए, लेकिन कोई हल नहीं निकला। इसलिए मजबूर होकर पिछले पांच दिनों से वो भूख हड़ताल पर थीं। हम प्रधानमंत्री को पत्र भी लिख रहे हैं और संसद में भी पानी का मुद्दा उठाएंगे। उपराज्यपाल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से बात की है। राज्यसभा सदस्य एनडी गुप्ता ने कहा कि यह केवल आम आदमी पार्टी की नहीं, बल्कि हर दिल्लीवासी की गुहार है कि हरियाणा और केंद्र सरकार दिल्ली को उसके हक का पानी दे। जेठ का महीना बहुत पवित्र होता है, इस महीने में ही गंगा धरती पर अवतरित हुई थीं, ताकि लोग प्यासे न रहें। निर्जला एकादशी पर लोग जगह-जगह प्याऊ लगाते हैं। लेकिन दिल्ली के एलजी और केंद्र व हरियाणा की भाजपा सरकार ने इन सब चीजों को दरकिनार करते हुए दिल्ली के लोगों को पानी के लिए तरसा दिया। वहीं जलमंत्री आतिशी की स्वास्थ्य जांच कर रहे एलएनजेपी अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि आतिशी को मंगलवार की सुबह 3:48 बजे इमरजेंसी में लाया गया। जब हमने उनका परीक्षण किया तो उनका ब्लड शुगर बहुत कम पाया गया। इसे देखते हुए उन्हें आईसीयू में रखा गया है। जब आतिशी अस्तपाल में भर्ती हुई थीं, तब उनका ब्लड शुगर 44 था। यूरिन में कीटोन थे। उनके ईसीजी में भी बदलाव पाए गए हैं। इसलिए उनको आईसीयू में रखना पड़ा। सोमवार की शाम को भी एलएनजेपी के डॉक्टरों की टीम ने अनशन स्थल पर जाकर उनके स्वास्थ्य का परीक्षण किया था। उस समय भी उनका ब्लड शुगर लेवर काफी कम था और उनको अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी थी। लेकिन उन्होंने हमें लिखित में कहा कि वो अस्पताल में भर्ती नहीं होना चाहती हैं।

भूख हड़ताल

▶▶ आम आमदी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि उनका ब्लड शुगर लेवल गिरकर 36 पर आ गया

इग्नू ने एमबीए हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट में नया कार्यक्रम किया शुरू

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट में एमबीए (एमबीएएचसीएचएम) नया कार्यक्रम शुरू किया है। इग्नू के पीआरओ राजेश शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा संस्थानों, संबंधित संगठनों और अस्पतालों में रोजगार के लिए तैयार कुशल कार्यबल तैयार करना है। इस पहल का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों सहित पूरे देश में प्रभावी सहायता प्रदान करना और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना है। एमबीएएचसीएचएम पाठ्यक्रम प्रवेश के लिए पात्रता मानदंड कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ न्यूनतम 3 वर्ष की अवधि की स्नातक डिग्री उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को 5 प्रतिशत की छूट होगी। यह कार्यक्रम दो वर्ष की अवधि का है। यह केवल अंग्रेजी माध्यम में

उपलब्ध होगा। कार्यक्रम पूरा करने के बाद, छात्रों को स्वास्थ्य सेवा संस्थान व स्वास्थ्य सेवा से संबंधित संस्थानों में प्रबंधकीय और प्रशासनिक पदों पर नियुक्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में चार सेमेस्टर में 112 क्रेडिट हैं। पहले सेमेस्टर में 4 क्रेडिट के सात कोर कोर्स हैं। दूसरे सेमेस्टर में भी 4 क्रेडिट के सात कोर कोर्स हैं। तीसरे और चौथे सेमेस्टर में विशेष पाठ्यक्रम हैं। छात्रों को तीसरे सेमेस्टर में एक प्रोजेक्ट शुरू करना होगा और एक प्रैक्टिकल से गुजरना होगा। प्रैक्टिकल कोर्स में उन्हें अस्पतालों व स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में तैनात किया जाएगा और अस्पताल की सेटिंग में व्यावहारिक कौशल से गुजरना होगा।

प्रेम नगर मकान में लगी आग, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: द्वारका जिले के छावला इलाके में एक घर में आग लगने से 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मंगलवार छावला स्थित प्रेम नगर में ये हादसा हुआ। घटना में एक ही परिवार के सदस्य पति-पत्नी और उनके दो बेटों की आग के बाद दम घुटने से मौत हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। दमकल विभाग और पुलिस के अनुसार सुबह 3:30 बजे सूचना मिली कि प्रेम नगर के मकान में आग लग गई है। इसके बाद आग पर काबू पाने के लिए दो दमकल की गाड़ी को भेजा गया।

फायर विभाग के अनुसार आग लगने की शुरूआत इनवर्टर से हुई और फिर उस आग ने पास ही में रखे सोफा को अपनी चपेट में ले लिया। इस बीच घर के लोग सोए हुए थे और उन्हें आग के बारे में पता नहीं चल पाया और दम घुटने से चारों की मौत हो गई। पुलिस और दमकल विभाग जब मौके पर पहुंची थी तो बेहोशी की हालत में पड़े सभी चारों लोगों को राव तुलाराम अस्पताल पहुंचाया गया।

राज्यसभा सत्र से पहले आप ने किया बड़ा एलान

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: राज्यसभा सांसद संजय सिंह को राज्यसभा में आप संसदीय दल का नेता व राघव चड्ढा को उपनेता और एनडी गुप्ता को मुख्य सचेतक नामित किया आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को राज्यसभा में प्रमुख नियुक्तियों की घोषणा की है। आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सत्र से पहले राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को तत्काल प्रभाव से राज्यसभा में आप संसदीय दल के नेता के रूप में नामित किया, जबकि राघव चड्ढा को उपनेता के रूप में नामित किया। इसके अलावा आप ने एन.डी. गुप्ता को तत्काल प्रभाव से राज्यसभा में आप संसदीय दल का मुख्य सचेतक नियुक्त किया है।

जैन ने हाई कोर्ट के आदेश को दी चुनौती

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन ने मनी लांड्रिंग मामले में अपनी डिफॉल्ट जमानत पर सुनवाई टालने के दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। जस्टिस प्रशांत मिश्रा की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने दिल्ली हाई कोर्ट से कहा कि इस याचिका पर जल्द से जल्द फैसला किया जाए। सुनवाई के दौरान सत्येंद्र जैन की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि डिफॉल्ट जमानत पर सुनवाई करते हुए 28 मई को दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनवाई टालते हुए 9 जुलाई तक के लिए सुनवाई टाल दी थी। सिंघवी ने कहा कि हाई कोर्ट को जमानत याचिका पर सुनवाई को इतने लंबे समय तक के लिए नहीं टालना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में कानून का एक महत्वपूर्ण बिंदु है कि डिफॉल्ट जमानत नहीं देने के लिए क्या जांच एजेंसी अधूरी चार्जशीट दाखिल कर सकती है। सिंघवी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय बेंच इस मसले पर विचार कर रही है। तब जस्टिस प्रशांत मिश्रा ने कहा कि जब ऐसे सवाल पर तीन सदस्यीय बेंच सुनवाई कर रही है तो क्या दो सदस्यीय बेंच का इस पर सुनवाई करना उचित होगा। जस्टिस प्रशांत मिश्रा ने सिंघवी से हाई कोर्ट के अंतिम आदेश का इंतजार करने की सलाह दी।

निर्देश जारी

▶▶ कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट को निर्देश दिया कि वो जैन की डिफॉल्ट जमानत पर कानून के मुताबिक जल्द फैसला करे

उसके बाद कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट को निर्देश दिया कि वो सत्येंद्र जैन की डिफॉल्ट जमानत पर कानून के मुताबिक जल्द फैसला करे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जमानत की याचिकाओं को अनावश्यक टालना नहीं चाहिए।

पहचान होने के बावजूद दिल्ली पुलिस के पकड़ से बाहर शूटर

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: राजौरी गार्डन के बर्गर किंग में 18 जून की रात गैंगवार में अमन नाम के बदमाश पर 40 से अधिक गालियां चला मौत के घाट उतारने वाले कुख्यात गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ के दोनों शूटरों को दिल्ली पुलिस छह दिन बाद भी नहीं पकड़ पाई है। पुलिस का मानना है कि अमन की हत्या भले ही गैंगवार का नतीजा है, लेकिन बर्गर किंग में सरेआम इतनी गोलियां चलवाने के पीछे हिमांशु का मकसद दिल्ली व पड़ोसी राज्यों के व्यापारियों में दहशत फैलाना था ताकि वह अपने रंगदारी रैकेट को और गति दे सके। दिल्ली में इस तरह की वारदात से कानून व्यवस्था पर सवाल उठने पर शुटरों को जल्द पकड़ना पूरी दिल्ली पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर दिल्ली पुलिस की दो विशेष यूनिटें स्पेशल सेल व क्राइम ब्रांच के अलावा जिला पुलिस व जिले की अन्य यूनिटें भी अपने-अपने स्तर से दोनों शूटरों व अमन की महिला मित्र अनु को पकड़ने के लिए दिन रात जुटी हुई हैं लेकिन किसी को सफलता नहीं मिल रही है।

शूटरों के खिलाफ घोषित हो सकता है इनाम: पुलिस जल्द दोनों शूटर विकास उर्फ विक्की सिरधाना व आशीष उर्फ लालू के खिलाफ इनाम घोषित कर सकती है। विकास, सोनीपत का रहने वाला है जबकि आशीष, खाड़िया गांव, हिसार का रहने वाला है। आशीष पर हरियाणा पुलिस की तरफ से दस हजार का इनाम है। दोनों के खिलाफ हरियाणा

में कई मामले दर्ज हैं।

इन्हीं शूटरों ने मुरथल में भी की थी हत्या: इन्हीं दोनों ने अजय उर्फ गोली के साथ मिलकर 10 मार्च को गोहाना के शराब व्यापारी सुंदर मलिक को मुरथल में गुलशन ढाबे के बाहर ताबड़तोड़ गोलियां मार हत्या कर दी थी। सीसीटीवी फुटेज में मलिक हमलावरों से लड़ने की कोशिश करते हुए दिखाई दिया था। उक्त घटना को हिमांशु के निर्देश पर ढाबे की पार्किंग में अंजाम दिया गया था।

अजय गोगी मुठभेड़ में मारा गया: घटना में शामिल अजय गोगी को कुछ माह पहले स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलीजेंस ने दिल्ली में मुठभेड़ में मार गिराया था। आशीष व विकास उसी के बाद से फरार था। जिसके बाद दोनों ने बर्गर किंग में अमन की इसलिए हत्या की क्योंकि उसने गिरोह के बदमाशों के साथ मिलकर कई साल पहले जेल में बंद गैंगस्टर नीरज बवाना की मौसी के बेटे शक्ति दादा की हत्या की थी। उसी का बदला लेने के लिए नीरज व हिमांशु ने अपने दोनों शूटरों के जरिये अमन की हत्या कराई।

कहीं देश न भाग जाए इसलिए पुलिस...: पुलिस का कहना है कि दोनों कहीं देश से बाहर न भाग जाए. इसलिए इनके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी करवा दिया गया है। पुलिस को शक है कि अनु नेपाल के रास्ते देश से बाहर भाग गई हो। तीनों के स्वजन, रिश्तेदारों व दोस्तों को हिरासत में लेकर दिल्ली पुलिस लगातार पूछताछ कर उनके ठिकानें के बारे में पता लगा छापेमारी कर रही है लेकिन सफलता नहीं मिली है। पुलिस इंटरनेट मीडिया के जरिये भी पता लगा उनतक पहुंचने की कोशिश कर रही है। अनु की स्नैप चैट आइडी का पता लगा डाटा रिकवर कर पुलिस उन लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है जिनसे वह बातचीत करती थी। बताया जा रहा है कि अमन की हत्या से पहले अनु ने कुछ युवाओं से स्नैप चैट पर बात की थी। वह उनसे पूछ रही थी कि क्या वह नीरज को जानते हैं जो कहता था कि वह नीरज को नहीं जानता है तब वह उससे बात नहीं करती थी। घटना के बाद अनु को जम्मू के कटरा रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरों में देखा गया है।

दिल्ली में मस्जिद के बाहर पुलिस पर पथराव

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: मंगोलपुरी वाई ब्लाक स्थित मस्जिद के साथ एमसीडी के पार्क में बने वजूखाना पर दिल्ली नगर निगम ने बुलडोजर चलाया तो हंगामा हो गया। देखते ही देखते लोगों को भीड़ लग गई और उन्होंने जबरदस्त हंगामा खड़ा कर दिया।

आक्रोशित लोगों ने किया पथराव: हंगामा करते हुए कुछ आक्रोशित लोगों ने पथराव भी किया। पथराव में एक पुलिस कर्मी के घायल होने की सूचना है।

अतिक्रमण नहीं हटा पाया नगर निगम: लोगों के गुस्से के चलते नगर निगम पूरा अतिक्रमण नहीं हटा पाई और टीम को अभियान बीच में छोड़कर जाना पड़ा।

फिलहाल भीड़ कम हो गई है, लेकिन तनाव की स्थिति बनी हुई है। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त जिमी चिराम ने बताया कि एमसीडी की कार्रवाई के दौरान मैं खुद मौके पर मौजूद था। यहां किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। मस्जिद के आसपास माहौल शांत है।

प्रदेश में सवा आठ सौ करोड़ रुपए के कार्यों की दी मंजूरी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़/दीपिका शर्मा

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में बीती शाम हुई हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक में करीब सवा आठ सौ करोड़ रुपए के कार्यों की मंजूरी दी गई। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मूलचंद शर्मा, बिजली मंत्री रणजीत सिंह, विकास एवं पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस बैठक में पुलिस कर्मचारियों के लिए अम्बाला में लगभग 19 करोड़ रुपए से बनने वाले 96 मकानों के टेंडर की अंतिम मंजूरी दी गई। इसके अलावा भिवानी जिला के गांव खरकड़ी में महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी के रीजनल रिसर्च स्टेशन में 9.47 करोड़ रुपए से

तथा इसी यूनिवर्सिटी के करनाल में 358 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई।

बिजली विभाग में ज्यादा क्षमता के करंट बहने वाले कंडक्टर को बदलने के लिए 111 करोड़ रुपए, फरीदाबाद जिला के गांव धौज में सीवरेज पाइपलाइन बिछाने के लिए 19.32 करोड़ रुपए, कैथल जिला के गांव ढांड में जलापूर्ति क्षमता की अपग्रेडशन के लिए 28.60 करोड़ रुपए, रेवाड़ी जिला में सादलपुर रेलवे लाइन पर 2 लेन का आरओबी बनाने पर 23 करोड़ रुपए, पानीपत जिला में पानीपत -डाहर रोड को 4-लेन करने के लिए 15.80 करोड़ रुपए तथा नारनौल ब्रांच से कृष्णावती नदी को रिचार्ज करने के लिए 41.50 करोड़ रुपए के

स्वीकृति

खजुरी-जठलाना रोड के निर्माण के लिए 23.62 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की मंजूरी दी गई

कार्यों को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैथल जिला के गांव लादना चक्कू में राजकीय महिला कॉलेज के निर्माण पर 14.30 करोड़ रुपए, राजौंद में राजकीय कॉलेज की नई बिल्डिंग बनाने पर 13.60 करोड़ रुपए तथा हिसार जिला का गांव डाटा में राजकीय महिला कॉलेज बनाने के लिए 17 करोड़ रुपए के कार्य की मंजूरी दी गई। कुरुक्षेत्र में एलएनजेपी अस्पताल के कैंपस में ही 100 बेड का अतिरिक्त अस्पताल बनाने के लिए 32 करोड़ रुपए, पलवल हसनपुर रोड की मजबूती के लिए 12.15 करोड़ रुपए, फतेहाबाद जिला में जाखल-धारसूल-भूना-पाबड़ा-सरसौद रोड की चौड़ाई और मजबूती के लिए 21.11 करोड़, कुरुक्षेत्र जिला में सहारनपुर-कुरुक्षेत्र रोड के सुधार समेत अन्य कार्यों के लिए 16.40 करोड़, असंध-राजौंद-कैथल-पटियाला रोड की स्पेशल मरम्मत के लिए 16.60 करोड़, तोशाम-बहल-सुधीवास रोड की मजबूती के लिए 12.50 करोड़, हांसी-उमरा-सुल्तानपुर-कंवारी रोड की स्पेशल मरम्मत के लिए 13.75 करोड़ रुपए तथा यमुनानगर-खजुरी-जठलाना रोड के निर्माण के लिए 23.62 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की मंजूरी दी गई।

प्रदेश को हरा-भरा करने में वन मित्र होंगे कारगर साबितः संजय सिंह

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़ः हरियाणा के वन एवं वन्य जीव राज्यमंत्री संजय सिंह ने कहा कि प्रदेश को हरा-भरा करने के लिए हर गांव पेड़ों की छांव, हर घर हरियाली तथा पौधागिरी जैसी योजनाएं सफलतापूर्वक चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में एक पेड़ मां के नाम से भी योजना लागू की जाएगी, ताकि पेड़ लगाकर मां को सम्मान दिया जा सके। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने व आक्सीजन की पूर्ति करने के लिए पेड़ अहम हैं। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। अभी मानसून सीजन आने वाला है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में अधिक से अधिक लोगों को पेड़ लगाने के लिए वन विभाग की ओर से ही जागरूक किया जाएगा, ताकि विभाग का पौधरोपण का लक्ष्य पूरा हो सके। पेड़ लगाने के

योजना का लाभ

एक पेड़ मां के नाम से भी लगाया जाएगा-मंत्री, मानसून सीजन में ज्यादा-ज्यादा लगाए जाएं पेड़-मंत्री

साथ-साथ उसकी देखरेख करना भी जरूरी है। पौधरोपण के अभियान को सिरे चढ़ाने में वन मित्र कारगर साबित होंगे, इससे प्रदेश भी हरा-भरा होगा। प्रदेश में अभी तक वन मित्रों के लिए 27 हजार लोगों ने पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है। मंत्री संजय सिंह आज हरियाणा सिविल सचिवालय कार्यालय में वन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पौधरोपण के लिए सामाजिक व धार्मिक संगठानों का भी सहयोग लिया जाएगा। स्कूल व कालेजों को भी पौधरोपण के अभियान से जोड़ा जाएगा। इसी तरह से लोगों को भी प्रेरित किया जाएगा कि वे कम से कम एक पौधा गोद लेकर उसकी देखरेख करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 75 साल से अधिक आयु के वृक्षों की विशेष देखभाल के लिए प्राणवायु देवता पेंशन स्कीम के तहत 2500 रुपये प्रति वर्ष प्रति पेड़ पेंशन का प्रावधान है। यह योजना पुराने पेड़ों की अच्छे से देखभाल के लिए काफी किफायती साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि नर्सरी से पौधों के मुफ्त वितरण के लिए ई-पौधशाला मोबाइल एप शुरू किया गया है, ताकि लोगों को पौधे में सहूलियत मिल सके।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण, प्रधान मुख्य वन संरक्षक पंकज गोयल व अधिकारी मौजूद रहे।

बिजली निगमों की 157.37 करोड़ की राशि पंचायतों की गई जारीः ढांडा

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़/काजल रानी

हरियाणा सरकार ग्रामीण आंचल में विकास कार्यों को तेज गति देने के लिए पंचायतों को अधिकार देने के साथ उन्हें वित्तीय रूप से सशक्त करने के भी निरंतर प्रयास कर रही हैं। इसी कड़ी में बिजली निगमों की एकत्रित पंचायत कर की लगभग 157.37 करोड़ रुपये की राशि भी पंचायतों को वितरित की गई है। विकास एवं पंचायत राज्य मंत्री महिपाल ढांडा ने मंगलवार को बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से ग्राम पंचायत क्षेत्र की सीमा के भीतर बिजली उपभोक्ताओं के बिल पर दो प्रतिशत की दर से पंचायत कर लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) ने 31 मार्च, 2023 तक 107.37 करोड़ रुपये (एकमुश्त) की राशि एकत्र की है और यह राशि यूएचबीवीएन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल, पंचकूला,

स्थानांतरित

12 डीडीपीओ को संबंधित ग्राम पंचायतों को आगे वितरण के लिए स्थानांतरित कर दिया गया है।

पानीपत, रोहतक, सोनीपत, यमुनानगर और झज्जर जिले की संबंधित ग्राम पंचायतों के खाते में स्थानांतरित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) को 50 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है और इसे डीएचबीवीएन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले 12 डीडीपीओ को संबंधित ग्राम पंचायतों को आगे वितरण के लिए स्थानांतरित कर दिया गया है। इस प्रकार कुल मिलकार दोनों बिजली निगमों ने 157.37 करोड़ रुपये की राशि पंचायतों को वितरित की गई है।

चुनाव हारे हैं हिम्मत नहीं: दुष्यंत चौटाला

रूपरेखा

राज्यसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए सांझा सामाजिक प्रत्याशी उतारे विपक्ष - दुष्यंत चौटाला

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़: हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि जेजेपी जिला स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग करेगी। उन्होंने कहा कि सभी 22 जिलों में कार्यकर्ताओं के साथ आगामी रणनीति पर चर्चा करके जेजेपी आगे बढ़ेगी। वे मंगलवार को उचाना में जेजेपी कार्यकताओं से रूबरू थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि चुनाव हारे हैं, हिम्मत नहीं और कार्यकताओं की मेहनत के दम पर चार माह बाद फिर जीत कर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अंतर होता है। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जनता क्षेत्रीय पार्टी पर विश्वास जताती है क्योंकि प्रदेश लेवल पर जनता का दर्द समझकर निवारण क्षेत्रीय पार्टी ही कर सकती है। पत्रकारों से रूबरू होते हुए दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताई और कहा कि पिछले दो दिनों में प्रदेश के छह जिलों में मर्डर, दिनदहाड़े फायरिंग जैसी आपराधिक घटनाएं हुई है। उन्होंने कहा कि जेजेपी कानून व्यवस्था को लेकर आवाज उठाएगी और जनता की सुरक्षा के लिए लड़ाई लड़ेगी। दुष्यंत चौटाला ने नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी पेपर लीक हुए थे, इनमें कांग्रेस और बीजेपी के लोगों की मिलीभगत देखने को मिली थी इसलिए कहीं ना कहीं दोनों राष्ट्रीय पार्टी मिलकर इस मामले को दबाना चाहती है।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग में दो सदस्यों ने ली शपथ

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़: हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने आयोग के दो और नए सदस्यों सुभाष चंद्र व साधू राम जाखड़ को आयोग कार्यालय में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

सुभाष चंद्र सिरसा जिले के गांव गंगा तथा साधू राम जाखड़, बरवाला हिसार के रहने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि 8 जून, 2024 को हिम्मत सिंह ने आयोग के चेयरमैन के रूप में शपथ ली थी और आज

जिम्मेदारी

अब आयोग सरकार द्वारा घोषित 50 हजार से अधिक नए पदों पर भर्ती प्रक्रिया शीघ्र आरम्भ कर देगा

दो और सदस्यों के शपथ लेते ही आयोग का कोरम पूरा हो गया है।

अब आयोग सरकार द्वारा घोषित लगभग 50 हजार से अधिक नए पदों पर भर्ती प्रक्रिया शीघ्र आरम्भ कर देगा।

हिसाब नहीं किया तो परिवार के तीन सदस्यों ने जहर निगला

टीम एक्शन इंडिया
हिसार: निकटवर्ती गांव ढंढूर में परिवार के तीन सदस्यों ने जहर निगलकर आत्महत्या कर ली। एक साथ तीन सदस्यों की इस तरह मौत से गांव में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार ढंढूर गांव में मंगलवार को परिवार के तीन सदस्यों की जहर के प्रभाव से मौत की सूचना आई। मरने वालों में दादा, दादी व पौत्र शामिल हैं। मूल रूप से डाबड़ा गांव निवासी मृतक प्रताप पिछले कई वर्षों से ढंढूर गांव में ठेके पर जमीन लेकर खेती करता था। आरोप है कि जिस जमीन पर प्रताप खेती करता था, वह हिसार निवासी किसी व्यक्ति की है। पड़ौसियों का कहना है कि ठेके पर जमीन लेकर खेती करने के बाद भी जब जमीन मालिक ने हिसाब नहीं किया तो परिवार ने परेशान होकर जहर खाने जैसा कदम उठाया है। तीनों को गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया था यहां इलाज के दौरान पहले पौत्र ने दम तोड़ दिया। इसके बाद दादा-दादी की भी मौत हो गई। मृतकों में 65 वर्षीय प्रताप, उसकी पत्नी 60 वर्षीय बिमला व पौत्र नसीब शामिल है। बताया जा रहा है कि प्रताप पूरे खेत संभालता था और बदले में उसे पैदावार का 10वां हिस्सा मिलता था। इससे पूरे परिवार का गुजारा होता था। प्रताप का बेटा नशे का आदी है। इस कारण प्रताप का पोता नसीब, दादा-दादी के पास ही रहता था। प्रताप का बेटा कई दिनों तक नशे के कारण घर नहीं आता था। पूरे परिवार की जिम्मेदारी प्रताप के पर ही थी। नसीब के माता-पिता का कई साल पहले तलाक हो चुका है। इसके बाद पिता ने दूसरी शादी की और वह भी नहीं चल सकी। इसके बाद पिता नशे का आदी हो गया। जब परिवार ने जहर निगला तो बेटा घर पर नहीं था।

विधानसभा चुनावों के लिए आम आदमी पार्टी का शंखनाद

ठोकी ताल

विपत्ति के समय में कायर सबसे पहले भागते हैं। आपको चुनना है कि आपको संघर्ष का रास्ता चुनना है या आसान रास्ता

टीम एक्शन इंडिया
करनाल: आम आदमी पार्टी का प्रदर्शस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन मंगलवार को करनाल में आयोजित किया गया। इसमें प्रदेशभर से आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने की। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा भी मुख्य तौर पर मौजूद रहे। इस दौरान पार्टी के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बूथ स्तर के कार्यकताओं ने हरियाणा में सरकार बनाने की हुंकार भरी। इस दौरान बदलेंगे हरियाणा का हाल, अब लायेंगे केजरीवाल पोस्टर भी लांच किया गया। कार्यकताओं ने एक स्वर में हरियाणा में सत्ता परिवर्तन की हुंकार भरी। डॉ संदीप पाठक ने कहा कि आप ऐसी पार्टी के साथ खड़े हैं जिसमें संघर्ष ही संघर्ष है। ऐसे महान कार्यकताओं को मेरा प्रणाम है। यदि देश में कोई सच्चा देशभक्त है तो वो आप लोग हो। जब जब आपकी परीक्षा की घड़ी आएगी तब कायर और गद्दार सबसे पहले आपको छोड़कर जाएंगे। आज आप अपने लिए नहीं बल्कि हरियाणा के भविष्य को बनाने के लिए आए हैं। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि आप सही जगह खड़े हो। उन्होंने कहा जरूरी नहीं है कि कोई चीज पुरानी है तो वो अच्छी है। जब भी धर्म और अधर्म की लड़ाई होती है तो महाभारत में एक तरफ 5 पांडव थे और दूसरी तरफ कौरवों की विशाल सेना थी। लेकिन जो भी धर्म के पक्ष में थे वो पांडवों के साथ जुड़ते चले गए। धर्म का साथ देना बहुत कठिन होता है, लेकिन जीत अंत में सत्य की होती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने एक बार मौका सबको दिया है। जीत कर बीजेपी की गोद में बैठने वाली जेजेपी को भी मौका दिया। अब हरियाणा की जनता को सोचना होगा कि 10 एक पार्टी को और 10 साल दूसरी पार्टी को मौका दिया लेकिन उन्होंने हरियाणा के लिए क्या किया। इन दिनों पार्टियों ने मिलकर बार बार धोखा दिया है। इसलिए इस बार एक ही नारा है वो है बदलाव। यदि हरियाणा में बड़ा बदलाव चाहिए तो अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को लाना पड़ेगा। ये आपकी मर्जी है कि आप गाड़ी का टायर बदलना चाहते हो या पूरी गाड़ी बदलना चाहते हो। उन्होंने कहा विपत्ति के समय में कायर सबसे पहले भागते हैं। इसलिए आपको चुनना है कि आपको संघर्ष का रास्ता चुनना है या आसान रास्ता चुनना है। संघर्ष का रास्ता ही आपको बड़े बदलाव की तरफ लेकर जाएगा। उन्होंने कहा कि आज इन्होंने आपके नेता अरविंद केजरीवाल को जेल में रखा है।

विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरे करें अधिकारीः राव

टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़: केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को गुरुग्राम में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर गुरूग्राम शहर से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था सहित बरसात के समय होने वाले जलभराव के लिए किए जा रहे इंतजामो की समीक्षा की। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान जीएमडीए के सीईओ ए. श्रीनिवास, नगर निगम गुरूग्राम के कमिश्नर नरहरि सिंह बांगड़ व डीसी निशांत कुमार यादव से गुरूग्राम में किए जा रहे विकास कार्यो की रिपोर्ट भी मांगी। इस दौरान बैठक में मण्डलायुक्त रमेश चंद्र बिधान भी मौजूद रहें। केंद्रीय मंत्री ने समीक्षा बैठक को संबोधित करते

हुए कहा कि गुरूग्राम एक वैश्विक शहर है। ऐसे में शहरी क्षेत्र में स्थित लोगों को स्वच्छ वातावरण मुहैया कराते हुए अधिकारियों के स्तर पर गंभीरता से प्रयास करते हुए कूड़े व जलभराव की समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने समयबद्धता के साथ शहर के व्यस्ततम इलाकों से कूड़ा उठा लिये जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही

विकास पर बल

केंद्रीय मंत्री ने निवर्तमान मेयर व पार्षदों से विकास कार्यों में आवश्यक सुधार को लेकर मांगे सुझाव,

विस्तारित क्षेत्रों के सफाई व्यवस्था, सीवर व्यवस्था को ठीक करने हेतु कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर हाल में सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर करें। उन्होंने जीएमडीए के अधिकारियों को कहा कि ड्रेनेज सिस्टम को प्रभावित करने वाले स्थाई या अस्थाई अवरोध को हटाया जाए। ऐसे अवरोध जिनकी वजह से नालियां अवरूद्ध होती हैं और जल जमाव की समस्या पैदा होती है उनको तत्काल हटाया जाए। साथ ही नालों में कूड़ा डालने वालों से भी सख्ती से निपटा जाए। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान दमदमा झील में जीएमडीए द्वारा पाइप लाइन द्वारा सीवरेज का शोधित पानी डालने की योजना व गांव वजीराबाद में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण प्रगति की रिपोर्ट भी मांगी। जिस पर संबंधित अधिकारियों ने बताया कि दमदमा झील में ट्रीटेड वाटर को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है।

बिजली कर्मचारियों ने कार्यालय की जर्जर बिल्डिंग के खिलाफ की नारेबाजी

टीम एक्शन इंडिया
कैथलः हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड वर्कर्ज यूनियन व अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी परिसंघ सब डिवीजन ढांड के कर्मचारियों ने मंगलवार को ढांड सब डिविजन दफ्तर की इमारत जर्जर होने के विरोध में नारेबाजी कर रोष जताया। भवन नया बनवाने की मांग को लेकर निगम के अधिकारी के नाम मांग पत्र दिया। अधिकारियों को दिए गए मांग पत्र में कर्मचारियों ने कहा कि जर्जर भवन की खस्ता हालत के बारे में कई बार कर्मचारी संघ मौखिक व लिखित रूप में अवगत करवा चुका है। इसके साथ कानूनगो ढांड को भी कार्यालय कर्मचारियों द्वारा दो बार सारी स्थिति से अवगत किया गया है। वर्तमान समय में कार्यालय इमारत की हालात बहुत नाजुक है। छत से लेंटर के टुकड़े टूटकर गिरते रहते हैं। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में भवन में पानी भर जाता है और साथ में 33 के.वी. सब स्टेशन भी है। यहां बारिश में पानी भर जाता है। जिसके सारे उपकरण पानी में डूब जाते हैं। यह इमारत रिपेरिंग के लायक नहीं है। किसी भी समय किसी भी कार्यालय कर्मचारी मेरे साथ कोई भी हदसा हो सकता है। जर्जर भवन में काम करना कर्मचारियों की जान का जोखिम है। कर्मचारियों ने निगम के अधिकारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि जर्जर इमारत को देखते हुए ततकाल नई इमारत का निर्माण करवाया जाए। इस इमारत में किसी भी कर्मचारी के साथ इमारत के कारण कोई भी हदसा होता है। उसकी पूरी जवाबदेही उच्च अधिकारियों की होगी। रोष जताने वालों में पूंडरी यूनिट प्रधान सतीश शेरगढ़, सचिव अंग्रेज सिंह, अंकुर कुमार, सतबीर सिंह, नरेश कुमार सीए, रमेश कुमार, दिनेश,सुखदेव, तेजवीर सिंह, धर्मपाल, प्रवीण, सत्यवान, राहुल कुमार, अनिल कुमार, संदीप कुमार आदि मौजूद थे।

कांग्रेस का इतिहास संविधान-संविधान निर्माता के अपमान से भरा पड़ा है : ज्ञानचंद

टीम एक्शन इंडिया
पंचकूलाः भाजपा ने आपाताकाल की बरसी पर 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाया। पंचकूला पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आपातकाल पर भाजपा ज़िला पंचकूला की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कांग्रेस का इतिहास संविधान और उसके निमार्ता के अपमान से भरा पड़ा है। गुप्ता ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए देश पर आपाताकाल थोप कर पाप किया था। उस दौरान कांग्रेस ने संविधान की मान मयार्दा को तार-तार करते हुए मौलिक अधिकारों का हनन किया और कांग्रेस का विरोध करने वाले लोगों को जेल में डालकर

यातनाएं दी। आज का दिन कांग्रेस के काले इतिहास को याद करने का दिन है। इस मौके पर लोकतंत्र की रक्षा करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को भी विधानसभा अध्यक्ष ने सम्मानित किया। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस की संविधान के प्रति भावना का अनुमान संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति इसके व्यवहार से लगाया जा सकता है। कांग्रेस ने कभी भी डॉ. अंबेडकर को आगे नहीं बढ़ने दिया। 1952 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम मुंबई से और उसके बाद 1954 के लोकसभा उप-चुनाव में कांग्रेस ने बंडारा सीट से डॉ. अम्बेडकर को हराने के लिए हर तरह के प्रपंचों का सहारा लिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उनके खिलाफ प्रचार किया। कांग्रेस तो बाबा साहब को संविधान सभा का सदस्य भी नहीं बनने देना चाहती थी। इतना ही नहीं कांग्रेस सरकार ने अंबेडकर को हराने वाले नारायण काजोलकर को 18 साल बाद 1970 में समाजसेवा के क्षेत्र में पद्मसे सम्मानित किया। यह सब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को नीचा दिखाने के लिए किया गया।

साधा निशाना

त्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए देश पर आपाताकाल थोप कर पाप किया था

विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि जिन लोगों ने 50 वर्ष पूर्व 1975 में आज के ही दिन आपातकाल लागू कर बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट किया और देश के संविधान को कुचला उन्हें संविधान के प्रति दिखावा करने का कोई अधिकार नहीं है।

न्यूज फ्लैश

जिला कष्ट निवारण एवं डीडीएमसी की बैठक आज

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 26 जून को दोपहर बाद 3 बजकर 30 मिनट पर पंचायत भवन में होगी। इस बैठक में हरियाणा के स्थानीय शहरी निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी 26 जून को दोपहर बाद पंचायत भवन के सभागार में होने वाली जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में समय पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। इस बैठक के बाद राज्यमंत्री सुभाष सुधा जिला परिषद पंचायत भवन के कांफ्रेंस हॉल में जिला विकास एवं निगरानी कमेटी (डीडीएमसी) की बैठक लेंगे। इस बैठक में डी प्लान स्कीम के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में शहर में होने वाले विकास कार्यों पर चर्चा की जाएगी और बजट की स्वीकृति दी जाएगी। इस बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

महावीर अवार्ड के तहत विजेताओं को मिलेगा 10 हजार का नकद पुरस्कार

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा चार क्षेत्रों में महावीर पुरस्कार दिया जाएगा। इस पुरस्कार के तहत विजेता को 10 हजार पुरस्कार नकद राशि और प्रशंसा पत्र दिया जाएगा। सूचना जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के परियोजना अधिकारी पवन आर्य ने कहा कि भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा अंहिसा और शाकाहार, शिक्षा, दवा तथा समुदाय और सामाजिक सेवा सहित चार क्षेत्रों में महावीर पुरस्कार दिए जाने हैं, जिनमें से प्रत्येक क्षेत्र में 10 हजार रुपए, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन द्वारा उन व्यक्तियों, संस्थाओं की शिफारिशें मांगी गई हैं, जिन पर 28वें महावीर पुरस्कार के लिए विचार किया जा सकेगा। इन पुरस्कारों के लिए 30 जुलाई तक नोमिनेशन सडॉटबी एमफॉर वर्डसएट दारेट जीमेल डॉटकॉम पर आवेदन कर सकते हैं।

निराश्रित बच्चों को दी जा रही है प्रति माह 1850 रुपये की वित्तीय सहायता

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जो कि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है। वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता का लाभ पात्र है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त विभाग द्वारा एक परिवार में दो बच्चों तक 1850 रुपये प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है। डीसी ने बताया कि उपरोक्त स्कीम का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति के पास बेसहारा होने का प्रमाण पत्र, बच्चों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र व आवेदक का 5 वर्ष या उससे अधिक की अवधि का हरियाणा राज्य में निवासी होने का दस्तावेज जैसे कि फोटोयुक्त वोटर कार्ड या राशन कार्ड आदि की स्वयं सत्यापित फोटो प्रति सहित परिवार पहचान पत्र होना आवश्यक है।

जन आवाज सोसाइटी ने डीटीपी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन

अंसल सुशांत सिटी में हुए सैकड़ो करोड़ के यूडी लैंड घोटाले की तरह अब टीडीआई में भी टीडीआई मालिकों, डीटीपी विभाग और तहसील कार्यालय द्वारा मिली भगत करके हरियाली के लिए छोड़ी गई अनिर्धारित भूमि (यूडीलैंड) को बिना प्लानिंग ही बेचकर सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है यह आरोप जोगेंद्र स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने जन आवाज सोसाइटी के कार्यकताओं के साथ जिला योजनाकार विभाग के बाहर प्रदर्शन करते हुए लगाए उन्होंने कहा कि उनके द्वारा

सेक्टर 23 स्थित टीडीआई की फर्जी तरीके से रजिस्ट्री होने का मालूम होने के बाद जब प्लॉट नंबर ए 187 ए ,ए 166 ए की रजिस्ट्री निकाली गई तो यह अर्चभित करने का मामला था क्योंकि तहसील कार्यालय द्वारा स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रेशन में लाखों रुपए की सरकार की चोरी की गई थी इसके साथ-साथ बिना प्लानिंग ही न बेचे जाने वाली यूडीलैंड को डीटीपी विभाग की मिली भगत से फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करवा कर सरकार के साथ करोड़ों रुपए का घोटाला किया गया उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उनके द्वारा अंसल सुशांत सिटी में यूडीलैंड बेचने का सैकड़ो करोड़ का घोटाला उजागर किया गया था उसमें अधिकारियों ने खुद को फंसा हुआ देखकर अंशल एपीआई को दिवालीया घोषित करवा दिया था जिसके चलते आज भी अंसल में वहां के दुकानदार अपने मालिकाना हक के लिए नेताओं के यहां चक्कर काटते फिर रहे हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई करने वाला नहीं वही हाल आने वाले समय में टीडीआई के अंदर भी दोहराया जाने वाला है क्योंकि टीडीआई में भी कमर्शियल साइट की कोई भी कंप्लीशन नहीं करवाई गई है और टीडीआई मालिक अब यहां की ग्रीन बेल्ट सार्वजनिक स्थानों और यूडीलैंड को बेचकर डीटीपी विभाग के साथ मिली भगत करके रफू चक्कर होने की फिराक में है। उन्होंने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव हरियाणा सरकार, महानिदेशक कंट्री एंड टाउन प्लानिंग डिपार्मेंट से लिखित में शिकायत करते हुए मांग की है कि इस भ्रष्टाचार में शामिल टीडीआई मालिकों, योजनाकार विभाग और तहसील कार्यालय पर आपराधिक मामला दर्ज करते हुए टीडीआई का तत्काल लाइसेंस रद्द किया जाए।

एसडीएम के समक्ष गंदे पानी की निकासी की मांग रखी

टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह)

करहंस गांव की सरपंच सुखबीरी के नेतृत्व में पहुंचे दर्जनों महिलाओं व पुरुषों ने समाधान शिविर में एसडीएम के समक्ष गंदे पानी की निकासी की मांग रखी। मंगलवार को समाधान शिविर में कुल 38 शिकायत आई जिसमें से 9 का निपटारा किया गया। सरपंच सुखबीरी ने बताया कि करहंस गांव से जौरासी जाने वाले आम रास्ते पर पनीहारी वाले कुए वाली गली में नालियों का गंदा पानी भरा रहता है जिससे गली वालों का नारकीय जीवन हो गया है ।पिछले तीन चार वर्षो से लोग इस समस्या के समाधान को लेकर चक्कर काट रहे है। अभी तक कोई हल नही निकला। जिसपर समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे पानीपत के एसडीएम मंदीप सिंह ने शिविर में मौजूद बीडीपीओ समालखा, एसडीओ पंचायती राज, जेई पीडब्ल्यूडी को भाजपा नेता विनोद छौक्कर को मौका देखकर समस्या को जल्द निपटारा करने का आदेश दिया। इससे पहले सरपंच सुरबीरी देवी के नेतृत्व में पहुंचे राजबाला, सतवंती, उर्मिला, चमेली, कमला ओमी, निर्मला, गुणवती, अंगूरी, मीना, बाला, शीला, दीपक, फूल सिंह, रघुवीर, धर्मवीर, शार्दुल, विजेंद्र व भगत सिंहआदि एसडीएम कार्यालय के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया का अब समाज सेवा के नैतिक शिक्षा अभियान

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : : सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया के जिला संयोजक पवन मित्तल ने बताया कि उनकी संस्था कुरुक्षेत्र जिला व हरियाणा राज्य सहित अन्य राज्यों में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, रक्तदान, रोजगार एवं जल संरक्षण इत्यादि क्षेत्रों कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को जागरूक करने के अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि जून के अंत में ग्रीष्म अवकाश समाप्त हो रहे हैं तो ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बैठक कर निर्णय लिया है कि ट्रस्ट के समाजसेवा तथा सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रमों के साथ नैतिक शिक्षा अभियान भी चलाया जाए। मित्तल ने कहा कि आज के बच्चे पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव में हैं। इसलिए बच्चों को नैतिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति व संस्कारों से भी अवगत करवाना चाहिए। इस बात की जिम्मेवारी को सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया ने समझा है। उन्होंने

बताया अब हर सामाजिक कार्यक्रम में नैतिक शिक्षा को भी शामिल किया जाएगा। मित्तल ने कहा कि नैतिक शिक्षा अभियान से बेहतर समाज के लिए विद्यार्थियों की चेतना के उत्थान का प्रयास है। नैतिक शिक्षा हमारे जीवन के निर्माण में सहायक होती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाती है।

बुढाखेड़ा के बाहरी क्षेत्र में की गई साफ-सफाई : धीरज

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत करनाल शहर में 21 से 30 जून तक मेगा सफाई अभियान बड़े जोर-शोर से चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को वार्ड नम्बर 2 के बुढाखेड़ा गांव के बाहरी क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी मात्रा में पॉलिथीन उठाया गया। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेगा सेफाई अभियान के तहत बीती 21 जून से रोजाना शहर के अलग-अलग हिस्सों में साफ-सफाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान में ऐसे क्षेत्रों की सफाई की जा रही है, जहां नागरिक आते-जाते खुले में कूड़ा-कर्कट फैलाते रहते हैं। साफ-सफाई के पश्चात सम्बंधित क्षेत्र की आई.ई.सी. भी की जाती है, ताकि

वह दोबारा वहां पर कूड़ा-कचरा ना फैलाएं। उन्होंने बताया कि बीते दिनों में वार्ड नम्बर 15 के जाटों गेट के सामने स्थित एक पौंड के चारों ओर साफ-सफाई की गई। इसके अतिरिक्त सैक्टर-12 संडे सेल बाजार क्षेत्र तथा पाठक अस्पताल के सामने खाली पड़े क्षेत्र में भी मेगा सफाई अभियान के तहत विशेष साफ-सफाई की गई है। उन्होंने बताया कि मेगा सफाई अभियान में शहर की सामाजिक संस्थाओं, निवासी कल्याण संघ, गैर सरकारी संगठन तथा स्वयं सहायता समूह का भी योगदान लिया जा रहा है। इनके अतिरिक्त शहरवासी भी इस अभियान से जुड़ रहे हैं। उन्होंने अन्य सभी नागरिकों से भी अपील की है कि वह भी अभियान में शामिल हों और अपने शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में सहयोग करें। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने शहर वासियों से पुनः अपील करते कहा कि वह घरों से निकलने वाले कूड़े-कचरे को अपने डस्टबिन में ही इकठ्ठा करके रखें और उसे नगर निगम के कूड़ा एकत्र करने वाले वाहन में ही डालें। कचरे को इधर-उधर ना गिराया जाए और ना ही उसमें आग लगाई जाए। कचरे में आग लगाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है, जिससे नागरिकों को भी सांस लेने में दिक्कत आती है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते कहा कि वह मेगा सफाई अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और अपने शहर को क्लीन सिटी बनाने में सहयोग दें।

मेगा सफाई अभियान में सफाई निरीक्षक ऊषा रानी, स्वच्छ भारत मिशन शहरी टीम से ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह, मोटीवेटर व स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षक, दरोगा सुरेन्द्र, मनीष, तेजपाल, रामफल व नरेश, सुपरवाईजर विजय तथा सफाई कर्मियों ने हिस्सा लिया।

इनसो ने कॉलेजो में दाखिले के लिए आनलाईन पंजीकरण की तारीख बढाने की मांग की

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन

शहर के सभी राजकीय कालेजो और एस.डी. कालेज, आई.बी कालेज, आर्य कालेजों में दाखिला पंजीकरण की तारिख बढाई जाए । उक्त मांग छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन (इनसो) के जिला प्रधान बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार के नेतृत्व में छात्रों ने तहसीलदार विरेंद्र गिल के माध्यम से हायर एजुकेशन डायरेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा । इनसो छात्र नेताओं ने बताया की पानीपत के सभी राजकीय और ऐडेड सभी 14 कालेजों में 15083 सीटो पर आनलाईन दाखिलो के लिए पंजीकरण 3 जून से शुरू हो चुका है जो आज

25 जून रात 12 बजे तक होगा जबकि जिले में 12वी में हरियाणा बोर्ड में 9843 और सीबीएसई में 5450 विधार्थी पास हुए है इस प्रकार से छात्रों की संख्या ज्यादा होने के कारण व नेट सर्वर डाऊन होने के कारण कालेजों में दाखिलों के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे है और 3 और 4,5 जून को पहले तीन दिन पोर्टल भी नहीं चल पाया जिससे पहले ही दिन आवेदन के लिए कम थे जिसमें 3 दिन पोर्टल न चल पाया जिससे ये सिर्फ 19 दिन ही आवेदन के रह गए और इसके बाद भी कई बार बीच बीच में पोर्टल नहीं चल पता स्पीड बहुत कम हो जाती है यह परेशानी भी हर रोज हो रही है इनसो छात्र नेताओ ने बताया की पंजीकरण करवाने का समय जो 3 जून से 25 जून तक है यह समय छात्र व छात्राओं की संख्या ज्यादा होने के कारण बहुत कम है क्योकि जो छात्र 12वी पास करके कालेजों में दाखिला लेने के लिए पंजीकरण करवाने आ रहे है उनमें बहुत से छात्र ऐसे है जिनके पास पूरे डोकोमेंट नहीं हो और उन्हें वो तेयार करने में समय लगता है जिसके कारण आवेदन करने का समय कम रह जाने के कारण छात्र व छात्राएं डरे हुए है कहि वो दाखिला लेने से वंचित तो ना रह जाए क्योकि अभी भारी संख्या में छात्र रह चुके है इसलिए छात्र नेताओं ने मांग की है की इस कालेजों में आनलाईन पंजीकरण की तारिख 25 जून से बढाकर आगे की जाए जिससे सभी छात्र आवेदन कर पाएं।

70% छात्रों ने किए आवेदन

इनसो छात्र नेताओं ने बताया की आज 25 जून ऑनलाइन दाखिला पंजीकरण की आखरी तारीख है लेकिन अभी तक 30% छात्र अभी तक कॉलेजों में आवेदन ही नहीं करने आंए है सिर्फ 70% छात्रों ने कॉलेजों में दाखिला लेने के लिए पंजीकरण करवांए है इस प्रकार आज का दिन ही बचा है जिसमें सभी छात्र आवेदन नही कर पाएंगे इसलिए छात्रों की समस्या को देखते हुए पोर्टल को आगे बढाया जांए पोर्टल को 25 के बाद खोला जाएं ताकि छात्र कॉलेजों में जाकर आवेदन कर सके।

हरिद्वार जाने से रोका तो किया सुसाइड

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। करनाल में मंगलवार को युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर सुसाइड कर लिया। युवक हरिद्वार जाना चाहता था। उसने परिवार के लोगों से पैसे मांगे थे। जब परिवार ने पैसे देने से मना कर दिया तो उनकी आपस में कहासुनी हो गई। इसके बाद युवक रात को ही घर से निकल गया। सुबह उसका शव रेलवे लाइन पर पड़ा हुआ मिला। मृतक की पहचान बसताड़ा गांव के रहने वाले 20 वर्षीय रमनदीप सिंह के रूप में हुई है। जीआरपी पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। रमनदीप के मामा बलिंद्र कुमार ने बताया घर वालों ने रात को ही उसकी तलाश शुरू कर दी थी, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया। मंगलवार को रेलवे लाइन पर जीआरपी को एक शव मिला। जीआरपी ने मृतक के मोबाइल की जांच की। इसके बाद उन्हें घटना की सूचना दी गई। बलिंद्र सिंह ने बताया कि रमनदीप घर का इकलौता बेटा था। वह मजदूरी करता था। उसके पिता नरेंद्र की 10 साल पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी।

व्यक्तिगत डेयरियों में बायोगैस प्लांट लगाने पर मिलता है ४० प्रतिशत अनुदानः अखिल

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि सरकार द्वारा वर्ष २०२३-२४ के दौरान बायोगैस को बढ़ावा देने के लिए संस्थागत बायोगैस प्लांट योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत बायोगैस प्लांट की लागत का ४० प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है और योजना का लाभ पोल्ट्रीफार्म सहित संस्था, खुद की डेयरी व गऊशाला ले सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए ५ जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है।

अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि इस योजना के तहत २५ क्यूबिक मीटर के लिए ७० से ८०, ३५ क्यूबिक मीटर के लिए १०० से ११०, ४५ क्यूबिक मीटर के लिए १२५ से १४०, ६० क्यूबिक मीटर के लिए १७५ से १८० तथा ८५ क्यूबिक मीटर के लिए २५० से २७० पशुओं से प्राप्त गोबर की आवश्यकताहोती है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा गौशालाओं, धर्मार्थ संस्थान, पोल्ट्रीफार्म, वाणिज्यिक और व्यक्तिगत डेयरियों में बायोगैस प्लांट लगाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। इस स्कीम की अधिक जानकारी के लिए लघुसचिवालय की दूसरी मंजिल पर स्थित कमरा न० १६ में सम्पर्क कर सकते हैं और अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं।

अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

पानीपत ,ज्सी कमाल हुसैन
आईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि उसकी टीम सोमवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सेक्टर 13/17 मोड़ पर पर मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की गोयला खेड़ा निवासी अंकित सेक्टर 18 पुलिया की और पैदल आ रहा है। जिसके पास अवैध हथियार होने की संभावना है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम सेक्टर 18 पुलिया पर पहुची तो सामने से पैदल आ रहा एक युवक पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा।

पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अंकित उर्फ मटर पुत्र ऋषिपाल निवासी गोयला खेड़ा के रूप में बताई। पुलिस टीम ने युवक की तलाशी ली तो उसकी पहनी हुई पेंट की जेब से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला। देसी पिस्तौल का लाईसेंस व परमिट मांगने पर आरोपी कोई भी कागजात पेश नही कर सका। सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया उसको अवैध हथियार रखने का शौक है। आरोपी ने शौक पूरा करने के लिए उक्त देसी पिस्तौल करीब 20 दिन पहले अपने दोस्त नवीन उर्फ भोलू निवासी एकता विहार से लेकर आने बारे स्वीकारा।

नशा एक सामाजिक बुराई हैः उप पुलिस अधीक्षक

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन

समाज को नशा मुक्त करने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए गए नशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ा अभियान के तहत मंगलवार को जिला के सभी थाना प्रभारियों ने गांव के सरपंचों व वार्ड के मौजिज व्यक्तियों के साथ थाना परिसर में बैठक कर नशे के दुष्परिणामों की जानकरी देकर पानीपत जिला को नशा मुक्त करने में सहयोग की अपील की। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संदीप कुमार ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई से लड? के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होना होगा। तभी हम इस अभिशाप को जड़ से खत्म कर सकते हैं। नशा

शरीर के लिए जहां खतरनाक है, वहीं अपराध का भी मुख्य कारण है। अनेक युवा जो नशे में किसी कारणवश धंस जाते हैं और फिर नशे की पूर्ति के लिए कोई भी आपराधिक वारदात करने से नहीं हिचकिचाते। नशा मुक्त व अपराधमुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे। पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। उन्होंने कहा नशे को जड़ से खत्म करने के लिए समाज के प्रत्येक नागरिक को अहम जिम्मेदारी निभानी होगी। इस दौरान सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि आपके गांव, मौहल्ला, कालोनी इत्यादी में कोई भी व्यक्ति नशीले पदार्थ बेचने या खरीदने का कार्य करता है तो उसकी सूचना पानीपत एंटी नारकोटिकस सेल इंचार्ज के मोबाइल नंबर 7419600124 या संबंधित थाना, सीआईए प्रभारी या चौकी इंचार्ज के नंबर पर दे सकते है। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। सभी ने एकजुट होकर अभियान में पूर्ण रूप से सहयोग करने का आश्वासन दिया। 12 जून से 26 जून तक नशे के खिलाफ नशा मुक्त हरियाण पखवाड़ा चलाया जा रहा है। पखवाड़ा का उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग, अवैध तस्करी, नशीली दवाओं के बारे में जागरूकता फैलाना व ड्रग्स के दुरुपयोग को खत्म करना है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने जिला में जागरूकता अभियान के सफल आयोजन के लिए सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जों को विशेष दिशा निर्देश दिए है।

हर व्यक्ति अपने जन्मदिन पर उतने ही पेड़ लगाए, जितने साल का वह है : दिनेश गुलाटी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ के अंतर्गत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में आज का योग सत्र सैक्टर-32 से लिया गया। सूक्ष्म व्यायाम के साथ-साथ आसन सत्र का अभ्यास करवाया गया। अगर हर व्यक्ति अपने जन्मदिन पर उतने ही पेड़ लगाए, जितने साल का वह है तो ये धरती फिर से आबाद हो जाएगी। वृक्ष हमारी शान है, वृक्ष हमारी जान है, वृक्ष शुद्ध हवा देते है, बीमारी की दवा देते हैं। आज मेरा मिशन स्वस्थ भारत की सेक्टर-32 पार्क योग कक्षा में मिशन प्रमुख के जन्मदिन के सुअवसर पर पहले उनसे वृक्षारोपण करवाया गया। उसके बाद केक काटकर

शुभकामनाओं के साथ जन्मदिवस मनाया गया। इस सुअवसर पर सैक्टर 32 की पूरी टीम, जिसमें निर्मल कंबोज, अशोक कंबोज, रविंद्र सिंघला, अंशु सिंघला, मेघना सेठ, ज्योति अरोड़ा, इंदु गुप्ता, रोशनी चौधरी, चारु, आकृति सिंगला, मनप्रीत, शशि राणा, सतपाल, राजेश सिंगला, सोनू सिंगला, डा. कैलाश गर्ग, अमित गोयल, सुमन गोयल, सीमा और मंजू सभी साधकों ने मिशन प्रमुख को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

संपादकीय

स्वस्थ भारत' में बदलेंगे आयुर्वेद और योग

आयुष उन चिकित्सा प्रणालियों का संक्षिप्त रूप है जिनका भारत में अभ्यास किया जा रहा है, जैसे आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी। स्वास्थ्य, रोग और उपचार पर इन सभी प्रणालियों का मूल दृष्टिकोण समग्र है। आयुष, स्वास्थ्य सेवाओं की बहुलवादी और एकीकृत योजना का प्रतिनिधित्व करता है। आयुष अपने नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा देखभाल प्रदान करके 'न्यू इंडिया' के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। 'न्यू इंडिया' को 'स्वस्थ भारत' भी होना चाहिए, जहां उसकी अपनी पारंपरिक प्रणालियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन जामनगर (गुजरात) दुनिया भर में पारंपरिक चिकित्सा के लिए पहला और एकमात्र वैश्विक चौकी केंद्र होगा।

आयुर्वेद और योग ने प्राचीन भारतीय विज्ञान के रूप में 5000 साल पहले अपनी यात्रा शुरू की थी। जबकि सिद्ध दक्षिण भारत में लोकप्रिय दवाओं की प्राचीन प्रणालियों में से एक है, यूनानी, चिकित्सा की पारंपरिक प्रणाली की उत्पत्ति प्राचीन ग्रीस में हुई है। होम्योपैथी का विकास 1800 के दशक की शुरूआत में जर्मन चिकित्सक सैमुअल हैनिमैन ने किया था। इन प्रणालियों ने वर्षों से लोगों के निरंतर संरक्षण का आनंद लिया है। आयुर्वेद सहित भारत की अधिकांश पारंपरिक प्रणालियों की जड़ें लोक चिकित्सा में हैं। आयुर्वेद पर कुछ महत्वपूर्ण ग्रंथ जैसे कि सारंगधारा संहिता और वांगा सेन द्वारा चिकित्सा संग्रह, यागरात बाजार और भवमिस्त्र के भावप्रकाश को संकलित किया गया था। योग अनिवार्य रूप से आध्यात्मिक है और यह स्वस्थ जीवन जीने की एक कला और विज्ञान है जो शरीर और मन के बीच सामंजस्य लाने पर केंद्रित है। चिकित्सा की यूनानी प्रणाली की उत्पत्ति ग्रीस में हुई, फिर मध्यकालीन भारत में मिस्त्र, अरब, ईरान, चीन, सीरिया और भारत जैसी प्राचीन सभ्यताओं के पारंपरिक ज्ञान का विलय हुआ। यह स्वाभाविक रूप से होने वाली ज्यादातर हर्बल दवाओं और जानवरों, समुद्री और खनिज मूल की कुछ दवाओं के उपयोग पर जोर देती है। दारा शिकोह को समर्पित नूरुद्दीन मुहम्मद की मुसलजती-दशीकोही, ग्रीक चिकित्सा से संबंधित है और अंत में, लगभग संपूर्ण आयुर्वेदिक सामग्री औषधि है। सिद्धा भारत में चिकित्सा की प्राचीन प्रणालियों में से एक है जिसका द्रविड़ संस्कृति के साथ घनिष्ठ संबंध है। सिद्ध शब्द का अर्थ है उपलब्धियां और सिद्ध वे हैं जिन्होंने चिकित्सा में पूर्णता प्राप्त की है। कहा जाता है कि 18 सिद्धारों ने योगदान दिया है। सोवा रिग्पा या आमची हिमालयी क्षेत्र में लोकप्रिय चिकित्सा की सबसे पुरानी जीवित प्रणालियों में से एक है। इसे 2009 में जोड़ा गया था। यह हिमालयी क्षेत्रों में विशेष रूप से लेह और लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, दार्जिलिंग आदि में प्रचलित है। यह अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, गठिया आदि जैसी पुरानी बीमारियों के प्रबंधन में प्रभावी है। समकालीन समय में भारतीय चिकित्सा पद्धति विभाग नामक एक विभाग मार्च 1995 में बनाया गया था और नवंबर 2003 में आयुष का नाम बदलकर इन प्रणालियों के विकास पर अधिक ध्यान देने पर ध्यान दिया गया था। 2014 में, भारत की केंद्र सरकार के तहत एक अलग मंत्रालय बनाया गया था, जिसके प्रमुख राज्यमंत्री होते हैं।

पेपर लीक के बढ़ते मामले चिंता का विषय

राजेश माहेश्वरी

> "विशेष समिति का काम नौकरशाही किस्म का नहीं होना चाहिए, क्योंकि उससे व्यवस्था को छिद्रों से मुक्त नहीं किया जा सकेगा। पेपर लीक होने पर कठिन परिश्रम करने वाले विद्यार्थी नियुक्ति से दूर रह जाते हैं। दूसरी तरफ नकल प्रवृत्ति के कारण अयोग्य विद्यार्थी नियुक्ति पा जाते हैं। ऐसे में परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। पेपर लीक पर सरकार को सख्ती से कदम उठाने होंगे तभी परीक्षाओं की विश्वसनीयता बन पाएगी। जानकारों के मुताबिक परीक्षाओं में विश्वसनीयता बनाने के लिए पारदर्शी और मजबूत सुरक्षा प्रणाली बनाने की जरूरत है। एक ही एजेंसी से बार बार परीक्षा नहीं करवानी चाहिए। इसके लिए नियम बनाए जाने चाहिए। दरअसल, देश के विभिन्न राज्य भी इस परीक्षा प्रणाली को लेकर सवाल उठाते रहे हैं"

बीते कुछ महीनों में देश में विभिन्न प्रतियोगी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने और संदेह के घेरे में आने के मामले लगातार उजागर होते रहे हैं। निश्चित रूप से सुनहरे भविष्य की आस में रात-दिन एक करने वाले प्रतिभागियों के सपने चकनाचूर होने के समान तो है ही। वहीं इस तरह के मामलों से प्रतिभागियों का विश्वास व्यवस्था से उठ जाता है। मेडिकल परीक्षा की पुरानी प्रक्रिया में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिये लाई गई नई व्यवस्था भी अब सवालों के घेरे में है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और नीट के तहत परीक्षाओं की जो पवित्रता भंग की गई है, लाखों युवाओं के करियर और भविष्य अधर में लटके हैं, जिससे युवाओं और अभिभावकों में नाराजगी का माहौल है। नीट पेपर लीक मामले कीं पृष्ठभूमि में परीक्षा-माफिया सक्रिय है। सिर्फ पेपरलीक और सॉल्वर गैंग की ही साजिशें नहीं हैं, बल्कि बड़ी मछलियां भी हैं। परीक्षाएं आयोजित करने वाली संस्थाओं से जुड़े लूप होल्स के कारण ही परीक्षाओं पर सवालिया निशान लगते रहते हैं। जैसे एक मछली सारे तालाब को गंदा करती है वही कहावत यहां पर चरितार्थ होती है। धनबल से पेपर, परीक्षा केंद्र, पेपरसेटर आदि खरीदे जा सकते हैं। धनबल के इस खेल में सबसे ज्यादा नुकसान उन बच्चों का होता है जो ईमानदारी एवं एकाग्रतापूर्वक अपनी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। सरकार ने राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए की स्थापना की थी। संसद के कानून से बनी इस स्वायत्त संस्था के जिम्मे राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा के संस्थानों मसलन इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए दाखिला परीक्षा आयोजित करना और उनके नतीजे देना है। इस संस्था को जिम्मेदारी दी गई कि वह पूरी पारदर्शिता के साथ अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के लिहाज से परीक्षाएं आयोजित करेगी। लेकिन नीट परीक्षा के नतीजों पर उठे सवालों ने इस संस्था और उसके कार्यों को संदेह के दायरे में ला दिया है। विवाद होने के बाद कुछ बच्चों और उनके अभिभावकों ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करके नीट की परीक्षा फिर से कराने और दाखिले के लिए काउंसलिंग कराने पर रोक लगाने की मांग की। नीट की डॉक्टरी प्रवेश परीक्षा की

धांधलियां सामने आ रही हैं। सवाल है कि जो माता-पिता अपने बच्चे की परीक्षा पास कराने के लिए 40 लाख रुपए प्रश्न-पत्र के लिए खर्च कर सकते हैं, क्या वे देश में ह्यमुन्ना भाई एमबीबीएसह्ल पैदा करना चाहते हैं? यह घोर दंडनीय अपराध है। नीट प्रकरण के अलावा, यूजीसी नेट, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और नीट-पीजी परीक्षाएं भी रद्द या स्थगित की गई हैं। इस तरह 37 लाख से अधिक युवाओं के भविष्य घोर अनिश्चित हो गए हैं। यह कोई सामान्य बात नहीं है। आखिर वे युवा कब तक परीक्षाएं देते रहेंगे? छात्रों के सामने उम्र निकल जाने का खतरा भी है। इन बर्बादियों का सवाल और आरोप एनटीए पर ही क्यों है? यह केंद्र सरकार को भी सोचना चाहिए और एनटीए को खंगालना चाहिए। एनटीए की प्रक्रिया, परीक्षा-प्रणाली, आउटसोर्स की मजबूरी, विशेषज्ञता के अभाव और मूल में भ्रष्टाचार आदि ऐसे बुनियादी कारण हैं कि इस संस्थान को ही समाप्त करने की मांगें की जा रही हैं।

युवाओं के विरोध-प्रदर्शन इतने उग्र और व्यापक हो गए हैं कि एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटा कर एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी प्रदीप सिंह खरोला को इस पद का दायित्व सौंपना पड़ा है। परीक्षा-प्रणाली और उसके ईमानदार, पेशेवर तंत्र को आईएएस लॉबी के हवाले करना कोई सार्थक समाधान नहीं है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक विशेष समिति का गठन किया है। बेशक उसमें महा विशेषज्ञ किस्म के महाबौद्धिक चेहरे शामिल हैं, लेकिन वे एनटीए की तकनीक, परीक्षा-प्रविधि और अंतर्विरोधों के समाधान नहीं दे सकते। यह उनकी विशेषज्ञता से बिल्कुल अलग क्षेत्र है। समिति को दो माह का समय दिया गया है। सर्वोच्च अदालत में भी एनटीए, नीट परीक्षा के मामले विचाराधीन हैं, जिनकी सुनवाई 8 जुलाई को है। एनटीए के अस्तित्व और आंतरिक सुधारों के अलावा, कई और सवाल पैदा हो गए हैं। निश्चित तौर पर यह मोदी सरकार के लिए गंभीर चुनौती है। यह राजनीतिक विवाद भी बन गया है और प्रतिपक्षी नेता शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा मांग रहे हैं।

बहरहाल विशेष समिति का काम नौकरशाही किस्म का नहीं होना चाहिए, क्योंकि उससे व्यवस्था को छिद्रों से मुक्त नहीं किया जा सकेगा। पेपर लीक होने पर कठिन परिश्रम करने वाले विद्यार्थी नियुक्ति से दूर रह जाते हैं। दूसरी तरफ नकल प्रवृत्ति के कारण अयोग्य विद्यार्थी नियुक्ति पा जाते हैं। ऐसे में परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। पेपर लीक पर सरकार को सख्ती से कदम उठाने होंगे तभी परीक्षाओं की विश्वसनीयता बन पाएगी। जानकारों के मुताबिक परीक्षाओं में विश्वसनीयता बनाने के लिए पारदर्शी और मजबूत सुरक्षा प्रणाली बनाने की जरूरत है। एक ही एजेंसी से बार बार परीक्षा नहीं करवानी चाहिए। इसके लिए नियम बनाए जाने चाहिए। दरअसल, देश के विभिन्न राज्य भी इस परीक्षा प्रणाली को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। खासकर कोचिंग सेंटरों के खेल व अंग्रेजी के वर्चस्व के चलते आरोप लगाये जाते हैं। आरोप हैं कि इस परीक्षा में हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं में परीक्षा देने वाले छात्रों को न्याय नहीं मिलता। तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के कई राज्य आरोप लगाते रहे हैं कि राज्य की भाषा के छात्रों को नई परीक्षा प्रणाली से नुकसान उठाना पड़ रहा है। सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर पेपर लीक और उनके पीछे के नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं। सीबीआई जांच का निष्कर्ष क्या होगा और कब आएगा, वह भी अनिश्चित है। केंद्र सरकार ने एक कानून भी लागू किया है। बेहद गंभीर सवाल है कि अनिश्चितताओं के इस दौर में युवा छात्रों का क्या होगा? नीट के अभ्यर्थी भी विभाजित हैं। क्या सफल युवाओं को उनके मेडिकल कॉलेज आवंटित किए जाएंगे या नीट परीक्षा का परिणाम ही रद्द कर दिया जाएगा और परीक्षा दोबारा होगी? यदि समिति और अदालत के अलग-अलग निर्णय सामने आते हैं, तो फिर युवा अभ्यर्थी क्या करेंगे? जो परीक्षा में सफल रहे हैं, क्या वे डॉक्टरी की पढ़ाई शुरू नहीं कर सकेंगे, यह बहुत अहम सवाल है। परीक्षाओं की पवित्रता का निर्वहन करने की बजाय समस्त परीक्षा एजेंसियां धन लोलुपता की शिकार हो चुकी हैं। बार-बार परीक्षाएं स्थगित या रद्द हो रही हैं। विद्यार्थियों के साथ अन्याय हो रहा है। कई कोचिंग क्लासेस केंद्र दलाल बन गए हैं। पेपर लीक से लेकर ग्रेस अंक और असामान्य अंक देना किसी भी परीक्षा संस्था के विरूद्ध सवालों की लड़ियां तो अवश्य खड़ा करेगा। केंद्र सरकार ने नकल विरोधी कानून पिछले दिनों लागू कर दिया है।

इसके प्रावधावों को और कड़ा बनाया जाना चाहिए। निश्चित रूप से जहां नीट परीक्षा के पेपर लीक व ग्रेस मार्क्स में अनियमितताओं को लेकर उठे सवालों के समाधान तलाशने की जरूरत है, वहीं हिंदी व अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के परीक्षार्थियों के साथ न्याय होना भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। परीक्षा के वर्तमान स्वरूप में व्यापक स्तर पर सुधार और साफ-सफाई करनी पड़ेगी, क्योंकि लाखों युवा भारतीयों का भविष्य दांव पर है। बहरहाल, यह मामला जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि गुनाहगार पकड़े जाएंगे और प्रतिभागियों को भी न्याय मिलेगा।

-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।

कविता

स्त्रियां
हर रोज सूरज की नवीन रश्मियों संग
वे फिर से
अपने पंख फैलातीं हैं
रगो में साहस का लहू भरतीं हैं
बिखेरतीं हैं चमकीले रंग
वे
हर समय नहीं मुस्कुरातीं
दिन-रात नहीं खिलतीं
लज्जा से अभिभूत, छुईमुई सी
छल-छद्मों से भरी विषम परिस्थितियों में घिरी स्त्रियां
साहस से उठ खड़ी होती हैं ?ीज
भले ही
गुड़हल के फूलों की तरह
वे
थकतीं भी हैं और नींद में ऊँघती भी हैं
वे गुड़हल के फूलों सदृश फीकापन भी महसूस करतीं हैं
तो उनका चटकीलापन भी
ऊँघना, थकना, मंद पड़ना
मौन होना
और
फिर से भुजाओं में नवीन ऊर्जा भर खड़ा होना
जीत का शंखनाद करना
यकायक चल पड़ना, मजबूती से जीवन-आंधियों से
मुलाकात करना
कभी हंसना
तो कभी जीवन की कड़ी धूप को सहना,
यही तो है
स्त्री जीवन की असली कहानी !

सुनील कुमार

पहाड़, अब सौंदर्य नहीं विनाश के प्रतीक

तनवीर जाफरी

गर्मियों से परेशान होकर प्रायः लोग पहाड़ों का रुख करते हैं। पहाड़ों पर जहां कम तापमान के चलते पर्यटकों को गर्मी से निजात मिलती है तथा शरीर व मस्तिष्क को सुकून मिलता है वहीं हमेशा से ही पहाड़ों का प्राकृतिक सौन्दर्य,ऊँची ऊँची गगन चुम्बी चोटियां,हिमाच्छादित पर्वत श्रृंखलाएं,ग्लेशियर्स,पहाड़ों के लगभग हर मोड़ पर बहने वाले झरने,हरे भरे जंगल, ऑक्सीजन से परिपूर्ण ताजी आब-ो-हवा,गर्मी में भी सर्दी का एहसास दिलाने वाला वातावरण भी पर्यटकों को आकर्षित करता रहा है। परन्तु अब पहाड़ों की हकीकत बदलने लगी है। हिमाचल प्रदेश की शिमला जैसी प्राकृतक सौंदर्यों से भरपूर ठंडी व खूबसूरत राजधानी भी अब जनसँख्या,पर्यटकों व वाहनों के बढ़ते बोझ के कारण गर्मी का एहसास दिलाने लगी है। पिछले दिनों भीषण गर्मी से निजात पाने के लिये पर्वतीय सीमा क्षेत्र सांगला की लगभग 400 किलोमीटर की यात्रा की। इस यात्रा के दौरान पहाड़ों की जो स्थिति देखी वह अत्यंत दुखदायी थी। ग्लोबल वार्मिंग के कारण हिमाच्छादित पर्वत श्रृंखलाएं अब हिम रहित हो चुकी हैं। जिन पर्वत श्रृंखलाओं पर करोड़ों वर्षों से बर्फ की मोटी चादर ढकी हुई थी वे अब अपना हिमावरण उतार चुकी हैं और पत्थरों के पहाड़ साफ नजर आ रहे हैं। हिम रहित पर्वत श्रृंखलाओं के चलते ग्लेशियर भी लगभग समाप्त हो गए हैं। इसकी वजह से हिमाचल प्रदेश में लगभग पूरे वर्ष कल कल कर बहने वाले शीतल जल के झरने अब सूख चुके हैं। लगभग चार दशकों से पर्वतीय अंचलों की यात्रा के दौरान विभिन्न पर्वतीय राज्यों में मैं ने देखा है कि जिस जगह झरने /चश्मे प्रवाहित होते थे वहां पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ जमा हो जाती थी। कोई नहाता था कोई अपनी गाड़ियां धोता था ,कोई शीतल जल पीकर सुकून हासिल करता था। लोग फोटो खींच कर अपनी पर्वतीय यात्रा के यादगार लम्हों को कैमरों में कैद कटे थे। कुछ स्थानीय लोग मक्के की छल्लियाँ या ऋतु के अनुसार कोई स्थानीय फल आदि बेचकर अपना जीविकोपार्जन किया करते थे। परन्तु अब तो यह बातें गोया कहानी किस्से बन चुकी हैं। पहाड़ शुष्क हो रहे हैं। पहाड़ों पर गर्मी बढ़ती जा रही है। शुष्क पर्वतों में भूस्खलन तेजी से हो रहा है। उस पर सोने पर सुहागा यह कि विकास के नाम पर सड़कों का चौड़ीकरण करने के लिये पर्वतों को काटा जा रहा है जिससे करोड़ों पेड़ धराशायी हो रहे हैं। पहाड़ों पर तेज धार से बहने वाली सतलुज,बसपा व स्पीति जैसी अनेक नदियां अब गोया नदी के बजाये नालों की शक्ल ले चुकी हैं।

विद्युत उत्पादन के चलते जगह जगह इन नदियों की धार को रोककर जल विद्युत उत्पादन संयंत्र भी लगाए गए हैं। उधर पर्यटकों की संख्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसकी वजह से वाहनों का तांता लगा रहता है। पर्वतीय क्षेत्रों में प्रदूषण बढ़ने का यह भी एक अहम कारण है।

विचार

भाजपा को उत्तर प्रदेश में पराजय के बोध से उबरना ही होगा

मृत्युंजय दीक्षित

उत्तर प्रदेश की जनता ने 2024 लोकसभा चुनावों में हैरान करने वाले चुनाव परिणाम दिये हैं । भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में 80 में से 80 लोकसभा सीटें जीतने का नारा दिया था किंतु भाजपा गठबंधन मात्र 37 सीटों पर ही सिमटकर रह गया। भाजपा अयोध्या वाले संसदीय क्षेत्र फैजाबाद तक से हार गई जहाँ प्रभु श्रीराम दिव्य भव्य एव नव्य राम मंदिर में प्रवेश कर चुके हैं तथा विविध प्रकार के विकास कार्य चल रहे हैं । ये हार हर किसी कोआश्चर्य में डाल रही है । आज भी हर तरफ यही चर्चा हो रही है कि अरे भाजपा फैजाबाद में कैसे हार गई ?आखिर क्यों, फिर यह चर्चा लंबी खिंच जाती है और भाजपा समर्थकों व शुभचिंतकों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंचने लगती हैं किअब होगा क्या ? भाजपा का हर शुभचिंतक अपने अपने स्तर पर गहन समीक्षा कर रहा है किंतु क्या बीजेपी आलाकमान व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जनमानस की चिंताओं के साथ खड़े हैं या नहीं। महिलाएं भी अयोध्या पराजय पर चर्चा कर रही हैं कि फ्री राशन, घर, शौचालय, दवाई व राम मंदिर के बाद भी भाजपा क्यों पराजित हो गई? प्रदेश में भाजपा की पराजय के जो मुख्य बिंदु निकलकर सामने आ रहे हैं उसमें प्रत्याशियों का गलत चयन, राजग गठबंधन के नेताओं की गलत बयानबाजी, क्षत्रियों व राजपूतों की नाराजगी को हलके में ले लेना तथा मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में वोट जिहाद का हो जाना आदि तो था ही मीडिया की मानें तो संघ व भाजपा के बीच आतंरिक टकराव भी एक कारण रहा । वर्तमान समय में जब नरेंद्र मोदी सरकार के नेतृत्व में ऐसे ऐसे अदभुत कार्य हो रहे हैं जिनका प्रभाव हजार साल तक रहने वाला है उस समय संघ नेतृत्व ने इतनी बड़ी गलती क्यों कर दी? क्या वो सच ही मोदी जी का अहंकार तोड़ना चाहते थे या अपने ही पैरों में कुल्हाड़ी मार रहे थे ? क्या स्वयं को मातृ संस्था कहने वालों को भी आत्मसंयम का परिचय नहीं देना चाहिए था? ये कठिन प्रश्न मीडिया और सोशल मीडिया में जंगल की आग की तरह फैल चुके हैं। इसे पूरे दावानल में आम सनातनी ठगा सा खड़ा है। प्रदेश में भाजपा की पराजय के साइड इफैक्ट हर तरफ दिखने लगे हैं। जिन जिलों में इंडी गठबंधन के सांसद बने हैं उन जिलों में आपराधिक गतिविधियों में जबरदस्त तेजी आई है। सीतापुर जिले में नए बने कांग्रेस सांसद ने थाने में धरना देकर एक नाबालिग अपराधी को थाने से ही छुड़ा लिया। इकरा हसन के समर्थकों ने हिन्दुओं पर हमला बोला और सोनभद्र में एक हिन्दू परिवार घर छोड़ने को विवश है, ऐसी ही अनेक घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। लोकसभा चुनाव समाप्त हो जाने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों का भाजपा कार्यकताओं के साथ दुर्व्यव्यहार बढ़ता जा रहा है।राजधानी लखनऊ में वाहन जांच के नाम पर भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी के साथ अभद्रता की गई यद्यपि घटना के बाद ट्रैफिक दारोगा आशुतोष त्रिपाठी को निलंबित कर दिया गया है। राकेश त्रिपाठी का कहना है कि पुलिस भाजपा का झंडा लगा देखकर वाहन को रोक रही है जब लखनऊ में भाजपा प्रवक्ता के साथ इस प्रकार की घटना घटित हो रही है तब प्रदेश के दूसरे जिलों में क्या हाल हो रहा होगा। प्रदेश का पुलिस प्रशासन अभी भी लापरवाही तथा भ्रष्टाचार में संलिप्त है तथा महिला थाने तक में पीड़ितों से रिश्वत मांगी जा रही है। हालाँकि अकबरनगर का अतिक्रमण हटाकर सरकार ने सख्त प्रशासन की अपनी छवि बचाने का प्रयास किया है ।

मीडिया की मानें तो राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने उप्र के अवध क्षेत्र की सीटों पर जीतने का जोर नहीं लगाया, अगर यहाँ पर ताकत लगा दी जाती तो भाजपा की कम से कम आठ सीटें तो और बढ़ ही जातीं किंतु मेड़ ही खेत से मुँह मोड़ चुकी हो तो क्या ही कहा जाए। आम सनातनी योगी मोदी की कम सीटों से दुखी है और समाचारों में देखता है कि ये संघ के असहयोग के कारण हुआ है तो उसका मन व्यथित होता है और संघ पर दशकों से किया गया विश्वास डगमगा जाता है । अहंकार किसी का भी हो लेकिन केवल योगी या मोदी नहीं, संघ भी हारा है और अस्तित्व की लड़ाई से जूझ रहा हिन्दू भी।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज (9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

ये बाजपेयी के नहीं मोदी के नेतृत्व की सरकार है

राकेश अचल

अठारहवीं लोकसभा में यद्यपि सरकार को पहले ही दिन विपक्ष के तेवरों का सामना करना पड़ा है ,लेकिन विपक्ष को भी याद रखना चाहिए कि 2024 में भाजपा के नेतृत्व में तीसरी बार गठबंधन की सरकार बनी है और इसकी अगुवाई प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी कर रहे हैं । ये सरकार अटलबिहारी बाजपेयी की सरकार नहीं है जिसे आसानी से अपदस्थ किया जा सके। नरेंद्र दामोदर दास मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनी गठबंधन की सरकार में हालाँकि भाजपा की ताकत 2014 और 2019 जैसी नहीं है ,लेकिन भाजपा की हैसियत अभी भी मरे हुए हाथी जितनी तो है ही ,यानि कम से कम सवा लाख की। इसलिए विपक्ष ये सपने देखना छोड़ दे कि इस सरकार को फूंक मार कर उड़ाया या गिराया जा सकता है। वैसे भी 2024 में देश की जनता ने भाजपा और विपक्ष को स्पष्ट जनादेश नहीं दिया है । भाजपा की ताकत कम कर उसे बैशाखनंदन बना दिया है वही विपक्ष को ताकत देकर ये संकेत दिया है कि यदि उन्हें सत्ता तक पहुंचना है तो एकता बनाये रखते हुए अगले चुनाव तक काम करना पड़ेगा ,हुलफुलाहट में विपक्ष यदि कोई कदम उठता है तो वो देश के लिए भारी पड़ सकता है। नयी संसद के पहले ही दिन विपक्ष ने संविधान की प्रतियां लेकर जो जुलूस निकला उससे नयी सरकार भयभीत कदाचित नहीं हुई है। प्रधानमंत्री ने संसद में प्रवेश से पहले जिस तरीके से आपातकाल का पुण्य स्मरण किया है उससे जाहिर है कि न उनके सिर से कांग्रेस का भूत अभी उतरा है और न उनका देश को कांग्रेस विहीन करने का लक्ष्य ही बदला है। मोदी जी लंगड़ी-लूली सरकार के जरिये भी अपने पुराने लक्ष्य को हासिल करने के लिए वो सब करेंगे जो उन्होंने अपनी पिछली सरकारों में किया था।

विपक्ष लाख संविधान की प्रतियां लहराए वो नयी सरकार के बढ़ते हुए कदमों को शायद नहीं रोक पायेगा। विपक्ष की ताकत का अंदाजा लोकसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में ही हो जाएगा। नए जनादेश में सब कुछ स्पष्ट है। विपक्ष को विपक्ष की भूमिका में तब तक रहना है जब तक कि नए आम चुनाव नहीं हो जाते । कायदे से चुनाव पांच साल बाद होना चाहिए लेकिन मौजूदा सूरतेहाल में ये चुनाव कभी भी हो सकते हैं।

क्या चल रहा है

डॉ. सुरेश कुमार

कल हमने किसी से पूछ लिया झ भई! और आजकल क्या चल रहा है? भाई साहब ऐसे जवाब देने लगे कि मानो मेरे इसी सवाल के लिए कई दिनों से टकटकी लगाए बैठे थे। उन्होंने कहा झ आजकल खुद्दम खुदाई का खेला चल रहा है। जो पसंद न आए उनका नाम बदला जा रहा है। अपनों को छोड़ गैरों पर बुल्डोजर चल रहा है। अस्पतालों में तू मर-मैं आया का खेला चल रहा है। शराब की दुकानों से सुख और अस्पतालों से दुख खरीदने का धंधा चल रहा है। पुलिस से कम समाचार चैनलों से ज्यादा डराने का खिलवाड़ चल रहा है। चेहरे पर गाय और भीतर से भेडिए का ब्रेकडांस चल रहा है। नौकरी के नाम पर पकौड़ों और चाय का धंधा चल रहा है। कहीं गलाफाड़ने तो कहीं छाती पीटने का संगीत चल रहा है। पेड़ों को काटकर सिलेंडर में हवा भरने का तमाशा चल रहा है। लोगों को कम आंकड़ों को ज्यादा गिनने का तमाशा चल रहा है। कुंभ में डुबकी लगाकर पाप धोने का कहकहा चल रहा है। ऑफलाइन की दुनिया में ऑनलाइन का धमाका चल रहा है। बच्चों पर स्मार्ट होने के नाम पर किताबों से दूर करने वाले ऑनलाइन गेमों का जादू चल रहा है। विपक्ष सरकार के बाल तो सरकार विपक्ष की खाल नोचने की चाल चल रहा है। महंगाई के चलते भुखमरों, बेरोजगारों का शहर छोड़ने तो अमीरों का नए-नए व्यंजन बनाकर यूट्यूब पर लाइक्स के लिए गिड़गिड़ाने का नाटक चल रहा है। कुल मिलाकर देश कछुए की चाल चल रहा है। भई मुझे माफ करो! मुझे बख्श दो! लगता है मेरा समय खराब चल रहा है। इतना कहते हुए मैं वहाँ से नौ-दो ग्यारह हो गया।

न्यूज फ्लैश

हंगामा टीवी के कलाकारों के साथ वर्ल्ड म्यूजिक डे को मस्ती भरे अंदाज में मनाइए

नई दिल्ली। दिल्ली एनसीआर के इंपरफेक्टो पेटियो में 28 जून की रात 8 बजे से लिफाफा की इस म्यूजिकल महफिल जमने वाली है, तो इस प्रोग्राम में शामिल होने के लिए इस दिन समय निकालना न भूलें। इस प्रोग्राम के प्रस्तुतकर्ता है हंगामा डिजिटल मीडिया एंटरटेन्मेंट और उनके साथ भागीदार हैं स्किलबॉक्स, रात 8 बजे से शुरू होने वाले इस कॉन्सर्ट में अलग तरह के संगीत का आनंद मिलना तय है लिफाफा को तैयार किया है सूर्यकांत साहनी ने। सूर्यकांत साहनी भारत के म्यूजिक में कई तरह की आवाजों और भाषाओं के जरिए नए प्रयोग कर रहे हैं और इन प्रयोगों से रचे संगीत को श्रोताओं तक लेकर आ रहे हैं। उनकी लाइव परफॉर्मेंस में इस बात की झलक साफ दिखाई देगी कि वे किस तरह अपने हुनर से म्यूजिक में नया कमाल कर रहे हैं। इस कॉन्सर्ट का हिस्सा बनने वाले श्रोताओं को लिफाफा का गीत जागो सुनने को मिलेगा जिसमें आवाज और इंस्ट्रूमेंट की गजब की जुगलबंदी है और दिन रात ट्रैक भी सुनने को मिलेगा जो नए और पुराने संगीत की खासियत को जोड़ने की लिफाफा की सिग्नेचर स्टाइल को बताता है। हंगामा डिजिटल मीडिया की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सौमिनी पॉल ने इसके बारे में कहा, परंपरा से चले आ रहे संगीत के बीच लिफाफा की प्रस्तुति एक अलग हवा का झौंका है। यह श्रोताओं को एक बिलकुल अलग अनुभव देती है। इंपरफेक्टो पेटियो में होने वाला यह प्रोग्राम इनोवेटिव सोच को आगे बढ़ाने और वर्ल्ड म्यूजिक डे फेस्टिवल- सीजन 5 में अलग तरह के संगीत का आनंद उठाने का बेहतरीन मौका है। 21 जून से शुरू हुए संगीत के सालाना जलसे वर्ल्ड म्यूजिक डे फेस्टिवल- सीजन 5 में अलग-अलग तरह की सांगीतिक प्रतिभाओं से रूबरू कराने की परंपरा इस बार भी जारी है। इस बार इस आयोजन में लिफाफा की प्रस्तुति खास आकर्षण है। कॉन्सर्ट को लेकर श्रोताओं की जो पारंपरिक सोच होगी उसे लिफाफा की प्रस्तुति पूरी तरह बदलकर रख देगी।

एयर इंडिया ने किडजानिया के साथ हाथ मिलाया

नोएडा। भारत की वैश्विक विमान सेवा एयर इंडिया ने दुनिया भर में प्रतिष्ठित शैक्षिक व मनोरंजन ब्रांड किडजानिया के साथ मिलकर किडजानिया के नोएडा एवं मुंबई स्थित थीम पार्कों में एयर इंडिया ऐविएशन अकेडमी लांच करने की घोषणा की है। इस अकेडमी में बच्चे एक मॉडल एयरक्राफ्ट के भीतर पायलट व केबिन क्रू की भूमिकाएं निभाते हुए ऐविएशन इंडस्ट्री में करियर बनाने संबंधी जानकारी प्राप्त करेंगे। इस अकेडमी में बच्चे एयर इंडिया की फ्लीड का मॉडल देखेंगे, उसकी सुविधाओं, नई ब्रांडिंग, रंगों व पोशाक के बारे में जानेंगे। इसका लक्ष्य है बच्चों को इंट्रैक्टिव और दिलचस्प रोल-प्ले गतिविधियों के जरिए ऐविएशन इंडस्ट्री के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अनूठा अवसर दिया जाए। किडजानिया इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर राहुल धमधेरे ने कहा, एयर इंडिया ऐविएशन अकेडमी के लांच के जरिए एयर इंडिया के साथ अपनी भागीदारी का विस्तार करते हुए हम बहुत रोमांचित हैं। शिक्षा और मनोरंजन के मिश्रण से यह अकेडमी बच्चों को ऐविएशन इंडस्ट्री की व्यावहारिक समझ प्रदान करेगी। हमारा लक्ष्य है छोटी उम्र से बच्चों में ऐविएशन करियर के बारे में दिलचस्पी पैदा की जाए और एयर इंडिया के सहयोग से हम बेमिसाल अनुभव पेश कर सकते हैं जो मजेदार और शिक्षाप्रद हो। एयर इंडिया के मार्केटिंग प्रमुख सुनील सुरेश ने कहा, एयर इंडिया का लक्ष्य है बच्चों के लिए अर्थपूर्ण अनुभवों की रचना करना और आगामी पीढ़ियों को प्रेरित करना। किडजानिया के नोएडा एवं मुंबई थीम पार्कों में एयर इंडिया ऐविएशन अकेडमी बच्चों को ऐविएशन कौशल का व्यावहारिक प्रशिक्षण देगी जिससे उनमें इस उद्योग की समझ उत्पन्न होगी और वे सुरक्षा एवं टीम वर्क का महत्व भी समझेंगे। नोएडा व मुंबई में किडजानिया थीम पार्क में अतिरिक्त फीचर होंगे जैसे बच्चों व पेरेंट्स के लिए सैल्फी पॉइंट जहां पृष्ठभूमि में एयर इंडिया का जहाज होगा, एयर इंडिया के इतिहास पर एक सेक्शन होगा तथा एयर इंडिया क्विज एवं एयर इंडिया की नई एयरक्राफ्ट फ्लीट व गंतव्यों के बारे में जानकारी होगी। प्रवेशद्वार पर लाइव फ्लाईट ट्रैकर डिस्प्ले द्वारा बच्चे ऐविएशन की वास्तविक दुनिया का ज्ञान प्राप्त कर पाएंगे। यह डिस्प्ले दुनिया के विभिन्न हिस्सों में उड़ान भर रहे हवाई जहाजों पर रियल-टाईम सूचना प्रदर्शित करेगा।

भाजपा ने इमरजेंसी की 50वीं बरसी को काला दिवस के रूप में मनाया

इमरजेंसी के दौरान विपक्षी नेताओं को दी गई तरह-तरह की यातनाएं : एडवोकेट वेदपाल

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। आज इमरजेंसी की 50वीं बरसी है, 25 जून 1975 को तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने देर रात देश में आपातकाल की घोषणा की थी, जिसे इंदिरा गांधी ने करीब पौने दो साल तक लगाए रखा। उस दौर के लोग अब भी याद कर सिहर जाते हैं। इसी आपातकाल के रोष स्वरूप आज भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में कांग्रेसी शासन काल में लगाये गये आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट वेदपाल, भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला, पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, संजय राणा, जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम सह संयोजक सुनील गोयल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्यक्रम के संयोजक अशोक भंडारी, अमर नाथ सौदा, जिला मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष मीना काम्बोज, डा. अमित कुमार सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट वेदपाल ने बताया कि आज इमरजेंसी की 50वीं बरसी है।आज ही के दिन 25 जून 1975 को तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की थी। उन्होंने इमरजेंसी के कारण का जिक्र करते हुए कहा कि दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी की संसद सदस्यता के चुनाव को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया गया था। इस पर इंदिरा गांधी बौखला गई और उन्होंने आनन फानन में 25 जून की रात को देश में आपातकाल लगा दी। उन्होंने बताया कि यह आपातकाल 21 मार्च 1977 तक 19 महीने तक लागू रहा और आपातकाल लगते ही विपक्ष के एक-एक नेता को चुन चुन कर पकड़ कर जेल में बंद किया गया और उन्हें तरह तरह की यातनाएं दी गई। आंदोलन से जुड़े युवाओं को भी पकड़ा गया। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने मंत्रिमंडल और राष्ट्रपति के बिना सलाह के अचानक आधी रात को आपातकाल की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि आपातकाल लगने के बाद बहुत तेजी से संघ और भाजपा के अलावा विपक्ष के अन्य नेताओं को पकडकर जेल भेज दिया गया।

नशा व्यक्तित्व के विनाश, निर्धनता की वृद्धि और मृत्यु के द्वार खोलता है

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के कुशल मार्गदर्शन में नशा मुक्त भारत अभियान को निरंतर आगे बाते हुए जिला पुलिस की काउंसलिंग सेल इन्चार्ज महिला निरीक्षक राजेश लता ने आज जय दुर्गा राईस मिल्ज मदनपुर करनाल और दूनार फूड प्राइवेट लिमिटिड बजीदा रोड करनाल में श्रमिकों व अन्य वर्करों को नशे के विरूद्ध जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में युवा पीढ़ी को नशे की ओर अग्रसर होते देख किसे दुख नहीं होता। कुछ लोग अपनी मर्जी से नशा करते हैं, कुछ शौकिया तौर पर और कुछ कुसंगत के कारण नशे की लत का शिकार हो जाते हैं। निरीक्षक राजेश लता ने कहा कि नशा व्यक्ति की सेहत व उसके परिवार पर बहुत बुरा प्रभाव डालता है। नशे से कैंसर जैसी गंभीर बिमारीयां व्यक्ति के हो जाती हैं, दिमागी बिमारीयां उसे घेर लेती हैं, जीवन नशे और कलह के सिवा और किसी चीज के लिए स्थान नहीं रह जाता। नशा करने वाले व्यक्ति का परिवार हर समय आर्थिक कमी और न जाने कितने प्रकार की पीड़ा से गुजरता है।

जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। जिले के गांव खिजराबाद में जमीन के नाम पर 17 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने रजिस्ट्री करवाने के नाम पर 15 लाख रुपये एडवांस ले लिए और जमीन का लोन चुकाने के लिए दो लाख रुपये अलग से ले लिए। इसके बाद आरोपी बार-बार रजिस्ट्री की तारीख बदलते रहे। पीड़ित ने जब अपने पैसे वापस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकियां मिलने लगीं। अब न तो आरोपी जमीन की रजिस्ट्री करवा रहे हैं और न ही उसके पैसे लौटा रहे हैं। इसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत असंध थाना पुलिस को दी है।

लक्की राव सिगड़ा ने महाप्रबंधक रोडवेज रेवाड़ी को लिखा पत्र

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

महेंद्रगढ़। बीएमडी फाउंडेशन चेयरमैन लक्की राव सिगड़ा ने हरियाणा रोडवेज रेवाड़ी के जीएम देवदत्त से मुलाकात कर रेवाड़ी से महेंद्रगढ़ रुट पर रात्रि के समय बस चलवाने की मांग की। चेयरमैन लक्की राव सीगड़ा ने बताया कि रेवाड़ी से महेंद्रगढ़ रूट पर रात्रि के समय प्रतिदिन लगभग सैकड़ों यात्री आवागमन करते हैं, प्रतिदिन यात्री रेवाड़ी, बावल, धारूहेड़ा एवं मानेसर सहित अन्य स्थानों से ड्यूटी पूरी करके देर रात लगभग साढ़े आठ बजे के आसपास रेवाड़ी बस स्टैंड पहुंचते हैं। लेकिन यहां से महेंद्रगढ़ के लिए बस सुविधा होने पर यात्री जैसे-तैसे साधनों से परेशान होते हुए अपनी व्यवस्था कर रात को 12 से एक बजे तक अपने घर पहुंचते है। सुबह फिर इन्हें लगभग पांच बजे अपने परिवार के जीवन यापन के लिए निजी कंपनी या अन्य स्थानों पर ड्यूटी करने जाना पड़ता हैं। यात्रियों को प्रतिदिन मानसिक एवं आर्थिक समस्याओं से जुझना पड़ता है। गौरतलब हैं कि कोविड से पहले एक बस रेवाड़ी से महेंद्रगढ़ लगभग साढ़े आठ बजे चलती थी। उस बस से यात्री बिना किसी परेशानी के महेंद्रगढ़ लगभग दस बजे तक पहुंच जाते थे। इस समय में उनको आने-जाने की कोई समस्या नहीं आती थी। विभाग द्वारा वर्ष 2021 में इस बस का अचानक संचालन बंद कर दिया गया था। तब से आज तक देर रात घर पहुंचने वाले यात्रियों को लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

लक्की राव सिगड़ा ने बीएमडी फाउंडेशन के माध्यम से महाप्रबंधक से जनहित में यात्रियों को प्रतिदिन हो रही है समस्या को देखते हुए रात्रि लगभग साढ़े आठ बजे के बाद आवश्यकतानुसार एक या दो बस चलाने की मांग की। महाप्रबंधक देवदत ने भी जल्द से जल्द इस समस्या पर संज्ञान लेने का आश्वासन दिया।

डीसी ने लगाया समाधान शिविर

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

महेंद्रगढ़। उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) की अध्यक्षता में आज महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक भवन में कैंप कार्यालय एवं समाधान शिविर लगाया गया। हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार चल रहे इस कार्यक्रम के दौरान आज 65 शिकायतें आईं। इनमें से अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया गया। नागरिकों ने सरकार के इस कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों को लगाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को एक ही छत के नीचे जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करना है। सभी विभागों के अधिकारी हर रोज उपमंडल स्तर पर सुबह 9 से 11 बजे तक शिकायतें सुनते हैं। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे हर शिकायत को पूरी गंभीरता के साथ दूर करें। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों में प्रोपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, स्थानीय निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र, नगर पालिकाओं से नक्शे की स्वीकृति, समाज कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पुलिस से संबंधित शिकायतों, बिजली, सिंचाई, जनस्वास्थ्य से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जा रही है।

आप रैली में भिड़े पार्टी कार्यकर्ता, सुशील गुप्ता का विरोध

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। नई अनाज मंडी में आयोजित आम आदमी पार्टी की रैली में पार्टी कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। पार्टी के किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष कर्ण धनखड़ ने प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता का विरोध किया और हंगामा किया। इस दौरान कार्यकताओं ने उनके साथ मारपीट भी की। कर्ण सिंह धनखड़ ने आरोप लगाया कि कुरुक्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दौरान आप प्रत्याशी सुशील गुप्ता ने दो लाख रुपये की मांग की थी, लेकिन मैं अपनी आर्थिक तंगी के कारण पैसे देने में असमर्थ था। सुशील गुप्ता ने मुझे धमकाया था, जिसका नतीजा यह हुआ कि रविवार को गुप्ता ने कांग्रेस पार्टी के प्रभाव में आकर मुझे उपाध्यक्ष पद से निलंबित कर दिया। 2 लाख रुपए की मांग और धमकियों के कारण कर्ण धनखड़ मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान हो गया था, जिसकी शिकायत उसने 23 जून को रोहतक बस स्टैंड चौकी में की थी। आप के राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. संदीप पाठक सहित अन्य वरिष्ठ नेता करनाल में आयोजित रैली में शामिल हुए, लेकिन पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल को जमानत नहीं मिलने के कारण उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल रैली में शामिल नहीं हो सकी। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारियों को देखते हुए यह रैली आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि आज करनाल में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसमें हरियाणा के विभिन्न हिस्सों से कार्यकर्ता पहुंचे हैं। हम पूरे जोश और उत्साह के साथ रैली कर रहे हैं और इसके बाद हमारे कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जाकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।

लोगों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

महेंद्रगढ़। नशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ा के 26 जून तक लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस टीम द्वारा जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में लगातार जागरूक कर रहीं हैं। इसी मुहिम के तहत मंगलवार को थाना सदर पुलिस टीम ने लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया, नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा लाखों परिवार बर्बाद कर चुका है और कर रहा है, जिस वजह से हर साल हजारों नवयुवक नशे की दलदल में फंसकर अपनी जान गंवा बैठते हैं। उन्होंने कहा कि नशे से पीड़ित व्यक्तियों को नशा छुड़ाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना पुलिस के साथ-साथ आमजन का भी कर्तव्य है। इस दौरान ग्रामीणों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। पुलिस टीम ने लोगों से कहा कि अपने बच्चों का ध्यान खेलों की तरफ करो ताकि बच्चे नशे की तरफ ध्यान भी नहीं दे सकें। टीम ने लोगों को जागरूक करते हुए नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। टीम ने लोगों से अपील की कि नशीले पदार्थ बेचने वालों की सूचना पुलिस को दें।

आम नागरिकों के लिए वरदान साबित हो रहा है प्रशासन का समाधान शिविर

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। समाधान शिविर लोगों की समस्या का मौके पर निदान करने के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। इन शिविरों में रोजाना दर्जनों लोग अपनी समस्याओं का मौके पर समाधान करवा रहे हैं। यह शिविर अब लोगों की हर समस्या के समाधान का एक माध्यम बन रहा है। अहम पहलू है कि जिला स्तर के समाधान शिविरों में 28 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया है। उपायुक्त उत्तम सिंह के साथ-साथ एसडीएम स्तर के अधिकारी स्वयं समाधान शिविरों में सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक लोगों की समस्याओं को सुनते है और उनका मौके पर समाधान करते है। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय के अलावा उपमंडल स्तर पर आयोजित किये जा रहे समाधान शिविर लोगों के चेहरों पर सुखद अनुभूति का अहसास करा रहे हैं। शिकायत का समाधान होने पर न केवल उनके चेहरे की शिकन दूर हो रही हैं, बल्कि सरकार का भी आभार जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है। इस समाधान शिविर में सीएचडी सिटी के मकान नंबर 580 की निवासी मीनाक्षी भी समस्या के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंची। उन्हें अपनी प्रॉपर्टी आईडी की ही जानकारी नहीं थी। निगम कर्मचारियों ने गूगल मैप की मदद से उनकी प्रॉपर्टी आई का पता लगाया। साथ ही मोबाइल नंबर व एरिया भी अपडेट किया। मीनाक्षी ने इसके लिए प्रशासन का आभार जताया। अवतार सिंह कालोनी के श्याम लाल गुप्ता का भी नगर निगम रिकार्ड में मोबाइल अपडेट किया गया। इसके अलावा पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मकान नंबर 541 की निवासी उर्मिला ने नाम शुद्धि के लिये पहले से आवेदन कर रखा था। शिविर में आकर उन्हें पता चला का नाम ठीक कर दिया गया है। लगे हाथों उन्होंने मोबाइल नंबर भी अपडेट करा लिया। समस्या के समाधान से उर्मिला काफी खुश नजर आईं। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से मौके पर ही समस्या का निपटारा होने से लोगों को बहुत राहत मिल रही है। आज करनाल के अलावा नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में आज भी समाधान शिविरों का आयोजन किया गया, इनमें विभिन्न विभागों से संबंधित 28 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित शिविर में आज 12 का समाधान किया, दो शिकायतें रद्द कर दी गई।

आज भी कांग्रेस की सुल्तानिया मानसिकता गई नहीः भट्ट

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 25 जून 1975 को काला दिवस के रूप में जाना जाएगो आपातकाल लोकतंत्र पर न मिटने वाले काले धब्बे के समान है` भारत के नागरिक इस काले दिवस की घटना को कभी नहीं भूल पाएगे` और 25 जून को प्रीतवर्ष लोकतन्त्र के सेनानियो को नमन करते रहेंगे। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने जिला कार्यालय में आयोजित आपातकाल झ एक काला अध्याय नामक समारोह को संबोथित करते हुए व्यक्त किए` उन्होंने कहा कि भारत में यूं तो प्राचीन काल से ही लोकतंत्र को महत्त्व दिया जाता रहा है और अधिकतर समस्याओं का समाधान पंचायतों के माध्यम से होता रहा है लेकिन आजादी के बाद देश की संविधान सभा ने विश्व के सभी बड़े देशों के संविधानों का अध्ययन कर-के ही देश में शासन करने की लोकतांत्रिक व्यवस्था लागू की थी` तब किसी को क्या पता था कि एक दिन कोई अदना सा नेता व्यक्तिगत स्वार्थों की पूर्ति हेतु भारत माता को गुलाम बनाने के लिए 25 जून 1975 को आपातकाल लागू कर देगा` उन्होंने कहा कि कांग्रेस वाले कुछ भी कहें लेकिन उस समय के प्रधानमंत्री के विरुद्ध इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा से बचने के लिए ही इस महान लोकतांत्रिक देश भारत पर आपातकाल लगाने की घोषणा की` भारतीय जनता पार्टी भारतीय सभ्यता, संस्कृति, राष्ट्रीय एकता, अखंडता, देशभक्ति और लोकतंत्र को बचाने की आवाज उठाने वाले उन सभी लोगों और संगठनों को नमन करती है` जो लोग भारत की लोकतांत्रिक परम्पराओं में निष्ठां रखते हैं और देश के संविधान की गरिमा के प्रति समर्पित हैं वे इस काले दिवस को कभी नहीं भूल पाएंगे उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महान बलिदानी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. मंगलसेन जैसे नेताओं के बताए अन्त्योदय के मार्ग पर चलते हुए समाज के गरीब से गरीब व्यक्ति को गरीबी से निकाल कर मुख्य धारा में लाने के सभी प्रयास करती है

उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, मोरारजी देसाई, आचार्य कृपलानी, जॉर्ज फर्नान्डिस और केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, देवी लाल, प्रकाश सिंह बादल, भैरों सिंह शेखावत, एचडी देवगौड़ा, अरुण जेटली, नानाजी देशमुख, एम करुणानिधि सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के तमाम नेताओं को भी ने केवल जेलों में डाला गया बल्कि उन्हें अनेक प्रकार की यातनाएं भी दी गई समारोह में इन सभी नेताओं को बार बार याद किया गया।

अमेजन प्राइम ने ' सच में टू मच ' 2.0 अभियान की घोषणा की

टीम एक्शन इंडिया

नोएडा: अमेजन प्राइम 'जॉय ऑफ मोर' की खोज का सार प्रस्तुत करता है। एक ही सदस्यता के साथ, ग्राहक पढ़ने, गेमिंग और संगीत से लेकर खरीदारी, शिपिंग, मनोरंजन और उससे भी आगे तक कई तरह के अनगिनत लाभ प्राप्त कर सकेंगे। यह ऑल - एक्सक्लुसिव मेंबरशिप "#" की भावना को पूरी तरह से दशार्ती है, जो एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करती है और जो उनके जीवन के हर पहलू को समृद्ध भी करती है। इस विचार को जारी रखते हुए अमेजन प्राइम अपने सफल अभियान सच में टू मच कैम्पेन, की दूसरी किस्त के साथ वापस आ गया है. एक ऐसा टेलीविजन और डिजिटल विज्ञापन, जो पड़ोसियों के बीच जीवन की स्थितियों को दिखाता है, जिससे प्राइम सदस्यता द्वारा उसी दिन मुफ्त डिलीवरी के माध्यम से प्रदान किए जाने वाले मूल्य असीमित बचत और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन पर प्रकाश डाला गया है। यह अभियान नए ग्राहकों के लिए प्राइम सदस्यता की आकांक्षा पैदा करने के लिए संबंधित परिदृश्यों को दशार्ता है और साथ ही मौजूदा ग्राहकों के लिए लाभों पर प्रकाश डालता है। दो टीवीसी (मल्टी-बेनिफिट ` स्पीड) स्पीड, बचत और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन के लाभों को प्रदर्शित करते हैं। दोनों फिल्में अन्य प्राइम लाभों को दोहराती हैं जैसे उसी दिन डिलीवरी, अमेजन पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड पर 5% कैशबैक, विस्तृत चयन और मनोरंजन। यह अभियान मजेदार अमेजॅन प्राइम शुभंकर - बॉक्सट्रोपोलिस को भी जीवंत करता है, जो अधिक विविध और इंटरैक्टिव बनने के लिए विकसित हुआ है।अभियान के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, अमेजन इंडिया की निदेशक - ग्रोथ एंड कंजुमर मार्केटिंग, प्रज्ञा शर्मा ने कहा, हम एक अत्यधिक गतिशील उपभोक्ता परिदृश्य में काम करते हैं।

न्यूज फ्लैश

संगत ने पूरी निष्ठा व श्रद्धा से किया अपने कर्तव्य का निर्वाहन: अजराना

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश उत्सव समागम में सहयोग करने वाले संत-महापुरुषों एवं अलग-अलग जत्थेबंदियों का हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी कुरुक्षेत्र के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने आभार जताया है। अजराना ने कहा कि मीरी-पीरी के मालिक श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व समागम हरियाणा कमेटी ने बड़ी श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया है। सात दिवसीय इस समागम में जहां कार सेवा वाले संत-महापुरुषों ने अलग-अलग तरह से सहयोग दिया, वहीं कुरुक्षेत्र शहर की अनेक धार्मिक जत्थेबंदियों समेत दिल्ली की जत्थेबंदी ने भी भरपूर सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि समागम के दौरान संत महापुरुष बाबा कश्मीर सिंह भूरी साहिब वाले, संत बाबा अमरीक सिंह पटियाला वाले, बाबा सुबेग सिंह तरणतारण वालों ने ब्रैड-पकौड़ों, भालू शाही, जलेबी, कोल्ड्रिंक, मिठाई, कुल्फी, दही भल्ले, टिक्की, जलजीरा, ठंडे पानी की छबील लगाई। इसके अलावा संत महापुरुषों के सेवादारों ने हर प्रकार से हरियाणा कमेटी का सहयोग किया। अजराना ने कहा कि इसके साथ ही श्री गुरु तेग बहादुर सेवक जत्था गुरुद्वारा शीशगंज साहिब दिल्ली, शबद चौकी जत्था, श्री गुरु तेग बहादुर सेवक जत्था, श्री सुखमणि साहिब सेवा सोसायटी गुरुद्वारा साहिब पातशाही छटी व गुरुद्वारा पटा साहिब, श्री गुरु ग्रंथ साहिब सेवा सोसायटी, हेमकुंट सेवा सोसायटी, भाई तारु सिंह सेवा दल, हरि के सेवक जत्था, स्त्री सत्संग सभा गुरुद्वारा साहिब पातशाही छटी व सातवीं, गुरु नानक सीनियर सैकेंडरी स्कूल विशेष रूप से सहयोग किया। इन सभी जत्थेबंदियों के प्रतिनिधियों ने अलग-अलग कार्यों में अपनी भूमिका निभाते हुए समागम में पूर्ण रूप से सहयोग किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा कमेटी द्वारा सेवा संभाल के बाद यह दूसरा समागम था, पहला समागम भी संस्था द्वारा बड़े श्रद्धाभाव से मनाया गया था और अब एसएसजीपीसी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध के नेतृत्व में भी श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज का प्रकाश पर्व बड़े उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया है। स्पोकसमैन ने कहा कि समागम में कर्मचारियों ने दिन रात मेहनत कर अपनी ड्यूटी का निर्वाहन पूरी निष्ठा से किया है, जबकि शहरवासी संगत के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब एवं हरियाणा के अलग-अलग जिलों से यहां पहुंची संगत ने भी बड़े ही श्रद्धाभाव से समागम में पूर्ण रूप से सहयोग किया है। इस मौके पर उनके साथ सिख नेता नरेंद्र सिंह गिल, एडिशनल सैकेटरी सतपाल सिंह डाचर सहित अन्य मौजूद रहे।

दूसरे के कष्ट सहने का संदेश देते है नील कंठ: गजेंद्र सलूजा

पानीपत/कमाल हुसैन

शिव भगवान नील कंठ दूसरे के कष्ट सहकर समाज की सेवा करने का संदेश देते है। नील कंठ महाराज ने विष पीकर देवताओं तथा सृष्टि की रक्षा की हमे भी अपने उपर चाहे कितने कष्ट आए परन्तु हमें सदेव समाज के कष्ट दूर करने में अपनी पूरी क्षमता लगा देनी चाहिए। ये शब्द भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा ने बिशन स्वरुप कालोनी स्तिथ निराला धाम,शिव मंदिर में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही। कार्यक्रम में पहुंचने पर हरीश मल्होत्रा,सतीश अगी तथा दीपक मल्होत्रा ने पगड़ी पहनाकर तथा अन्य लोगो ने माला पहनाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर तथा शाल शाल ओढाकर गजेंद्र सलूजा का स्वागत किया।

राज्य मंत्री गोयल ने किया नारायणगढ़ बस स्टैंड का दौरा

शौचालय तथा विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के कार्यालय का प्रावधान भी नये बस स्टैंड में रखा जाए

दौरा किया

जीएम अश्वनी डोगरा तथा पीडबल्यू डी विभाग के एसडीओ दिनेश कुमार को निर्देश दिये

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बाला/नारायणगढ़: हरियाणा के परिवहन एवं महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री असीम गोयल ने बस स्टैंड नारायणगढ़ का दौरा किया और वहां पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के लोगों के अनुरोध पर परिवहन मंत्री ने कहा कि नारायणगढ़ का बस स्टैंड नया बनाया जाएगा। जोकि पूरी तरह से आधुनिक/मॉर्डन तरीके से बनाया जाएगा। इस बारे में मंत्री असीम गोयल ने मौके पर मौजूद परिवहन विभाग के जीएम अश्वनी डोगरा तथा पीडबल्यू डी विभाग के एसडीओ दिनेश कुमार को निर्देश दिये।

उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बस स्टैंड दो मंजीला हो जिसमें यात्रियों के लिए पर्याप्त सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। यात्रियों के लिए वेटिंग हॉल, शौचालय तथा विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के कार्यालय का प्रावधान भी नये बस स्टैंड में रखा जाए। लोगों के टू व्हीलर तथा फोर व्हीलर वाहनों के लिए, पार्किंग की अलग से व्यवस्था हो। इसके साथ ही बस स्टैंड परिया में फलदार एवं छायादार पेड़ पौधे लगाकर ग्रीनरी भी विकसित की जाए। उन्होंने जीएम रोडवेज को निर्देश दिये कि बस स्टैंड का वातारण साफ-सुथरा हो और सौन्दर्यकरण का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए जिससे कि यहां आने वाले लोगों को एक स्वच्छ वातावरण मिल सके। मंत्री जी ने प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) के अन्तर्गत बस स्टैंड पर बनवाने आये हैप्पी कार्ड के लाभार्थीयों से बातचीत की और उन्हें इस योजना के बारे जानकारी दी। उन्होंने जीएम रोडवेज से हैप्पी कार्ड बनाने से सम्बंधी प्रगति के बारे में भी जानकारी ली।

मीडिया से बातचीत में परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कि नारायणगढ़ बस स्टैंड से लगभग 50 बसों का संचालन प्रतिदिन विभिन्न स्थानों के लिए होता है। उन्होंने कहा कि जब तक नया मॉर्डन बस स्टैंड बन नहीं जाता है तब तक एक बड़ा टीन शैड यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर तैयार कर किया जाएगा।

मंत्री असीम गोयल ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं लोगों की मांग पर अम्बाला शहर से रात्रि के समय 8 बजे नारायणगढ़ के लिए बस सेवा शुरू करने, नारायणगढ़ से चण्डीगढ़ तथा शहजादपुर से चण्डीगढ़ तथा यमुनानगर के लिए बस सेवा शुरू करने के निर्देश जीएम रोडवेज को दिये। जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र राणा के अनुरोध पर नारायणगढ़ से शकरपुरा बस को जौली तक चलाने के निर्देश भी दिये। इस मौके पर लोगों ने परिवहन मंत्री असीम गोयल का अम्बाला कैंट से नारायणगढ़ के लिए रात्रि 9 बजे बस सेवा शुरू करने पर धन्यवाद भी किया।

जीएम रोडवेज अश्वनी डोगरा, डीएसपी रणधीर सिंह, एसडीओ पीडबल्यूडी दिनेश कुमार, भाजपा जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, पूर्व जिला परिषद चेयरमैन सुरेन्द्र राणा, वरिष्ठ भाजपा नेता अश्वनी अग्रवाल, मनीष मित्तल शहजादपुर, राजू मक्कड़, आशु गुप्ता, पार्षद जश्न ढींगरा व कुलदीप सिंह, संजीव कौशिक, संजीव कुराली सहित अन्य कार्यकर्ता और आमजन मौजूद रहे।

फैमिली आईडी से संबंधित समस्याओं का किया निवारण

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

निवारण

समाधान शिविर में आई शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर निवारण किया गया

अम्बाला/बराड़ा: हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए एसडीएम अश्वनी मलिक की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में लगाए गए समाधान शिविर में आई शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर निवारण किया गया। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र से संबंधित 18 समस्याओं में से 13 समस्याओं का मौके पर ही निवारण कर दिया गया और पांच समस्याओं को समाधान के लिए संबंधित विभाग को भेजा गया। इसके अतिरिक्त 03 समस्याएं पेंशन से संबंधित आई जिनमें से 02 का मोके पर निवारण किया और एक को समाधान के लिए संबंधित विभाग को भेजा गया। यह जानकारी देते हुए एसडीएम अश्वनी मलिक ने बताया कि इन शिविर में मुख्यतः जनता से सीधे रूप से जुड़े प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन रजिस्ट्रेशन, स्थानीय शहरी निकाय से संबंधित मकान का नक्शा तथा नो ड्यूज प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड और राशन वितरण, बिजली, पानी, सिंचाई आदि के अलावा क्राइम संबंधित शिकायतें सुनकर उनका मौके पर ही समाधान किया गया जा रहा है। एसडीएम अश्वनी मलिक ने हलके की जनता का आह्वान किया कि वे ब्लाक स्तर पर आयोजित किया जा रहे विशेष शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं।

माता हरबंस कौर की स्मृति में 29 जून को फ्री नेत्र ऑपरेशन शिविर का चौथा चरण

टीम एक्शन इंडिया

हिसार: स्वर्गीय माता हरबंस कौर की स्मृति में दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में निरंतर फ्री नेत्र ऑपरेशन के आयोजन का सिलसिला जारी है। शिविर के संयोजक समाजसेवी अनिल महता द्वारा 29 जून को चौथे चरण का शिविर लगाया जाएगा। भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग केंद्र में अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा नेत्र ऑपरेशन किए जाएंगे। इस शिविर में नेत्र ऑपरेशन के लिए रजिस्ट्रेशन चल रहे हैं। किसी भी कार्यदिवस में दिव्यांग केंद्र में कोई भी जरूरतमंद इंसान निशुल्क पंजीकरण करवा सकता है। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि स्वर्गीय माता हरबंस कौर जी व स्वर्गीय चौ. फतेहचंद जी ने मानवता की सेवा के लिए सर्वस्व अर्पित कर दिया। उन्होंने दान व सेवा में कभी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

नशे से दूर रहने बारे आमजन को किया जागरूक

शपथ दिलाई

आम नागरिको विशेषकर युवाओं को जागरुक करने के लिए जागरुकता अभियान की भी शुरूआत की गई है

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बाला: पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है और इसके साथ-साथ जिला अम्बाला में नशे की रोकथाम, नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों बारे आम नागरिको विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए जागरुकता अभियान की भी शुरूआत की गई है, जिससे कि नागरिक विशेषकर युवा नशे से दूर रहकर अच्छे कार्यो में लगकर देश की उन्नति में भागीदार बनें। अम्बाला पुलिस द्वारा नशामुक्त अभियान 12 जून 2024 से 26 जून 2024 तक अम्बाला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। आज 24 जून 2024 को प्रबन्धक थाना मुलाना ने युवाओं/आमजन को नशे से दूर रहने बारे जागरूक कर शपथ दिलाई और आसपास के लोगों को भी इस नशामुक्त अभियान से जुड़ने बारे प्रेरित किया। सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए हैं कि थानाधिकार क्षेत्रों में नशें की रोकथाम के लिए आमजन से सम्पर्क कर नशा बेचने/खरीदने वालों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें और आमजन विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने, उसके दुष्परिणामें बारे जागरूक करें जिससे समाज नशामुक्त हो सके। उन्होंने कहा कि अम्बाला वासी इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़कर अपनी पूर्ण भागीदारी दर्ज कराकर अम्बाला क्षेत्र व भारत देश को नशामुक्त कराने में अम्बाला पुलिस की इस मुहिम में पूर्ण सहयोग दें। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वह नशे की लत्त में न पड़ें और यदि कोई उन्हें इस लत्त में डालना चाहता है।

पार्कों में व्यवस्था ना होने से पार्कों की स्थिति बदहाल: जैन

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपत: शहर के पार्कों की बदहाली को लेकर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि पार्कों में साफ सफाई, ओपन जिम की मरम्मत, शौचालयों की ठीक व्यवस्था ना होने तथा देखरेख के लिए माली ना होने के कारण पार्कों में नागरिकों ने जाना ही छोड़ दिया है। राजीव जैन ने लिखा है कि दो दर्जन से ज्यादा

पार्कों का दौरा करने पर पाया कि पानी की उचित वयवस्था ना होने के कारण घास सूख रही है, पेड़ पौधे खत्म हो रहे हैं, ओपन जिम टूट चुके हैं तो मरम्मत की तरफ ध्यान नही दिया जा रहा है,

लिखा पत्र

शौचालय एवं माली की वयवस्था ठीक नहीं है, मोहल्ला कोट पार्क में साफ सफाई नहीं है: जैन

जयादातर पार्कों में गेटों की व्यवस्था सही नहीं हैं और चौकीदार ना होने के कारण आवारा पशु पार्कों में घूमते रहते हैं। भाजपा नेता ने पत्र के साथ पार्कों की सूची भी संलग्न की है जिनमे जिस तरह की सुविधाओं की आवश्यकता है। उन्होंने लिखा है कि खिजर मकबरा पार्क में दीवार टूटी हुई है, पानी और शौचालय की वयवस्था नहीं है, स्वर्ण जयंती पार्क महलाना रोड पर शौचालय एवं माली की व्यवस्था ठीक नहीं है, मोहल्ला कोट पार्क में साफ सफाई नहीं है, रेलवे फाटक वाले पार्क में शौचालय में पानी की वयवस्था नहीं है।

भाजपा कार्यालय में काला दिवस मनाया, कांग्रेस को कोसा

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बाला: सन 1975 में देश में इमर्जेंसी लगाई गई थी। यह इमरजेंसी उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने लगाई थी। ऐसे में आज के दिन को भाजपा काला दिवस के रूप में मना रही है। इसी कड़ी में भाजपा जिला कार्यालय, अम्बाला शहर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हरियाणा के परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल भी शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में आए कार्यकर्ताओं को

संबोधित करते हुए परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल ने कहा कि संविधान की जितनी बार हत्या इस कांग्रेस ने की,जितनी बार संविधान को कांग्रेस ने तोडा मरोड़ा इसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 से 1977 तक के काले दौर को कोई भूल नहीं सकता। असीम गोयल ने कहा कि यह दौर था जिसमें मीडिया,देश की बात करने वाला व्यक्ति,राष्ट्रहित की बात करने वालों को जेल में डाल दिया जाता था और उनकी आवाज को दबा दिया जाता था। इस दौरान असीम गोयल ने आपातकाल के खिलाफ आवाज उठाने वाले सभी सम्मानित जनों को नमन किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया।

'हम सब योगी जीवन जीने की प्रतिज्ञा करें'

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में आज इंटरनेशनल योग दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीति दीदी ने सभी से आह्वान किया कि आज हम सब योगी जीवन जीने की प्रतिज्ञा करें। एक ऐसा जीवन, जिसमें मन वचन कर्म में संपूर्ण पवित्रता हो, कारोबार व्यापार हम सब कुछ करते हुए भी कर्मयोगी बन धन कमाएं। मगर दुआओं के साथ कमाए रिश्ते निभाएं। रिश्ते में सब को सुख देने की भावना हो, सब को शांति प्यार सुख दे, यही योगी जीवन की जीवन शैली है। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन मर्यादित जीवन हो।

प्रशासन ने अवैध शराब की 80 मदों को किया नष्ट

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

अम्बाला: न्यायालय के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा, के दिशा-निर्देशानुसार थाना महेशनगर में बरामद शुद्धा अवैध शराब की 80 मदो का नियमानुसार नष्ट किया गया इन मदो के निपटारे के लिए माननीय उपायुक्त अम्बाला द्वारा एक कमेटी का गठन किया गया जिसमे बीडीपीओ अम्बाला छावनी, इन्सपैक्टर आबकारी एवं कराधान आयुक्त, उप पुलिस अधीक्षक नारायणगढ को नियुक्त किया गया। उपरोक्त कमेटी की निगरानी मे आज दिनांक 24 जून 2024 को अवैध शराब की 80 मदो जिसमें 1926 देशी शराब बोतल, 47 देशी शराब

अध्धा, 3297 देशी शराब पव्वे, 233 अंग्रेजी शराब बोतल, 269 अंग्रेजी शराब पव्वे, 63 बियर को टांगरी नदी महेशनगर में जैसीबी के द्वारा नष्ट करवा कर गढे मे दबाया गया। इस कार्यवाही के दौरान उपरोक्त कमेटी के सदस्यो के साथ प्रबन्धक थाना महेशनगर अजैब सिंह भी मौका पर मौजूद रहे। माननीय न्यायालय से आदेश प्राप्त करके इस प्रकार की अवैध मदों का निपटारा समय-समय पर किया जाता है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निर्देशानुसार सभी थानो में नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह नशे से दूर रहें। नशा तस्करी करने वालों की सूचना तुरन्त पुलिस को दें जिनके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा कि 12 जून 2024 से 26 जून 2024 तक अम्बाल पुलिस द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। युवाओं/आमजन से अपील है कि इस नशा मुक्त भारत अभियान में बढचढ कर भाग लें।

अभियान

नशा तस्करी करने वालों की सूचना पुलिस को दें जिनके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जा सके

बेटियां परिवार, समाज, राष्ट्र निर्माण के लिए अग्रसर हों: देवव्रतजी

सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर समापन समारोह में राज्यपालश्री की वर्च्युअल उपस्थिति: नौ राज्यों की 400 आर्य वीरांगनाओं ने भाग लिया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : राज्यपालश्री आचार्य देवव्रतजी ने कहा कि बेटियां घर के वातावरण को संस्कारित करके परिवार, समाज और राष्ट्रनिर्माण के लिए अग्रसर हों। उन्होंने कहा कि पुरुषों की तुलना में माताएं-बहन-बेटियां विशेष जिम्मेदारी, मनोयोग और आत्मीयता से अपना कर्तव्य निभाती हैं। भारत देश आर्थिक और औद्योगिक क्षेत्र में अग्रसर है तब, नैतिक मूल्यों के जतन और संवर्धन के लिए भी उनको आगे आना चाहिए। आचार्यश्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शिविर में आई आर्य वीरांगनाओं को संबोधित कर रहे थे! ज्ञात रहे सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल के

राष्ट्रीय शिविर का आयोजन हरियाणा के गुरुकुल कुरुक्षेत्र में हुआ। दस दिवसीय शिविर में हरियाणा के साथ ही पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु और छत्तीसगढ़ सहित नौ राज्यों की 400 आर्य वीरांगनाओं ने भाग लिया। इस राष्ट्रीय शिविर के समापन समारोह में राजभवन-गांधीनगर से वर्च्युअली शामिल हुए राज्यपालश्री आचार्य देवव्रतजी ने कहा कि साम्प्रत वातावरण में महर्षि दयानन्द सरस्वतीजी के चिंतन और आर्य समाज की विचारधारा की प्रबल आवश्यकता है। आर्य वीरांगना दल की बेटियों से उन्होंने देश की युवाशक्ति के निर्माण में सामाजिक जागृति में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। एक समय ऐसा था जब बहन-बेटियों को यज्ञ-वेदाभ्यास का अधिकार तक नहीं था। परंतु समाज सुधारक महर्षि दयानन्द सरस्वतीजी जैसे महापुरुषों के प्रयासों से परिस्थितियां बदल गईं। आज तो चित्र सम्पूर्णतया बदल गया है, इसका उल्लेख करते हुए राज्यपालश्री ने कहा कि "आज एक भी क्षेत्र ऐसा नहीं है कि जहां बहन-बेटियों ने नये कीर्तिमान स्थापित ना किए हों। गुजरात की युनिवर्सिटियों में दीक्षांत समारोहों में मैं देखता हूं कि प्रथम 100 क्रमांक में 80 बेटियां होती हैं।" उन्होंने बेटियों को मन से दृढ़ और तन से सक्षम बनने का आह्वान किया। राष्ट्रीय शिविर के दौरान मिले शिक्षण और प्रशिक्षण को जीवन की पूंजी बनाने की प्रेरणा देते हुए राज्यपालश्री ने कहा कि भारतीय मूल्यों और वेदों में विश्व कल्याण का चिंतन है।

आह्वान

आर्थिक और औद्योगिक क्षेत्र में अग्रसर है, नैतिक मूल्यों के जतन और संवर्धन के लिए भी आगे आना चाहिए।

बीड़ बबरान धाम के अर्जी संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में अर्जी लगाकर मांगी मन्नतें

टीम एक्शन इंडिया

हिसार: महाभारतकालीन प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में अर्जी संकीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर माथा टेका। इस दौरान भक्तों ने श्याम बाबा के चरणों में अपनी अर्जी लगाकर मन्नतें भी मांगी। भक्तों ने श्याम बाबा की पूजा व आराधना करते हुए कल्याण की कामना भी की। संकीर्तन के दौरान भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया गया।

बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि श्याम बाबा के चरणों में सच्चे मन से लगाई गई अर्जी अवश्य स्वीकार की जाती है और श्याम बाबा बिगड़े

हुए काम संवार देते हैं। उन्होंने बताया कि बीड़ बबरान धाम की मान्यता दूर-दूर तक है। विशेष अवसरों व त्योहारों पर यहां माथा टेकने के लिए विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि बीड़ बबरान धाम बर्बरीक के शौर्य व पराक्रम से जुड़ा है। भगवान श्रीकृष्ण ने वीर बर्बरीक की परीक्षा ली और बर्बरीक ने अपने एक ही तीर से पीपल के सभी पत्तों को भेद दिया। वह पीपल का पेड़ और छेद वाले पत्ते बीड़ बबरान धाम में देखे जा सकते हैं।

अर्जी संकीर्तन में पधारने वाले भक्तों ने बीड़ बबरान धाम में पीपल के दर्शन किए और पीपल के पेड़ के चारों ओर नारियल चढ़ाकर अपनी आस्था व्यक्त की। श्रद्धालुओं ने धाम में स्थापित श्याम बाबा के दरबार, वीर हनुमान के मंदिर, शिव परिवार, अखंड जोत, धूणे, घोड़े के पांव के निशान वाली शिला व मढ़ी के भी दर्शन किए।

महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करवाने का फिर उठने लगा मुद्दा

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

महेंद्रगढ़। महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करवाने का मुद्दा एक बार फिर जोर पकड़ने लगा हैं। मंगलवार को शहर के लोगों ने डीसी मोनिका गुप्ता के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करवाने व नारनौल को अलग जिला बनाने की मांग रखी है। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ प्रदेश के सबसे पुराने जिलों में से एक हैं। लेकिन जिला मुख्यालय नारनौल होने के कारण महेंद्रगढ़ शहर का विकास नहीं हो पा रहा हैं। शहर के लोगों की ओर से नारनौल को

अलग जिला बनाने की मांग को लेकर आंदोलन चलाया जाएगा। शहर के लोगों का कहना है कि सरकार प्रदेश में दो नए जिले बनाने की तैयारी कर रहीं हैं। लेकिन इनमें नारनौल का नाम नहीं है। अगर सरकार ने महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय व नारनौल को अलग जिला नही बनाया तो सरकार को आने वाले विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि महेंद्रगढ़ शहर में जिला मुख्यालय स्थापित करवाने को लेकर यहां के लोग लंबा संघर्ष कर चुके है। लेकिन प्रदेश सरकार ने झूठा आश्वासन देकर संघर्ष को दबा दिया था। उस दौरान पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा ने मुख्यमंत्री से बात कर महेंद्रगढ़ व नारनौल को अलग-अलग जिला बनाने की बात कहीं थी। लेकिन सरकार ने महेंद्रगढ़ में एक दिन डीसी को बैठाकर यहां की जनता को गुमराह करने का काम किया है। लोगों का कहना है कि चरखी दादरी जिले के पास दो विधानसभा क्षेत्र व कम गांवों की संख्या होने के बावजूद भी सरकार ने दादरी को जिला बना दिया। लेकिन नारनौल व महेंद्रगढ़ का क्षेत्रफल दादरी से बड़ा होने के बावजूद भी यह अलग-अलग जिला नहीं बना रहें है। उन्होंने कहा कि यहां के जनप्रतिनिधियों की कमजोरी होने के कारण महेंद्रगढ़ की पिछड़े जिले में गिनती होती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में महेंद्रगढ़ एक ऐसा जिला है जहां लोगों ने अपने सरकारी कार्यो के लिए 65 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि अगर सरकार ने महेंद्रगढ़ व नारनौल को अलग-अलग जिला नहीं बनाया तो आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर एसडीएम ने की बैठक

टीम एक्शन इंडिया

गन्नौरः एसडीएम डा. निर्मल नागर की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण 2024 के तहत सभी बीएलओ व इलेक्शन कानूनगो के साथ बैठक की। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व जन प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। एसडीएम ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, घटाने और संशोधन करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता सूची से संबंधित शिकायत है तो वह इलेक्शन कानूनगो पूजा शर्मा अथवा उन्हें अवगत करवाएं, ताकि उसे ठीक कराया जा सके। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि वे अपने आधीन क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं को सत्यापित करें और विशेष तौर पर 1 जुलाई

2024 तक 18 वर्ष तक के आयु के युवाओं की वोट बनवाएं।

पोलिंग बूथ बदलने की दी शिकायत

बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम को मतदाता सूची में त्रुटियों की शिकायत भी दी। शिकायत में बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूचि में काफी खामियां हैं। कई बुथों पर उस बूथ से संबंधित क्षेत्र की वोट न होकर दूसरे बुथों की वोट शामिल कर दी गई हैं। एक ही बुथ पर दूसरे वार्डों की वोट भी शिफ्ट कर दी गई हैं। काफी संख्या में मतदाताओं के पोलिंग बूथ उनके निवास स्थान से एक से तीन किलोमीटर दूर कर दिए गए हैं।

न्यूज फ्लैश

ड्यूरेक्स ग्लोबल सेक्स सर्वे दुनिया भर के 36 देशों में आयोजित किया गया

नोएडा। ड्यूरेक्स के ताजा ग्लोबल सेक्स सर्वे के अनुसार, भारत में अपने पहले यौन अनुभव के दौरान कंडोम का उपयोग करने वाले लोगों का प्रतिशत 2006 में 37% से बढ़कर 2024 में 59% हो गया है। ड्यूरेक्स हर साल दुनिया भर में सेक्स के 2 बिलियन मौकों पर मौजूद रहा है इसी के साथ ही पिछले दो दशकों में दुनिया भर में 118,000 से ज्यादा लोगों ने इसके ग्लोबल सेक्स सर्वे में हिस्सा लिया है। सर्वे के नवीनतम 2024 एडिशन दुनिया भर के 36 देशों में आयोजित किया गया था।ड्यूरेक्स अपनी शुरूआत की 95वीं सालगिरह मना रहा है। इस मौके पर हुए दुनिया

के इस सबसे व्यापक सेक्सुअल हेल्थ एवं वैलनैस सर्वे के चौथे एडिशन में पता चला कि, कंडोम अभी भी दुनिया का सबसे लोकप्रिय गर्भनिरोधक उपाय बना हुआ है। विशेष रूप से पहली बार सेक्स करने वालों के बीच यह सबसे अधिक लोकप्रिय है। वैश्विक स्तर पर, सर्वे में शामिल 55% लोगों ने अपने पहले यौन अनुभव के दौरान कंडोम का इस्तेमाल किया। यह आंकड़ा 2006 के मुकाबले 34% अधिक है। ड्यूरेक्स-ओनर में इंटिमेट वेलनेस ग्लोबल कैटेगरी के डायरेक्टर बेन विल्सन ने कहा, "यह देखना उत्साहजनक है कि इस साल के सर्वे में भाग लेने वाले कई देशों में इतने सारे लोग संतोषजनक, संतुष्टिदायक यौन जीवन का आनंद ले रहे हैं. हम जानते हैं कि अंतरंग सेहत हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है, और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हर किसी का यौन जीवन ऐसा हो जिसके बारे में वह पॉजिटिव महसूस करें. ड्यूरेक्स 95 सालों से इनोवेशन और कल्चर लीडरशिप में सबसे आगे रहा है, और यह हमारी बस शुरूआत है. इनोवेशन और ग्राहकों की इच्छाओं की लगातार बढ़ती समझ के साथ, अगले 95 साल हमें दुनिया भर में और भी ज्यादा लोगों तक सेक्स का बेहतरीन अनुभव प्रदान करने में मदद करेंगे."

एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया एक्सिस निफ्टी 500 इंडेक्स फंड

नोएडा। भारत में सबसे तेजी से बढ़ती म्यूचुअल फंड कंपनियों में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक नए फंड ऑफर - एक्सिस निफ्टी 500 इंडेक्स फंड को लॉन्च करने की घोषणा की है। इस ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड का लक्ष्य निफ्टी 500 टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) के प्रदर्शन को दोहराना है, जो निवेशकों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में सूचीबद्ध भारत की शीर्ष 500 कंपनियों निवेश का में व्यापक अवसर प्रदान करता है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 26 जून, 2024 को खुलेगा और 09 जुलाई, 2024 को बंद होगा। फंड का प्रबंधन श्री कार्तिक कुमार और श्री सचिन रेलेकर द्वारा किया जाएगा। भारत वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। एक्सिस निफ्टी 500 इंडेक्स फंड का लक्ष्य ट्रैकिंग त्रुटियों के अधीन, निफ्टी 500 इंडेक्स के कुल रिटर्न के अनुरूप खर्चों से पहले रिटर्न प्रदान करना है। इसलिए, जो निवेशक इस विकास अवसर का लाभ उठाना चाहते हैं, वे इस फंड में निवेश करने पर विचार कर सकते हैं। एक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ श्री बी. गोपकुमार ने कहा, ह्यह्यएक्सिस म्यूचुअल फंड में हमारी हमेशा यही कोशिश रहती है कि निवेशकों को इनोवेटिव और उच्च गुणवत्ता वाले निवेश संबंधी समाधान प्रदान किए जाएं। एक्सिस निफ्टी 500 इंडेक्स फंड एक सरल पेसिव फंड है जिसे निवेशकों को भारतीय कंपनियों के व्यापक स्पेक्ट्रम की विकास कहानी में भाग लेने का एक सरल, लेकिन प्रभावी तरीका प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। हमारा मानना है कि फंड का व्यापक एप्रोच टिकाऊ दीर्घकालिक रिटर्न की क्षमता के साथ, लंबी अवधि में वेल्थ क्रिएशन के लिए एक मजबूत साधन के रूप में काम करेगा, जिससे यह नए और अनुभवी दोनों निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन जाएगा। एक्सिस म्यूचुअल फंड की अनुभवी टीम द्वारा प्रबंधित, यह फंड निफ्टी 500 इंडेक्स के व्यापक बाजार जोखिम को दोहराता है, जो भारत के सूचीबद्ध बाजार पूंजीकरण के लगभग 92 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। यह व्यापक कवरेज बाजार खंडों में एक अच्छी तरह से संतुलित आवंटन में तब्दील हो जाता है, जिसमें लगभग 73 फीसदी लार्ज-कैप में, 17 फीसदी मिड-कैप में और 10 फीसदी स्मॉल-कैप स्टॉक में होता है।

महत्वपूर्ण है आईसीसीसी प्रोजेक्ट: उपायुक्त

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पर नियंत्रण रखने के लिए आईसीसीसी प्रोजेक्ट एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम कर रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत शहर के हर चौराहे और मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक व्यवस्था पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखी जा रही है। अहम पहलू है कि शहर के २९ प्रमुख चौकों पर सीसीटीवी के माध्यम से हर पल की गतिविधि को भी देखा जा रहा है। मंगलवार को उपायुक्त उत्तम सिंह ने सेक्टर-१२ स्थित आई.सी.सी.सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों सेशहर की ट्रैफिक

मॉनिटरिंग संबंधित पूरी जानकारी ली है। इस दौरान पुलिस और आईसीसीसी अधिकारियों के बीच आपसी तालमेल के लिए एक कॉमन टेलिफोन नम्बर भी निर्धारित किया है। इस निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कुछ खामियां दूर करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं। उपायुक्त ने आई.सी.सी. सेंटर में लगी वीडियो वाल पर इस प्रोजेक्ट में शामिल विभिन्न घटकों के फंक्शन को देखा। चौक-चौराहों पर लगे कैमरे और ट्रैफिक लाइट कैसे काम कर रही हैं, इसके लाईव देखने में उन्होंने काफी रूचि दिखाई। आई.सी.सी.सी. के मुख्य प्रबंधक गौरव तिवारी ने उपायुक्त को प्रत्येक घटक की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी के महत्वपूर्ण प्रोजेक्टों में से एक है, जो शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और उसके नियंत्रण से जुड़ा है। इस प्रोजेक्ट के ६ फील्ड कम्पोनेंट्स यानि घटक हैं। इनमें वी.एम.डी. यानि वेरिएबल मैसेज डिस्प्ले बोर्ड ३६ हैं, जिनमें से अब तक ३१ लगाए जा चुके हैं और २७ चालू हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सी.सी.टी.वी. की इंस्टालेशन २९ चौक-चौराहों पर हो चुकी है, जबकि १२८ जंक्शन पर पब्लिक एड्रेससिस्टम लग चुका है। इसी प्रकार ३५ में से ३२ जगहों पर एमरजेंसी कॉलबॉक्स लगाए जा चुके हैं और २ एंवायरमेंटल सेंटर लगाए गए हैं।

कांग्रेस पार्टी ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की है : नेहरा

टीम एक्शन इंडिया

गन्नौरः भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने गन्नौर विधानसभा के गांव चटिया औलिया मे ग्रामीणों से जनसर्म्पक कर ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाया। नेहरा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की है। अपने नीजी स्वार्थ के चलते दमनकारी नीति के तहत लोगों पर अत्याचार करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शासन के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एमरजेंसी के दौरान बेकसूर लोगों को जेल मे डाल कर

घिनौना काम किया था जिसको जिसको देश की जनता आज भी भुला नहीं पाई हे। इस अवसर पर उनके साथ ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित सैनी, जोगेन्द्र खत्री,आनन्द राठी, सुनील राठी, जगदीश खत्री, बिजेंद्र सौदा, रेनू खत्री, बिजेंद्र ,आजाद खत्री, देवेन्द्र खत्री, जयपाल सिंह, सतीश दिलावर, योगेश कुमार आदि मौजूद थे।

कबीरपुर के पार्क में चलाया पोधा रोपण अभियान

टीम एक्शन इंडिया
जनहित अभियान फाउंडेशन के द्वारा कबीरपुर के पार्क में चलाया पोधा रोपण अभियान इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाज सेवी मनोज गुप्ता ने पोधा लगाकर किया अभियान को शुरू और कहा कि पृथ्वी का तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है तापमान को सामान्य केवल पेड़ पौधे ही कर सकते हैं पेड़ों के बगैर धरती पर जीवन संभव नहीं है फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज की मुहिम में फलदार व छायादार 15 पौधे लगाए और सभी से निवेदन किया।

बीएसटी आरओबी के पास नाला ओवरफ्लो

टीम एक्शन इंडिया

गन्नौरः बीएसटी रेलवे ओवरब्रिज के पास दूषित पानी की निकासी के लिए बना नाला स्थानीय लोगों की परेशानी को बढ़ा रहा है। नाला ओवरफ्लो होने के चलते दूषित पानी सड़क पर बह रहा है। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका द्वारा नालों की सफाई न करवाने के विरोध में रोष व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि गंदे पानी की निकासी के लिए सड़क के साथ नगरपालिका नाला बना रखा है। नालों पर कुछ लोगों से अवैध से पक्के स्लैब डाल रखे हैं, जिस वजह से नाले के इस हिस्से को बिना सफाई किए ही छोड़ दिया जाता है। जिसके चलते नाले से पानी ओवरफ्लो होकर

साथ लगती सड़क में भर जाता है। पानी निकासी का उचित प्रबंध नहीं होने से स्थानीय लोग परेशान हैं। वह पिछले कई वर्षों से नगरपालिका, एसडीएम, सीएम विंडो पर शिकायत देकर नालों पर हुए अवैध निर्माण को तुड़वा कर नालों की सफाई करवाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

उन्होंने बताया कि सड़क के साथ प्ले स्कूल भी है। नाला ओवरफ्लो होने से उन्हें भी आने-जाने में परेशानी हो रही है। उन्होंने चेताया कि यदि समय रहते उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह नगरपालिका में प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

शिकायत दें तो कार्रवाई होगी

इस बारे में एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि बीएसटी रेलवे ओवरब्रिज के पास दूषित पानी के जमाव की समस्या को लेकर उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली है। स्थानीय लोग उनके कार्यालय में नियमित रूप से लगने वाले समाधान शिविर में पहुंच कर शिकायत दे सकते हैं।

ससुराल वालों पर हत्या और दहेज उत्पीड़न का आरोप

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। जिले के कुटेल गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। विवाहिता को 19 जून को आग में जलने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 24 जून की शाम को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मुस्कान के मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड?ा और हत्या का आरोप लगाए हैं। वहीं पुलिस द्वारा पहले ही विवाहिता के इलाज के दौरान बयान ले लिए गए थे, जिसके तहत पुलिस द्वारा इस मामले में 174 की कार्रवाई की गई है। मृतका की पहचान मुस्कान के रूप में हुई है, जो पानीपत के सिवाह गांव की रहने वाली है। उसकी शादी 2014 में

कुटेल के एक व्यक्ति से हुई थी। मुस्कान के पिता ने बताया कि उसके ससुराल वाले दहेज के लिए लगातार उसकी बेटी को परेशान कर रहे थे और कूलर और फ्रिज की मांग कर रहे थे। 19 जून को ससुराल वालों ने बताया कि मुस्कान को मामूली चोटें आई हैं, लेकिन जब परिवार करनाल के अस्पताल पहुंचा तो मुस्कान गंभीर रूप से जल चुकी थी। मुस्कान ने 24 जून की शाम को अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतका के पिता का कहना है कि उनकी बेटी की मौत के पीछे ससुराल पक्ष का हाथ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। पिता ने बताया कि मुस्कान की शादी को दस साल हो चुके है। उसके पास चार बच्चे हैं, जिसमें 3 लडकी और एक लडका है। मुस्कान की मौत से चार बच्चों के सिर से मां का साया उठ चुका है। बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर करनाल के मोर्चरी हाउस में रखवा दिया। आज मुस्कान का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के हवाले कर दिया। मधुबन थाना के जांच अधिकारी रामचंद्र ने बताया कि ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना और हत्या के आरोप लगाए हैं, जबकि इलाज के दौरान ही विवाहिता के 164 के तहत बयान दर्ज कर लिए गए थे।

गांव से जिला सचिवालय समाधान शिविर में पहुंचते ही बनी विधुर पेंशन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार जिला में हर रोज कार्य दिवसों के दिन उपमंडल स्तर व जिला सचिवालय में प्रशासन द्वारा समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इन समाधान शिविरों में प्रशासनिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन आमजन की सैंकड़ों समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। जिनमें बीपीएल कार्डए फैमिली आईडीए प्रॉपर्टी आईडीए इंतकाल से संबंधित समस्याएं आदि शामिल हैं। मंगलवार को बीबीपुर जाटान गांव के दलबीर सिंह जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में अपनी समस्या लेकर पहुंचे। उनकी समस्या विधुर पेंशन न शुरू होने को लेकर थी। दलबीर सिंह ने जैसे ही अपनी समस्या के बारे में प्रशासनिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों को अवगत करवाया तो समाज कल्याण विभाग द्वारा उनकी पेंशन मौके पर ही शुरू कर दी गई। जिस पर दलबीर सिंह ने प्रदेश सरकार की खुले मन से प्रशंसा की।

उन्होंने विशेष रूप से मुख्यमंत्री का धन्यवाद भी किया और कहा कि प्रदेश सरकार की यह बहुत ही सराहनीय पहल है। इन समाधान शिविरों में लोगों की समस्याओं का मौके पर ही हल किया जा रहा है।

थाईलैंड से लौटी प्रेरणा रावल का नव ज्योति टीम का हुआ स्वागत

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन

15वीं एशिया वॉलीबॉल चैम्पियनशिप खेलकर थाईलैड से लौटी नव ज्योति मॉडल स्कूल महिला वॉलीबॉल खेल नर्सरी की खिलाडी प्रेरणा रावल का स्कूल में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान गोयला खेडा गांव के सरपंच प्रतिनिधि प्रवीन खेडा,विनोद रावल गढी व विकास गुर्जर बापौली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इससे पहले एशिया खिलाडी प्रेरणा रावल को बाईकों के काफिले के साथ जोरदार जूलूस निकालते हुए लाया गया। स्कूल प्रांगण में पहुंचने पर प्रेरणा रावल का मुख्यातिथि और स्कूल चैयरमेन राजेश शर्मा, वॉलीबॉल एसोसिएशन

महासचिव कंलजीत मलिक व अन्य के साथ फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इसके उपरांत ट्रैक्टरों व बाईकों के काफिले के साथ प्रेरणा रावल को जुलूस निकालते हुए स्कूल से उसके गांव गोयला खेडा ले जाया गया। राजेश शर्मा ने बताया कि नव ज्योति महिला वॉलीबॉल खेल नर्सरी की खिलाडी व गोयला खेड गांव निवासी प्रेरणा रावल पुत्री विकास रावल ने थाईलैंड के नाखोन पथोम में 16-23 जून तक आयोजित 15वीं एशियाई वॉलीबॉल चैंपियनशिप अंडर-18 आयु वर्ग में भाग लेकर नव ज्योति खेल नर्सरी का ही नही बल्कि क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। उन्होने उपस्थित सभी खिलाडीयों का आवहान किया कि वों प्रेरणा रावल से सीख लेकर अपने लक्ष्य की और आगे बढें, ताकि भविष्य में वो भी स्कूल व क्षेत्र और माता-पिता का नाम रोशन कर सकें। स्कूल चेयरमैन राजेश शर्मा ने बताया कि उनके स्कूल की खेल नर्सरी में सैकड़ों की संख्या में लड़कियां खेल का दिन रात अभ्यास कर रही है और कुछ लड़कियां हॉस्टल में रहकर सुबह 4 बजे ही खेल का अभ्यास करने लग जाती है। जिसकी बदौलत आज उनके स्कूल की वर्तमान व निवर्तमान छात्रा स्टेट, नेशनल व इंटरनैशनल स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। शर्मा ने बताया कि उनके स्कूल की खेल नर्सरी कि प्रेरणा ने इससे पूर्व 27 मई से 13 जून तक बेगलुरू साई में अभ्यास किया था,जबकि 30 अप्रैल को उनके स्कूल की खेल नर्सरी की तनु राठी,मोनिका,खुशी व प्रेरणा का एशिया चैंपियनशिप कैम्प के लिए चयन हुआ था। उक्त चारों खिलाड़ियों में से अंडर-20 आयु वर्ग तनु राठी बेगलुरू साई में अभ्यास कर रही है।

शर्मा ने इस उपलब्धि का श्रेय लड़कियों की कडी मेहनत के साथ कोच सन्नी चौधरी और जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के महासचिव कवलजीत मलिक को दिया। जिनके लगातार मार्गदर्शन के कारण ग्रामीण आंचल से प्रतिभा निकलकर प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रही है।

बेटे के जन्मदिन पर पौधारोपण कर- के दिया पर्यावरण रक्षा का संदेश

टीम एक्शन इंडिया

गन्नौरः वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से धरती पर पर्यावरण संकट बढ़ता जा रहा है। हरियाली के लिए जो प्रयास करना चाहिए था, उतना नहीं हुआ है। कुछ समझदार लोगों में पेड़ों के प्रति जागरूकता अवश्य बढ़ी है। यह बातें डा. मीनाक्षी ढींगड़ा ने मिनी सचिवालय परिसर में अपने छोटे बेटे अरहम के जन्मदिन पर पौधारोपण करने के बाद कहीं। इसके बाद डा. मीनाक्षी ने बेटे अरहम का जन्मदिन पौधारोपण को समर्पित करते हुए दोनों बेटे विवान व अरहम के साथ त्रिवेणी सहित अन्य पौधे लगाए और देखरेख की

जिम्मेदारी ली। डा. मीनाक्षी ने कहा कि हम सभी को अपने-अपने स्तर पर पौधारोपण के लिए आगे आना होगा तभी पर्यावरण को जल्दी बचाया जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाए व उसकी संभाल करे। आज का स्वार्थी मानव पेड़ तो काटता गया, लेकिन पेड़ लगाना भूल गया। इससे पर्यावरण में असंतुलन की समस्या आज बहुत उग्र हो गई है। इसी कर्तव्य को याद करवाने व युवा पीढ़ी को पौधारोपण के प्रति जागरूक करने के लिए जन्मदिन पर पौधारोपण की मुहिम चलाई है। डा. मीनाक्षी ढींगड़ा ने पर्यावरण संदेश में कहा कि विकास की दौड़ में कहीं न कहीं हम सभी प्रकृति की उपेक्षा कर रहे हैं, जिसका खामियाजा भी हमें ही भुगतना पड़ रहा है।

जहांगीरपुरी टर्मिनल की हालत खस्ता, यात्री परेशानः भारत सिंह राघव

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः जहां एक ओर तो दिल्ली सरकार दिल्ली को पेरिस बनाने का लोक-लुभावन सपना लोगों को दिखा रही है, वहीं दूसरी ओर दिल्ली में सुविधाओं के नाम पर बस राजनीति ही चमकाई जा रही है।

अपने मुंह मियां मिठ्ठू बनी सरकारः एक ओर तो दिल्ली सरकार अपने मुंह मियां मिठ्ठु बन कहती है कि हमने दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों में सुधार किया है, तो वहीं दिल्ली के सरकारी स्कूल भी निजी स्कूलों को पछाड़ रहे हैं। अगर हम बात करें दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग की तो परिवहन व्यवस्था पूरी तरह से लचर दिखाई दे रही है। कहीं पर बस स्टैंड है तो वहां पर बस नहीं रोकी जाती, तो कहीं पर बस स्टैंड पूर्ण रूप से जर्जर हालत में पड़े हुए हैं। यहां पर हम बात कर रहें है जहांगीरपुरी टर्मिनल (संत रवि दास नगर टार्मिनल) की। जहां पर बस स्टैंड की हालत खस्ता होने की वजह से लोगों को खासा परेशानियों से दो-चार होना पड़ रहा है। बस का इंतजार करने वाले कुछ यात्रियों ने बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली वालों को सुविधा देने के नाम पर दिल्ली वालों का जीवन नारकीय बना दिया है, वहीं एक युवक ने बताया कि दिल्ली में इस समय 45 डिग्री का तापमान तक पार हो चुका है और इस तपती धूप में बसों का घंटो तक इंतजार करना पडता है, इतना ही नहीं यहां पर यात्रियों के खडे होने तक की कोई व्यवस्था तक नहीं है।

आप ने नर्क बनाया लोगों का जीवनः इस मामले में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने कहा कि दिल्ली सरकार की लापरवाही की वजह से दिल्ली के कई बस स्टैंड या तो टूटी हुई हालत में पडे हुए है, तो कहीं पर तो बस स्टेंड ही गायब है, जिसकी वजह से लोगों को बीच सड़क पर ही बसों का इंतजार करना पडता है। अब यहां पर सवाल यह खड़ा होता है कि अगर ऐसे में बीच सड़क पर बस का इंतजार कर रहे यात्री किसी भी दुर्घटना का शिकार होता है तो उसके लिए दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री जिम्मेदार होंगे या फिर परिवहन विभाग।

लाल बागः निगम पार्षद सुशील जोंटी ने किया पौधारोपण

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः संगम पार्क वार्ड के अन्तर्गत आने वाले इलाके लालबाग ए ब्लॉक शिव मंदिर पार्क में वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया। इस मौके पर निगम पार्षद सुशील जोंटी ने भी पौधारोपण किया और कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए, क्योंकि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि पेड़ों से हमें एक ओर छाया, फल और फूल मिलते है, वहीं इनसे हमें कई प्रकार की औषधियां प्राप्त होती है। इसलिए सभी अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाये। इस मौके पर निगम पार्षद श्री जोंटी ने वहां पर दौरा कर क्षेत्रवासियों की समस्या भी सुनीं और समस्या का तुरंत समाधान कराया। इस मौके पर निगम पार्षद सुशील जोंटी के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

वजीरपुरः पार्षद चित्रा विद्यार्थी ने चलाया सफाई अभियान

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने वजीरपुर जेजे कॉलोनी इलाके में सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी के साथ एमसीडी कर्मचारी व अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये। निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने आगे बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है, उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।

आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आयोजित कार्यकारिणी की बैठक की शुरूआत दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दीप प्रज्वलित कर की। तीन घंटे से अधिक चली इस बैठक में पार्टी गतिविधियों पर गहन चर्चा हुई। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता, पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार मंगत राम सिंघल, जिला अध्यक्ष मनोज यादव व अन्य मौजूद रहे।

बादली विधानसभाः जहांगीरपुरी वार्ड में चलाया गया सफाई अभियान

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः बादली विधानसभा क्षेत्र के जहांगीरपुरी वार्ड में बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदशन में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर जानकारी देते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने बताया कि आज वार्ड के कई इलाको में सफाई अभियान चलाया गया और लोगों से अपील भी की गई कि वह अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले। उन्होंने आगे बताया कि मैंने अपनी उपस्थिति में सुपर सकर मशीन से गुरुद्वारा के सामने वाले नाले, राम रहीम चौक और थाने वाले रोड़ के नालों को साफ कराया। उन्होंने बताया कि राजीव नगर, जैन कॉलोनी और भलस्वा जे जे कॉलोनी का पानी इसी नाले से जाता है। साथ ही मैंने बसंत दादा पाटिल नगर और विश्वनाथ पुरी (झुग्गी) बस्ती में सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया और स्वामी श्रद्धानंद कॉलोनी पियाऊ वाली गली से लेकर 101 बस स्टैंड तक और मंगल बाजार के ठीक समने वाले नाले पर मशीन से नाली की सफाई कराई गई और जहांगीर पुरी के आई और जे ब्लॉक में सफाई करवाई गई। आप नेता सुरेश शर्मा ने यह भी बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता की समस्याओं को सुन उनकी समस्या का समाधान करता हूं ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके। इस मौके पर आप नेता सुरेश शर्मा के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

ठगी करने वाले एजेंट को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने पासपोर्ट पर नकली मलेशियाई स्टाम्प चिपका कर थाईलैंड के रास्ते मलेशिया भेजने के बहाने ठगी करने वाले एक एजेंट को पंजाब से गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान गांव झारोर श्री मुक्तसर साहिब निवासी जगमीत सिंह गिल के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कपूरथला पंजाब के रहने वाले अभि को 8 फरवरी को थाईलैंड से निर्वासित किया गया था। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद इमिग्रेशन विभाग के अधिकारियों ने उसके यात्रा दस्तावेजों की जांच की।

वार्ड नम्बर-35 : क्षेत्र के विकास पर दे रही हूं विशेष ध्यान : हेमलता

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः आम आदमी पार्टी की निगम पार्षद हेमलता राजेंद्र लाडला लगातार अपने वार्ड नंबर-35 में निरंतर निगरानी करने तथा जनता की समस्याओं को निपटारा करने के लिए लगातार जनता के बीच बनी हुई है। जिसके चलते क्षेत्र में साफ-सफाई को किसी भी तरह की कोई कोताही नहीं बरती जा रही है, तथा सभी कॉलोनी में बारी-बारी से लोगों के घरों में जाकर पूछा जा रहा है कि आप लोगों को किसी भी तरह की कोई समस्या तो नहीं है, तो वहीं पार्षद हेमलता से क्षेत्र की जनता भी खासा खुश नजर आ रही है। इसके अतिरिक्त हेमलता ने कहा कि क्षेत्र में निर्माण कार्यो में भी किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होती है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को साफ हिदायत दे रखी है कि मेरे क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर कतई भी कोताही नहीं बर्दाशत की जाएगी। हेमलता ने बताया कि आम आदमी पार्टी बस जनता के लिए ही जीती है, तथा हमारी जनता ही हमारे लिए हमारा परिवार से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं स्वंय समय-समय पर क्षेत्र का दौरा करती रहती हूं तथा अपने क्षेत्र के लोगों से मिलती रहती हूं। उन्होंने कहा कि मेरी कोशिश रहती है कि मेरे क्षेत्र के लोगों को साफ-सफाई के अतिरिक्त सभी मुलभूत सुविधाएं मुहैया करवा सकूं।

अतिथि शिक्षकों को नियमित करने की मांग ने पकड़ी तूल

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग में गेस्ट टीचर्स के नियमितीकरण की मांग जोर पकड़ रही है। शिक्षा मंत्री के अनशन के दौरान स्वास्थ्य बिगड़ने की खबरों के बीच दिल्ली के शिक्षक संघ ने अपनी मांगें सामने रखी हैं। दिल्ली शिक्षक संघ के महासचिव अजयवीर यादव ने शिक्षा मंत्री को संबोधित एक पत्र में गेस्ट टीचर्स के महत्वपूर्ण योगदान और उनके अधिकारों पर जोर दिया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग में प्रथम एनजीओ के सुप्रीमो व सरकार के अति विश्वसनीय शैलेंद्र शर्मा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर शिक्षकों के तबादले पर अपने विचार व्यक्त किए थे। उन्होंने कहा था कि एक शिक्षक, छात्रों, उनके अभिभावकों और समुदाय के साथ वर्षों में एक आबंर्गेनिक रिलेशन विकसित करता है। **गेस्ट टीचर्स नियमितीकरण चिंता का विषयः** यादव ने इस तर्क को गेस्ट टीचर्स पर भी लागू करते हुए कहा कि इन शिक्षकों ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण और स्वर्णिम वर्षों को छात्रों, अभिभावकों और समुदाय के साथ बंधन विकसित करने में बिताया है। अतः इन गेस्ट टीचर्स को नियमित करना और उन्हें स्थायी शिक्षकों के बराबर वेतन और लाभ देना आवश्यक है। शिक्षा मंत्री की शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए यादव ने अनुरोध किया है कि स्कूलों के 28 जून 2024 को खुलने से पहले इन गेस्ट टीचर्स का नियमितीकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा दिल्ली में 'जल संकट' जितना ही महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। शिक्षक समुदाय को उम्मीद है कि उनकी आवाज सुनीं जाएगी और गेस्ट टीचर्स को उनका हक मिलेगा।

भारतीय जनता पार्टी चांदनी चौक जिला कार्यालय में आपातकाल के मीसाबंदियों का किया गया सम्मान

टीम एक्शन इंडिया/महेंद्र सिंह

नई दिल्लीः आपातकाल की वह तारीख जिसने लोकतंत्र को कलंकित किया। सरकार के खिलाफ लोकतंत्र की रक्षा करने वाले लोगों को मीसाबंदी के तहत जेल भेज दिया गया। भाजपा उस काले दिन की बरसी हर साल मनाते हुए लोकतंत्र सैनानियों का सम्मान करती है। इसी कड़ी में भाजपा के चांदनी चौक जिला कार्यालय में आपातकाल की बरसी के तौर पर लोकतंत्र सेनानियों का शाल व पुष्पाहार पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही साथ उनके परिजनों का भी इस मौके पर सम्मान किया गया। इस मौके पर भाषण देते हुए चांदनी चौक जिलाध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह ने कहा कि आज कांग्रेस भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या के आरोप लगाती है, जबकि 25 जून 1975 में कांग्रेस सरकार ने स्वयं लोकतंत्र की क्रूर हत्या कर देश को आपातकाल में झोंक दिया। उस कठिन दौर में लोकतंत्र सैनानी अपने विचारों, राष्ट्र और पार्टी के साथ खडे रहे। मीसा (मेंटेनेंश ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट) के तहत 20 माह जेल में रहे इन सैनानियों का ही संघर्ष है कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है। वहीं भाजपा नेता हरीश असडी ने कहा कि उस समय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कोर्ट के निर्णय को ना मानकर पूरे देश पर आपातकाल लगाया हमारे लोकतंत्र के सेनानियों संघर्ष त्याग और दृढ़ता की मिसाल रखी। ऐसे लोकतंत्र सेनानियों का हम सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तानाशाह सरकार ने न्यायालय की बात नहीं मानी अपने चाटुकारों की बात मानकर देश को आपातकाल की आग में झोंक दिया।

आज हमारे बीच भले ही लोकतंत्र के सेनानी कम बचे हैं लेकिन भाजपा का हर कार्यकर्ता देश के संविधान और लोकतंत्र के लिए पहले भी दृढ़ता से खड़ा था आगे भी खड़ा रहेगा। वहीं राजा खारी ने कहा कि इतिहास में जाने वाले से ज्यादा इतिहास बनाने वालों की चर्चा होती है आप लोग इतिहास बनाने वाले है। हर कार्यकर्ता के मन में राष्ट्र प्रेम के प्रति जो अग्नि है वह धधकती रहनी चाहिए ऐसी हर कार्यकर्ता से अपेक्षा है और यही हमारा सम्मान है। इस मौके पर अशोक गोयल देवराह ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के लिए गौरव के पल है वह इन लोकतंत्र सेनानियों के त्याग और संघर्ष के कारण है। लोकतंत्र की रक्षा के लिए राष्ट्र के विचार के लिए आपका संघर्ष हम सबको हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। आपातकाल में बंद रहने वालों में से कुछ लोग यह भी थे विजय कुमार मल्होत्रा, मदनलाल खुराना, स्वर्गीय रामलाल असडी, हरिकिशन, धर्मवीर शर्मा, हेमराज मल्होत्रा। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह, अशोक गोयल देवराह, राजा खारी, श्याम शर्मा, आदित्य झा,लता सोढ़ी, गोपाल गर्ग, धर्मवीर शर्मा, हरीश असडी, अमनप्रीत कार्यक्रम में मौजूद रहे।

हरियाणा में अपराधी दिन-दिहाड़े फायरिंग कर- के फिरौती व मंथली मांग रहे हैं: बजरंग गर्ग

सम्मेलन

हरियाणा में व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता भय के साए में जी रहे हैं- बजरंग गर्ग

टीम एक्शन इंडिया/हिसार

व्यापारियों का सम्मेलन ऑटो मार्केट में हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुआ। इस सम्मेलन में ऑटो मार्केट में महिंद्रा शोरूम पर अपराधियों द्वारा अनेकों फायरिंग करके 5 करोड रुपए की फिरौती मांगने पर भारी रोष प्रकट किया। सम्मेलन में ऑटो मार्केट फेस 1, 2 व 3 पूर्ण रूप से 28 जून शुक्रवार को बंद करने का सर्वसमिति से लिया गया है।इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में जंगल राज कायम है। अपराधी दुकानों पर दिन-दिहाड़े फायरिंग करके फिरौती ?व मंथली मांग रहे हैं। हरियाणा में ऐसा कोई दिन खाली नहीं जाता जिस दिन मर्डर, लूटपाट, फिरौती की वारदात ना होती हो आज हरियाणा में व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता भय के साए में जी रहे हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को पिछली सरकार की तरह अपराधियों के चीरा लगाने की जरूरत है और हरियाणा में व्यापारी व आम जनता में जो भय का माहौल है उसके लिए सरकार को व्यापारी व आम जनता की सुरक्षा के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने चाहिए और बेरोजगार युवा पीढ़ी नशे की दल-दल में धस्सकर अपराध कर रहे हैं। ऐसे युवाओं की पहचान करके सरकार को उनको पकड़ कर जेलों में भेजना चाहिए और सरकार को नशे पर पूरी तरह से अंकुश लगाना चाहिए। बेरोजगारी के कारण भी युवा पीढ़ी अपराध के दल-दल में धस्सती जा रही है जो देश व प्रदेश की जनता के लिए बहुत बड़ी बीमारी बन चुकी है। बजरंग गर्ग ने कहा कि अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के लिए व्यापार मंडल कि राज्य स्तरीय मीटिंग बुलाकर आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। इस अवसर पर ऑटो मार्केट स्पेयर पार्ट एसोसिएशन प्रधान बंटी गोयल, ऑटो मार्केट विश्वकर्मा सभा के प्रधान प्रताप मिस्त्री, पूर्व अध्यक्ष महावीर जांगड़ा,राजगुरु मार्केट आगेर्नाइजेशन के प्रधान अजय सैनी, संरक्षक अक्षय मालिक, वरिष्ठ उप प्रधान शिव कुमार सैनी, सुरेंद्र सोनी, व्यापार मंडल के शहरी युवा प्रधान मंगल ढालिया, महामंत्री राज कुमार वर्मा, रमेश वत्स, कृष्ण वर्मा, सजंग के? प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल, अग्रवाल संगठन के जिला प्रधान अनिल सिंगला, दुनी चंद गुप्ता, होलसेल पाट्र्स एसोसिएशन प्रधान

ब्रह्माकुमारीज एवं मेदांता हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

स्वास्थ्य जांच

राजयोग के अभ्यास से ही तनावमुक्त जीवन संभव

100 से भी अधिक लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम

ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर एवं मेदांता हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन हुआ। ब्रह्माकुमारीज के सिधरावली सेवाकेंद्र में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ दवाइयां वितरित की गई। शिविर में बोन मिनरल डेंसिटी (बीएमडी) टेस्ट, नेत्र जांच एवं फिजियोथेरेपी की गई। शिविर में मेदांता हॉस्पिटल के डॉ.हिमांशु पूनिया, डॉ.विजय कुमार, डॉ.पवन, टेक्नीशियन रोहित, अमन शर्मा, विकास, नर्सिंग स्टॉफ अंजली, रजत, गोलू रजक एवं शिविर प्रबंधक देशराज का सहयोग रहा। ओआरसी के डॉ. दुर्गेश ने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि असंतुलित जीवन शैली ही वास्तव में बीमारियों का प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत रोगों का कारण मानसिक तनाव है। अगर हम तनाव मुक्त हो जाएं तो बीमारियां काफी हद तक कम हो सकती हैं। राजयोग का निरन्तर अभ्यास तनाव मुक्त होने में विशेष मदद करता है।

डॉ. दुर्गेश ने कहा कि नशा भी बीमारियों का एक कारण है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था समय-समय पर नशा मुक्ति अभियान के द्वारा भी जागृति लाने का प्रयास कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

समस्या के समाधान में हो रही देरी के लिए शिकायतकर्ता मुझे व्यक्तिगत तौर पर दे सकते हैं सूचना: डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन

राज्य सरकार के दिशा निर्देश पर जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किये जा रहे समाधान शिविरों में अपनी समस्याओं का समाधान करवाने के लिए लगातार पहुंच रहे है। शिविर में लोगों के पहुंचने के ग्राफ में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। यह सब उपायुक्त द्वारा निष्ठदतापूर्वक निपटाई जा रही जनसमस्याओं का ही परिणाम है कि लोगों में उनके प्रति बढ़ता विश्वास समाधान शिविरों में पहुंचने के लिए आमंत्रित करता है।

उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने शिकायतकताओं से आग्रह किया कि किसी कारण से अगर उनकी समस्या के समाधान में देरी होती है तो वे दोबारा भी कार्यालय समय में उनसे मिल सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि शिकायतकताओं की संख्या में रोजाना बढ़ोतरी हो रही है। इसके मद्देनजर दो टेबल और बढ़ाने का निर्णय लिया गया है ताकि समस्या लेकर पहुंचने वाले लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने बताया कि रैडक्रास के सहयोग से दिव्यांग जनों के लिए दो व्हील चेयर रखी जाएगी ताकि उन्हें समाधान शिवरि में द्वितीय तल पर पहुंचने में असुविधा का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे निर्धारित समय के बाद भी अगर कोई शिकायतकर्ता शिकायत लेकर पहुंचता है तो उसकी समस्या का समाधान करें। उपायुक्त ने आम जन से भी अपील की है कि वे 9 बजे से 11 बजे तक जो समय समाधान शिविर के लिए निर्धारित है उसी समय समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंचे व समय की कीमत को पहचाने।

मंगलवार को 312 शिकायतकताओं ने प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। उपायुक्त ने 70 का मौके पर अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से समाधान किया। समाधान शिविर में दिव्यांग जसमीन ने प्रशासन के सामने आधार कार्ड बनाने की अपील की जिस पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। दिव्यांग जयसिंह वासी गवालड़ा ने अपनी दुर्दशा का बख्यान करते हुए मकान बनवाने की अपील की।

सामाजिक कार्यकर्ता कुमारी रंजिता कौशिक ने बांध गांव में पानी की समस्या को प्रशासन के सामने रखा व बताया कि 1 किलोमीटर दूर से पानी लाने के लिए महिलाएं मजबूर है। उन्होंने गांव की गलियों को दुरस्त करने व महिलाओं के लिए सिलाई सैन्टर बनवाने की मांग भी रखी। उपायुक्त ने पब्लिक हैल्थ के अधिकारियों को तत्काल जगह का मुआयना कर पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

एक अन्य मामले में रीना देवी ने फैमली आईडी में आय कम कराने की अपील की। इस पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से कार्य करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में कृषि विभाग से जुड़ी समस्या भी ईशम वासी डाडौला ने रखी। उन्होंने पाइप लाईन दबाने के लिए आदेश निरस्त करने व उजाड़ी गई धान की क्षतिपूर्ति करने का आग्रह उपायुक्त से किया।

धर्मा वासी बापौली ने ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होने की स्थिति में दूसरा ट्रांसफार्मर लगाने की प्रशासन से अपील की। उपायुक्त ने इस सदंर्भ बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों को शिकायतकर्ता की शिकायत पर संज्ञान लेने के निर्देश दिए।

मामले में सतीश शर्मा वासी नांगल खेड़ी ने एक अन्य व्यक्ति द्वारा उनके मकान में रहकर दूसरे बिजली कनेक्शन के लिए जो आवेदन किया है उसे निरस्त करने की अपील की। उन्होंने उपायुक्त से इस मामले की जांच पड़ताल गहनता से करने का अनुरोध किया। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि समाधान शिविरों में पहुंचने वाली समस्याओं का निश्चित अवधि में समाधान किया जाएगा।

जनता दरबार लगा कर विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर

विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि अधिकारी आम जन से जुड़ी मस्याओं के निवारण में किसी तरह की ढ़िलाई नहीं बरतें। अधिकारी एवं कर्मचारी लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। अगर किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो अधिकारी उनके संज्ञान में लाएं। विधायक ने यह बातें सोमवार को अपने आवास पर लगाए जनता दरबार के दौरान कही। इस दौरान विधायक ने लोगों की बिजली, पीने के पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सीवरेज, जल निकासी जैसी समस्याओं को सुना और उनका निवारण करने के लिए

असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद, पुलिस करे कार्रवाई : अशोक मंगालीवाला

निंदा

- हवाई फायर करके फिरौती मांगने के घटनाक्रम की समाजसेवी अशोक मंगालीवाला ने की निंदा

टीम एक्शन इंडिया/हिसार, 25 जून (महेंद्र गोयल) :

ऑटो मार्केट में महिंद्रा एजेंसी के सामने हवाई फायर करके फिरौती मांगने के घटनाक्रम की वरिष्ठ कांग्रेस नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने महिंद्रा एजेंसी स्वामी से मुलाकात करके हौसला दिया। इस दौरान मंगालीवाला ने कहा कि आतंक फैलाने और फिरौती मांगने वाले युवकों को पुलिस द्वारा तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोटरसाइकिल पर आए नकाबपोश युवकों द्वारा बिना किसी डर के भरी दोपहरी में हवाई फायरिंग करना और फिरौती मांगना निंदनीय है।

फोटो कैप्शन : हिसार की ऑटो मार्केट में व्यापारियों से बातचीत करते अशोक मंगालीवाला।

अशोक मंगालीवाला ने कहा कि हिसार में असामाजिक व शरारती तत्वों का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। आपराधिक मानसिकता के लोग सरेआम लोगों को परेशान कर रहे हैं। आपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। पुलिस व प्रशासन का दायित्व है कि ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन पर लगाम कसी जाए। उन्होंने कहा कि माताओं-बहनों का घर से निकलना दूभर हो गया है।

व्यापारियों को भयभीत करने की कोशिश की जा रही है। ऐसी स्थिति में कोई भी व्यापारी कुशलता से कैसे व्यापार कर पाएगा। इसलिए पुलिस व प्रशासन को सख्ती दिखाते हुए अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार का दायित्व है कि ऐसी कानून व्यवस्था बनाए कि जनता बिना डर के अपने कार्य कर सके लेकिन विडंबना है कि कानून व्यवस्था की तरफ किसी का ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि वे हर पीड़ित के साथ हैं और हरसंभव सहायता के लिए तत्पर हैं।

पिछड़े वर्ग के युवाओं को प्रतिभा दिखाने का मिलेगा अवसर : सुरेंद्र जांगड़ा

टीम एक्शन इंडिया/हिसार : बैकवर्ड समाज को राहत प्रदान करते हुए उनके लिए की गई उल्लेखनीय घोषणाओं का समाजसेवी व सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र जांगड़ा भगाणा ने स्वागत किया है। सुरेंद्र भगाणा का कहना है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पिछड़े वर्गों का आरक्षण 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करके सराहनीय कार्य किया है। इसी भांति क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख करने का प्रशंसनीय काम किया है। उन्होंने कहा कि इन घोषणाओं के क्रियान्वयन से लाखों

लोगों को लाभ मिलेगा।

सुरेंद्र जांगड़ा ने कहा कि बैकवर्ड के नौकरी के खाली पदों यानी बैक लॉग को भी तुरंत प्रभाव से भरने की सरकार ने घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इससे पिछड़ा वर्ग के युवाओं में नव ऊर्जा का संचार होगा और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का भी अवसर मिलेगा। जांगड़ा ने कहा कि भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों व दृष्टिकोण के चलते केवल पिछड़ा वर्ग ही नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि गरीब, मजदूर, किसान, महिलाएं व अन्य सभी वर्ग भाजपा की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है।

हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ने डॉ. एस. के. गक्खर को नया लोकपाल नियुक्त किया

टीम एक्शन इंडिया/राई

हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ने डॉ. एस. के. गक्खर, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद, चंडीगढ़ के उपाध्यक्ष, को नया लोकपाल (ऑनरेरी) नियुक्त करने की घोषणा की है। डॉ. एस. के. गक्खर कुलपति, आईजीयू रेवाड़ी, कुलपति, श्री श्री विश्वविद्यालय, ओडिशा, संस्थापक कुलपति, सीबीएलयू, भिवानी, सदस्य, हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग, चंडीगढ़ आदि पदों का व्यापक अनुभव उन्हें शैक्षणिक प्रशासन और विवाद समाधान की गहरी समझ प्रदान करता है।

पिछले वर्ष लगाये पौधों का जन्मदिन उन्हें नमन करके मनाया -हरीश

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद

बेटी बचाओ अभियान के संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि हमारी संस्था प्रत्येक वर्ष लाडली वृक्षारोपण के तहत शहर में जगह-जगह पौधे लगाती है जोकि इस वर्ष भी जुलाई माह से आरम्भ किया जायेगा। जिसके लिये बेटी बचाओ अभियान की संस्था ने अपने लाडली वृक्षारोपण के नाम से टी-शर्ट बनवाई हैं जिसके पीछे हमारा नारा बेटी बचाओ अभियान का नारा, लाडली वृक्षारोपण से शहर हरा-भरा होगा हमारा भी लिखा हुआ है ताकि पढ? वालों को भी वृक्ष लगाने की प्रेरणा मिले।

आजाद ने कहा कि हमने इस वर्ष एक नई सोच समाज के आगे रखने का प्रयास किया है कि जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था ने अपने हाथों से पिछले वर्ष जो पौधे लगाये हैं उनका प्रथम जन्मदिन उन्हें सिर्फ नमन करके व उनके साथ सेल्फी लेकर मनायें और हमने यह संदेश अपनी टीम के प्रत्येक सदस्य को दिया है कि जिस-जिस सदस्य ने अपने-अपने यहाँ लाडली वृक्षारोपण के अंतर्गत पौधे लगवाये थे वह उनका जन्मदिन उन्हें नमन करके मनायें।

आजाद ने कहा कि पिछले वर्ष मैंने अपने हाथों से अपने सैक्टर 29 के शास्त्री पार्क में 5 पौधे लगाये थे और पूरे वर्ष उनकी देखभाल भी स्वयं की, उन्हें पानी दिया और आज उनमें से 4 पौधे एक वर्ष के हो गये हैं जिनको नमन करके मैने उनका जन्मदिन मनाया। उन्होंने कहा कि जीवन में हर व्यक्ति को

अपने हाथों से कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिये और बच्चों की तरह उनकी देखभाल भी वह स्वयं करेगा तो उसे पौधों से बहुत ज्यादा प्यार हो जायेगा और ज्यादा से ज्यादा लोगों का पौधों से प्यार होना इस धरती की गोद को हरियाली से भरकर पर्यावरण की रक्षा करते हुए माँ भारती की धरा को हरा-भरा बनाने में अपना योगदान करेगा।

आजाद ने कहा कि अपने माता-पिता की याद सैकड़ो वर्षो तक धरती पर बनाये रखने के लिये उनके नाम का पौधा लगायें और उसकी देखभाल करें इससे बड़ा माता-पिता की याद में कोई पुण्य व दान नहीं हो सकता। तो आओ सब मिलकर माँ भारत की धरा को हरा-भरा करने के लिये अपने माता-पिता की याद का पौधा इस वर्ष जरूर लगायें।

उन्होंने कहा कि जिनके माता-पिता जीवीत हैं वह उनके हाथों से पौधा लगवायें और जिनके माता-पिता भगवान के घर चले गये हैं वह उनकी याद में एक-एक पौधा जरूर लगायें

ओशो ध्यान उपवन में योग के आयामों पर ध्यान सत्र आयोजित

ध्यान सत्र

- ओशो ध्यान उपवन में बाहरी योग के साथ भीतरी योग के महत्व को भी समझाया

टीम एक्शन इंडिया/हिसार :

ओशो ध्यान उपवन में बाहरी योग से भीतरी योग तक पर आधारित ध्यान सत्र में साधकों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इस सत्र में योग के विविध आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई। मां सांची ने योगाभ्यास करवाते हुए भीतरी योग की प्रक्रिया को भी साधकों के साथ साझा किया। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग बहुत ही उपयोगी है लेकिन

शरीर से शुरू करके आत्मा तक पहुंचने के योग को समझना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि योग करने से इंसान निरोगी रह सकता है लेकिन अपने भीतर डूबकर अलग अनुभूति करते हुए भीतरी योग को भी समझा जा सकता है। स्वामी संजय ने बताया कि सतगुरु ओशो ने बाहरी व भीतरी योग पर विस्तृत व्याख्यान दिए हैं। उनके प्रवचनों को सुनकर योग को सहज ही समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि ध्यान सत्र के दौरान साधकों को संत ओशो के संचित प्रवचन सुनने का भी अवसर मिला। उन्होंने बताया कि ध्यान सत्र के दौरान साधकों को योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। इसके साथ-साथ ध्यान का अभ्यास करवाते हुए उन्हें भीतरी योग से भी परिचय करवाया गया। स्वामी संजय ने कहा कि संत ओशो समझाते हैं कि योग एक विज्ञान है। योग के लिए सिर्फ प्रयोग करने की शक्ति और सामर्थ्य की आवश्यकता होती है। खोज के साहस की जरूरत है और किसी चीज की कोई जरूरत नहीं है। इसलिए जो व्यक्ति योग के मार्ग को समझ जाता है वह हमेशा उल्लासित व आनंदित जीवन व्यतीत कर सकता है।

स्वामी संजय ने बताया कि सिरसा रोड पर स्थित ओशो ध्यान उपवन में नियमित रूप से ध्यान सत्र व ध्यान शिविर आयोजित किए जाते हैं। यहां हाल ही में बच्चों के लिए पांच दिवसीय शिविर चिल्ड्रन मेडिटेशन व सेलिब्रेशन पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया।

एचसीएस नीतीश सेलपाड़ का बरवाला में जोरदार स्वागत

सफलता

लक्ष्य निर्धारित कर उस पर कड़ी मेहनत करने से ही मिलेगी सफलता: नीतीश सेलपाड़

टीम एक्शन इंडिया/बरवाला

एचसीएस बन कर बरवाला विधानसभा क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले नीतीश सेलपाड़ का कस्बे में पहुंचने पर कस्बावासियों ने भव्य स्वागत किया। नीतीश सेलपाड़ परीक्षा पास करने के बाद पहली बार बरवाला पहुंचे थे। सोमवार देर शाम आतिशबाजी और पुष्प वर्षा के साथ बरवाला वासियों

ने नीतीश सेलपाड़ का हौसला बढ़ाया। इस दौरान लक्ष्मी विहार कॉलोनी में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला सचिव सतीश गिल ने नव चयनित एचसीएस नीतीश सेलपाड़ को पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान सम्मान समारोह में युवाओं को प्रेरित करते हुए एचसीएस नीतीश सेलपाड़ ने कहा कि यदि युवा कुछ करने करने की ठान लें तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं है। बस अपने टारगेट पर फोकस पूरी तरह से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए, इनमें टाइम वेस्ट नहीं करना चाहिए और फोन के माध्यम से शिक्षा संबंधी कोई अच्छी जानकारी ही हासिल करनी चाहिए। युवाओं को सफलता के टिप्स देते हुए कहा कि पढ़ाई करते पूरे फोकस के साथ पढाई करे। इस दौरान एचसीएस नीतीश सेलपाड़ ने कहा कि छात्र-छात्राओं के अगर कम रैंक आए तो उन्हें निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि अच्छे तरीके से परीक्षा की दोबारा तैयारी करके अव्वल अंक हासिल करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता अंजू देवी व पिता नरेश सेलपाड़ को दिया है। एचसीएस ने कहा कि माता-पिता से पूरा सपोर्ट मिला है। ध्यान हो कि हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) की परीक्षा में प्रदेश में छट्टा स्थान प्राप्त करने वाले नीतीश सेलपाड़ इससे पहले आईएएस/यूपीएससी की प्राथमिक परीक्षा के लिए चण्डीगढ़ ही डटे हुए थे। एचसीएस नीतीश सेलपाड़ के बरवाला में अलग-अलग स्थानों पर आयोजित इन सम्मान समारोह में हरियाणा स्टाफ सेलेक्शन कमीशन के नवनियुक्त सदस्य साधुराम जाखड़, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला सचिव सतीश गिल, सुपर माइंड ब्रेन के सीईओ सतीश सरोहा, साधुराम जाखड़, डा. राममेहर सेलपाड़, डा. अमित सेलपाड़, सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

हरियाणा राज्य बाल सरंक्षण आयोग सदस्य ने किया बाल श्रमिक पुर्नवास केन्द्र का निरीक्षण

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन

हरियाणा राज्य बाल सरंक्षण आयोग पंचकूला की सदस्य सुमन राणा ने मंगलवार को बाल श्रमिक पुर्नवास केन्द्र का निरिक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्र में बच्चों की पढ़ाई के संदर्भ में बच्चों से बातचीत की व बच्चों को स्नेह पूर्वक आगे बढने.के लिए कुछ जरूरी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि कामयाब होने के लिए हमें बचपन से ही प्रयास करने की जरूरत है।

बच्चों को अध्ययन शील होना चाहिए। उन्होंने केन्द्र में लाइब्रेरी बनवाने के भी निर्देश दिए।

आयोग सदस्य ने कहा कि गर्मी के मौसम में आंखों से संबंधित अनेक बीमारियों आती है। उन पर ध्यान देने के लिए जरूरत है। इसके लिए बच्चों की आंखो का चैकअप कराना चाहिए। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए केन्द्र में जो खेलों का समान उपलब्ध है उसमें बढ़ोतरी करने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ जिला बाल संरक्षण अधिकारी निधि गुप्ता साथ रहें।

हरियाणा सरकार

"हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश के हर वंचित और जरूरतमंद को घर जैसी मूलभूत सुविधा वरीयता के आधार पर उपलब्ध हो सके। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार पात्र लाभार्थियों को प्लॉट वितरण कर सहायता प्रदान कर रही है।"

- नायब सिंह

"हमारी सरकार ने गरीबों के लिए आवास की समुचित सुविधाएं सुनिश्चित की हैं। तेज गति से पक्के मकान बनाए जा रहे हैं।"

- नरेन्द्र मोदी

मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना

अब हरियाणा में होगा सबके घर का सपना पूरा

प्रथम चरण में हरियाणा के 14 शहरों में ड्रॉ के माध्यम से करीब 15,250 प्लॉट का आवंटन

- जगाधरी
- रोहतक
- रेवाड़ी
- पलवल
- सिरसा
- झज्जर
- चरखी दादरी
- गोहाना
- पिंजौर
- करनाल
- महेन्द्रगढ़
- सफीदों
- फतेहाबाद
- जुलाना

- एक मरला प्लॉट मात्र एक लाख रूपये में
- मकान निर्माण हेतु 'प्रधानमंत्री आवास योजना – शहरी' के अंतर्गत 1.5 लाख रूपये तक की वित्तीय सहायता का प्रावधान
- बैंकों/वित्तीय संस्था से घर निर्माण के लिए कम ब्याज पर 6 लाख रूपये तक के गृह ऋण की सुविधा का प्रावधान

राज्य स्तरीय कार्यक्रम

मुख्य अतिथि

श्री नायब सिंह

मुख्यमंत्री, हरियाणा

गरिमामयी उपस्थिति

श्री सुभाष सुधा

राज्य मंत्री
सभी के लिए आवास (स्वतंत्र प्रभार), हरियाणा

दिनांक – 26 जून, 2024 । समय – प्रातः 10 बजे

स्थान – टैगोर ऑडिटोरियम, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

अधिक जानकारी के लिए

संपर्क करें : 0172-3520001
अथवा
वेबसाइट www.hfa.haryana.gov.in पर जाएं

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

हाऊसिंग फॉर ऑल विभाग, हरियाणा

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana